

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो, नगालैंड के उप मुख्यमंत्री टीआर जेलियांग ने मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 320 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# पोल: महाराष्ट्र में बनेगी महायुति सरकार

● एग्जिट पोल: महाराष्ट्र के 6 में से 5 एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन की सरकार, कांग्रेस ने पोल्स को नकारा

**मतदान संपन्न**

- झारखंड में 4 पोल ने भाजपा सरकार का अनुमान जताया
- मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र विधानसभा की सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान सम्पन्न हुआ। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन सत्ता में बने रहने की उम्मीद कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन मजबूत वापसी का लक्ष्य लेकर चल रहा है। मतदान के बाद एग्जिट पोल आ गए हैं। महाराष्ट्र में MATRIZE



का एग्जिट पोल के अनुसार, महायुति को 150-170, एमवीए को 110-130 और अन्य को 8-10 सीटें मिलने का अनुमान है।

**Chanakya Strategies**
एग्जिट पोल के अनुसार, महराष्ट्र में महायुति को 152 से 160, एमवीए गठबंधन को 130 से 138 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि अन्य के खाते में 6 से 8 सीटें जाने का अनुमान है।

Poll Diary एग्जिट पोल के अनुसार, महराष्ट्र में महायुति को 150 से 170, एमवीए गठबंधन को 110 से 130सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि अन्य के खाते में 8 से 10 सीटें जाने का अनुमान है।

**महाराष्ट्र में 58 और झारखंड में 67 फीसदी से अधिक मतदान**
महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों और झारखंड की 38 विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।
मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित रहा।

## उपचुनाव: भाजपा को सात सीटें मिलने का अनुमान



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: यूपी** विधानसभा चुनाव और यूपी समेत चार राज्यों की 15 विधानसभा सीटों पर आज उपचुनाव के लिए वोटिंग हुई है। यूपी में नौ, उत्तराखंड (एक सीट), पंजाब (चार सीट) और केरल (एक सीट) में उपचुनाव के लिए मतदान हुआ है। इसके साथ ही महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए वोट डाले गए हैं। खत्म हुए मतदान के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

**यूपी उपचुनाव: भाजपा+ पांच, सपा को चार सीट**
जी न्यूज
यूपी उपचुनाव में जी न्यूज के एग्जिट पोल के अनुसार, भाजपा+ को पांच सीटें मिलने का अनुमान है, वहीं सपा को चार सीटें मिल रही हैं।
टाइम्स नाउ जेवीसी के एग्जिट पोल के अनुसार, भाजपा+ को छह सीटें मिलने का अनुमान है, वहीं सपा को तीन सीट मिल रही हैं।

उप्र में उपचुनाव के दौरान शिकवा-शिकायतें मिलने पर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कुल सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

# शराब घोटाला: अरविंद केजरीवाल पहुंचे हाईकोर्ट



**चुनौती दी**

- दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी घोटाले के मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट केजरीवाल की याचिका पर कल यानी 21 नवंबर को सुनवाई करेगा। केजरीवाल ने याचिका दायर कर कहा है कि ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई जाए। 10 जुलाई को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया था। 17 मई को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को आरोपित बनाया गया था। इस मामले में केजरीवाल, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और के. कविता को सुप्रीम कोर्ट नियमित जमानत दे चुका है। ईडी ने 21 मार्च को देर शाम केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को 01 जून तक की अंतरिम जमानत दी थी जिसके बाद केजरीवाल ने 2 जून को सरेंडर किया था। केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।
ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें बीआरएस नेता के. कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार, अरविंद सिंह को आरोपित बनाया गया है। कोर्ट ने 29 मई को छठी पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

## यातायात 'रडार' उपकरण सत्यापन के लिए नए नियम लाने की तैयारी में सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सरकार यातायात रडार उपकरणों के अनिवार्य सत्यापन तथा मुहर लगाने संबंधी नए नियमों को लागू करने की तैयारी में है। नए नियम का उद्देश्य देशभर में सड़क सुरक्षा में सुधार करना है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा को मजबूत करने को लेकर वाहनों की गति मापने में इस्तेमाल होने वाले रडार उपकरणों के लिए नियमों को लागू करेगी। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न परामर्श के दौरान प्राप्त सुझावों पर गौर किया गया और नियमों को शीघ्र ही अधिसूचित किया जाएगा। कानूनी माप विज्ञान प्रभाग द्वारा तैयार मसौदा नियमों के मुताबिक सभी रडार उपकरणों को तैनाती से पहले सत्यापन से गुजरना होगा और आधिकारिक मुहर प्राप्त करनी होगी। नए नियम विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के तहत आते हैं। ये सड़कों पर वाहनों की गति मापने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण के लिए लागू होंगे।

## ई-पाठ्य सामग्री तैयार करने के दिशानिर्देश जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्र** सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि एनसीईआरटी ने दिव्यांग बच्चों के लिए ई-सामग्री तैयार करने के सिलसिले में दिशानिर्देश जारी किये गए हैं, जो स्कूली शिक्षा के लिए लागू होंगे। सरकार ने कहा कि एनसीईआरटी ने 2022-2023 के दौरान कुछ राज्यों में शिक्षकों और अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं।

**केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया**
केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है, जो जावेद आबिदी फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में दिव्यांग छात्रों की ऑनलाइन कक्षाओं में अन्य छात्रों के समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। यह मामला मंगलवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया।

### दिल्ली: दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का निर्णय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार दूषित हो रही हवा ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। इससे दिल्ली सरकार के हाथ-पांव फूले हुए हैं। अब दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का निर्णय लिया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक्स पर लिखा, " प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का लिया निर्णय।

## हाईकोर्ट से पी. चिदंबरम-कार्ति को बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** हाई कोर्ट से पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम और उनके पुत्र कार्ति चिदंबरम को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने बुधवार को एयरसेल-मैक्सिस डील के मनी लांड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने ईडी को नोटिस कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2025 में होगी। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम और उनके पुत्र कार्ति चिदंबरम ने राऊज एवेन्यू कोर्ट की ओर से चार्जशीट पर संज्ञान लेने के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। चिदंबरम की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एन. हरिहरन ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने अभियोजन चलाने की अनुमति मिले बिना ही चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री लोकसेवक थे, ऐसे में अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 197(1) के प्रावधानों के तहत अभियोजन चलाने के लिए अनुमति की जरूरत है।

### हरियाणा में 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म टैक्स फ्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: ह**रियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ आई टी पार्क में स्थित डीटी मॉल में गत सांय प्रदेश के मंत्रियों व विधायको के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को देखा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को हरियाणा में टैक्स फ्री करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह फिल्म 27 फरवरी, 2002 को गोधरा (गुजरात) में हुए साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की घटना पर आधारित है। इसमें घटना की महत्वपूर्ण सच्चाई को दिखाया गया है । फिल्म निमार्ता ने इस मुद्दे को बहुत ही संवेदनशीलता और गरिमा के साथ संभाला और यह फिल्म हमें आत्ममंथन करने के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फिल्म के माध्यम से 59 निर्दोष पीड़ितों को भी अपनी बात कहने का मौका मिला है। यह फिल्म वास्तव में उन 59 निर्दोष पुरूष, महिलाओं व बच्चों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। फिल्म के निमार्ता ने फिल्म के माध्यम से इस घटनाक्रम की सच्चाई को देश के सामने उजागर किया, जिस घटना से पूरा देश अनभिज्ञ था। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिड्ढा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## 'श्रीभूमि' नाम से जाना जाएगा करीमगंज

**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली: **असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि करीमगंज जिले का नाम बदलकर श्रीभूमि रखा जाएगा। 19 नवंबर को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में अहम फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि 100 साल से भी पहले कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर ने असम के आधुनिक करीमगंज जिले को श्रीभूमि (मां लक्ष्मी की भूमि) के रूप में वर्णित किया था। असम कैबिनेट ने हमारे लोगों की इस लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा



कर दिया है। इस बीच झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह-प्रभारी सीएम सरमा प्रचार खत्म होने के बाद असम लौट आए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पिछले चार महीनों में झारखंड

**फैसला**

- 100 साल से भी पहले टैगोर ने करीमगंज जिले को श्रीभूमि (मां लक्ष्मी की भूमि) के रूप में वर्णित किया था

वास्तव में मेरे लिए दूसरे घर जैसा महसूस हुआ है। हालांकि इस दौरान मैंने कुछ विरोधी बनाए होंगे, लेकिन इस राज्य में मैंने जो मित्र बनाई हैं, उनकी तुलना में यह संख्या कहीं अधिक है।

**रिपोर्ट में दावा** रूस ने यूक्रेन के हमले की पुष्टि तो की पर नुकसान पर चुप्पी साध ली

## यूक्रेन ने एटीएसीएमएस से रूस में मचाई तबाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**कीव:** यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने अब तक के सबसे बड़े आक्रमण में बड़ा सामरिक नुकसान पहुंचाने का आज दावा किया। रूस ने यूक्रेन के हमले की पुष्टि तो की पर नुकसान पर चुप्पी साध ली। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ की रिपोर्ट में दावा किया गया कि यूक्रेन की सेना ने 19 से 20 नवंबर तक रूस के 1,690 सैनिकों को मार गिराया। इस बीच अमेरिकी ने कीव में अपने दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। सरकारी न्यूज एजेंसी आरबीसी यूक्रेन ने सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ की रिपोर्ट को साझा किया।



इसमें दावा किया गया कि इसके अतिरिक्त 91 ड्रोन, सैन्य इकाइयों के 100 वाहनों और ईंधन टैंकों को नष्ट कर दिया गया।
कल शाम से आज सूरज निकलने तक मोर्चे पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच 130 बार संघर्ष हुआ। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कुर्स्क क्षेत्र में दुश्मन के 20 से अधिक प्रयासों को विफल कर दिया।

**रूस आक्रामक मुद्रा में, परमाणु हमले की चेतावनी दी**
यूक्रेन ने रूस के खिलाफ हमले में प्रयोग के लिए अमेरिका से मिली लंबी दूरी की मिसाइलें (एटीएसीएमएस) दागकर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की चिंता बढ़ा दी। पुतिन ने आनन-फानन में परमाणु हथियारों का प्रयोग करने की चेतावनी देकर देश की संप्रभुता की रक्षा करने का संकल्प दोहराया है।

**तकनीक**

- यूक्रेन की सेना ने 19 से 20 नवंबर तक रूस के 1,690 सैनिकों को मार गिराया, पुतिन की चिंता बढ़ी



ACTION INDIA
नई दिल्ली, 21 नवंबर 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में घर का सपना होगा पूरा

**भूखंड योजना**

▶▶ स्कीम लॉन्च करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन ई-ऑक्शन के लिए आरक्षित मूल्य न होने के कारण रुकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में रहने का सपना अब जल्द पूरा हो सकेगा। आईआईटीजीएनएल की ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना जल्द लांच होगी। ग्रुप हाउसिंग के चार भूखंडों की स्कीम में फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) 5.5 होगा। आईआईटीजीएनएल की बोर्ड बैठक में 2024-25 की भू आवंटन की दरें तय हो चुकी हैं। अब स्कीम लॉन्च करने के निर्देश दिए गए हैं।

**जमीन के रेट पर लगी मुहर:** दरअसल, आईआईटीजीएनएल की तरफ से बिल्डर भूखंडों की स्कीम लॉन्च करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन ई-ऑक्शन के लिए आरक्षित मूल्य न होने के कारण रुकी हुई थी। आईटीजीएनएल की बोर्ड बैठक में रेट पर मुहर लग गई। टाउनशिप में 44,400 रुपये प्रति वर्ग मीटर आरक्षित मूल्य तय किया गया है।

**भूखंड का एरिया है कितना ? :** देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप होने के चलते एनसीआर व देश के कई बड़े बिल्डर ग्रुप हाउसिंग ने निवेश करने की इच्छा जताई है। आईआईटीजीएनएल की निदेशक प्रेरणा सिंह ने बताया कि चार ग्रुप हाउसिंग भूखंडों में से एक भूखंड 34500 वर्ग मीटर, दूसरा भूखंड 54400, तीसरा भूखंड 70000 और चौथा भूखंड 94000 वर्ग मीटर क्षेत्र का है।

**चारों भूखंड की कीमत 1123 करोड़:** आरक्षित मूल्य के आधार पर इन चारों भूखंडों की कुल कीमत लगभग 1123 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इन भूखंडों का आवंटन ऑनलाइन नीलामी के जरिए होगा। इसके साथ ही आईआईटीजीएनएल बोर्ड ने 2024-25 के लिए उद्योगों, वाणिज्यक संपत्तियों की दरें भी तय कर दी हैं।

**इंडस्टी और कमर्शियल जमीन के रेट अलग:** औद्योगिक भूखंडों की दर 23,900 रुपये प्रति वर्ग मीटर और वाणिज्यक भूखंडों की दर 75,400 रुपये प्रति वर्ग मीटर होगी। बैठक में आईआईटीजीएनएल के प्रबंध निदेशक एनजी रवि कुमार, निदेशक प्रेरणा सिंह, श्रीलक्ष्मी वीएस, एनआईसीडीसी के प्रबंध निदेशक रजत कुमार सैनी, कंपनी सेक्रेटरी पतंजलि दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## गाजियाबाद में फूड सप्लीमेंट बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र की न्यू विकास नगर कॉलोनी में मंगलवार देर रात कोतवाली पुलिस व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर फूड सप्लीमेंट पाउडर बनाने वाली फैक्ट्री का पदार्फाश किया है।

**संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज :** छापेमारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में पाउडर बनाने वाली सामग्री बरामद हुई है। बिना अनुमति के फैक्ट्री चलाने पर संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लैरी सैमुअल पुत्र सैमुअल निवासी सेंट जॉर्ज जैकोबेट सैम, ऑर्थोडॉक्स पारिह, निलोठी एक्सटेंशन, चंदर विहार, नई दिल्ली** ने एमएसीटी सं. 919/22, एफआईआर सं. 641/24, **अंतर्गत धारा 279/304ए आईपीसी, थाना तिलक नगर, पिश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लैरी सैमुअल** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लैरी सैमुअल** फरार हो गया/गई है (या उक्त नोटिस की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एमएसीटी सं. 919/22, एफआईआर सं. 641/24, **अंतर्गत धारा 279/304ए आईपीसी, थाना तिलक नगर, जिला पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **लैरी सैमुअल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.12.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सचिन गुप्ता**
न्यायाधीश एमएसीटी (पश्चिम जिला)-02
कक्ष संख्या 407, एक्सटेंशन ब्लॉक
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/15302/WD/2024**
**(Court Matter)**

### PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF ACCUSED PERSON

**See Section 82 Cr. P.C.**

Whereas complaint has been made before me that accused person(s) **(1) Sandeep Bhardwaj, S/o:** Hukum Singh, **(2) Virender @ Adarsh, S/o:** Ashok Kumar, **R/o:** 45/1109, Kalkaji, DDA Flats, New Delhi & G-10/11, Vishwakarma Colony, Pul Prahladpur, **New Delhi (3) Shefali Virender Verma D/o** Virender Verma **R/o** 45/1109, Kalkaji, DDA Flats, **New Delhi** have committed (or is suspected to have committed) the offence in **FIR No. 404/2019, U/s 420/34 IPC, Dt.16/12/2019 P.S.: Neb Sarai, New Delhi.** and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said accused person(s) **(1) Sandeep Bhardwaj (2) Virender @ Adarsh (3) Shefali Virender Verma,** cannot be found and whereas it have been shown to my satisfaction that the said accused person(s) **(1) Sandeep Bhardwaj (2) Virender @ Adarsh (3) Shefali Virender Verma,** have absconded (or an concealing themself to avoid the service of the said warrant). Proclamation is hereby made that the said accused person(s) **(1) Sandeep Bhardwaj (2) Virender @ Adarsh (3) Shefali Virender Verma,** of **FIR No. 404/2019, U/s 420/34 IPC, Dt.16/12/2019 P.S.: Neb Sarai, New Delhi.** are required to appear before this Court to answer the said complaint on or before **Within 30 days after publication**

**By Order**
**Ms. Nidhi Singh**
**Judicial Magistrate**
**First Class-03 (South)**
**Room No. 212 Saket Court, New Delhi**

DP/15223/SD/2024
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि अभियुक्त आरोपी **करण**, पुत्रः राजू, **पताः** मकान नंबर 124, धोबी घाट, केबल वाला संगम पार्क के पास, राणा प्रताप बाग, **दिल्ली। FIR No. 225/2019 U/s 25/54/59 Arms Act पुलिस थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया हैं), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपनेआप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **करण FIR No. 225/2019 U/s 25/54/59 Arms Act पुलिस थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.02.2025** को या उससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री –हिमांशु सहलोथ**
एल.डी. न्यायिक दंण्डाधिकारी
प्रथम श्रेणी–03, कोर्ट नंबर 213
(उत्तरी), रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/15207/NW/2024**
**(Court Matter)**

### उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः** 17/2024/आर.एस./जे.एच.एस. **दिनांकः** 18.11.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी12-2024-25 | **निविदा मूल्यः** ₹ 7526748.00
**कार्य का विवरणः** विद्युत लोको शेड, झाँसी के डब्ल्यूएजी-5 लोकोमोटिव के कास्ट स्टील को-को बोगी फ्रेम की मरम्मत/पुनर्निर्माण/पुनर्वास और परीक्षण।
**बयाना राशिः** ₹ 150500.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः 16.12.2024**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह

**निविदा सं:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी14-2024-25 | **निविदा मूल्यः** ₹ 2956512.00
**कार्य का विवरणः** विद्युत लोको शेड, झाँसी के हिटाची ट्रैक्शन मोटरों की डिस्मैन्टलिंग, क्लीनिंग व माइनर अटैन्शन।
**बयाना राशिः** ₹ 59100.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः 16.12.2024**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 24 माह

**निविदा सं:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी16-2024-25 | **निविदा मूल्यः** ₹ 22726800.00
**कार्य का विवरणः** विद्युत लोकोमोटिव के हिटैची ट्रैक्सन मोटर का इलेक्ट्रिकल रिपेयर करना।
**बयाना राशिः** ₹ 263600.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः 16.12.2024**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह

निविदाकार निविदा **दिनांक** 16.12.2024 को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेंगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें।
**2004/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना **Corrigendum - 2**

निविदा सूचना क्रमांकः **NR/Proj/UMB/Advt./01** तारीखः **19.11.2024**
निविदा संख्याः **NR/Proj/UMB/25001**, उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन (164 आरकेएम/ 328 टीकेएम) के सानेहवाल–जालंधर–अमृतसर खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग की निविदा बंद/खुलने की तिथि 05.12.2024 निर्धारित की गई थी। **प्रशासनिक कारणों से खुलने/बंद होने की संशोधित तिथि इस प्रकार होगी:**

| निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|
| 27.12.2024 at 15:00 Hrs. | 27.12.2024 at 15:30 Hrs. |

अन्य सभी शर्ते यथावत रहेंगी। **3571/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी नोटिस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र.स. | कैटगरी एवं विवरण | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाला मंडल के कालका स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन हेतु ठेका | UMB-RCR-KLK0124 | 02.12.2024 को 11:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें। **3569/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उप मुख्य अभियंता निर्माण, सीएसबी-II, उत्तर रेलवे, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करता है,निविदा समापन तिथि 12.12.2024 को 15.00 बजे। मूल/संशोधित निविदा की अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। और नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**निविदा** : (ई–निविदा दो पैकेट) (खुली निविदा)।
**निविदा सूचना संख्या** : 137-W-Dy.CE-C-II/CSB दिनांक 19.11.2024
**कार्य** : दिल्ली डिवीजन के गाजियाबाद (GZB) - सहारनपुर (SRE) सेक्शन एल–एक्सिंग नंबर पर 27 किमी 68/5-7 पर, एल–एक्सिंग नंबर 28 पर किमी 69/19-21 पर और एल–एक्सिंग नंबर 29 पर किमी 70/17-19 में रनिंग रेलवे ट्रैक के नीचे सुरक्षा प्लेट के साथ बॉक्स पुशिंग विधि द्वारा सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) का निर्माण।
**अनुमानित लागत** : रु. 21,29,87,854 (रु. इक्कीस करोड़ उन्तीस लाख सत्तासी हजार आठ सौ चव्वन मात्र।
**सुरक्षाः राशि** : रु. 12,14,900 (रु. बारह लाख चौदह हजार नौ सौ मात्र)।
**पूर्णता अवधि** : 24 माह।
**निविदा की उपलब्धता** : निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर दिनांक 12.12.2024 तक अपलोड किए जा सकते हैं।
**निविदाएं अपलोड करने की तिथि** : 19.11.2024
**निविदा समापन तिथि** : 12.12.2024 को 15.00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 19.11.2024 को 15.00 बजे।

**3568/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दिल्ली–हरियाणा का सिंघू बार्डर पूरी तरह से खुलवाने की करी मांग

**गन्नौर।** अंबाला में धरने पर बैठे किसानों की वजह से दिल्ली हरियाणा का सिंघू बार्डर अभी पूरी तरह से नहीं खोला गया है। जिस वजह से सिंघु बार्डर में आए दिन वहां जाम लगना आम बात हो गई है। जाम लगने की वजह से बड़ी औद्योगपतियों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। इस नुकसान से बचने के लिए एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को पत्र लिख कर सिंघु बार्डर को पूरी तरह से खोले जाने की मांग की थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक ने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 90 प्रतिशत उद्योगपति दिल्ली से आते हैं।

## उत्तराखंड के दो युवकों की मौत, आधी रात को सामने आया कोहरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़ : गढ़मुक्तेश्वर** में बीती रात कोतवाली क्षेत्र में उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल निवासी राहुल और अतुल रावत की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल निवासी राहुल (25वर्ष) और अतुल रावत (27वर्ष) दिल्ली में काम करते थे, जो मंगलवार की रात दिल्ली से अपने गांव जा रहे थे। रात करीब दो बजे उनकी बाइक कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव अठसैनी के निकट पहुंची, जहां घना कोहरा होने के कारण दोनों आगे जा रहे बंद बॉडी के कैंटर को नहीं देख पाए। तेज रफ्तार बाइक कैंटर से टकरा गई, हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया, मृतकों के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उनकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी, सूचना मिलते ही युवकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजन हापुड़ मोर्चरी पहुंच गए हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर घना कोहरा होने से हादसा हुआ है। शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है। मृतकों के परिजन भी आ चुके हैं।

## मतदान केंद्र पर बढ़ी रफ्तार, विधायक से लेकर पहली बार के वोटर तक पहुंचे



**टीम एक्शन इंडियाः**
**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश में बुधवार को उपचुनाव के लिए मतदान हो रहा है। गाजियाबाद की एक विधानसभा सीट पर मतदान जारी है। मतदान सुबह सात बजे से शुरू हो चुका है, जो शाम तक चलेगा। गाजियाबाद में मतदान के लिए वोटर घरों से निकल कर बूथ केंद्र पर जा रहे हैं। लेकिन कैला भट्टा स्थित एक मतदान केंद्र पर बूथ खाली पड़े हैं। गाजियाबाद के चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल में मतदान चल रहा है। मतदान के बाद स्याही का वृद्ध महिला सतबीर गोस्वामी ने निशान दिखाया। चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल में दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनाया गया है। अकबरपुर बहरामपुर स्थित शन शाइन स्कूल में कड़ी सुरक्षा में मतदान चल रहा है।

गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक के जीडीए हायर सेकेंडरी स्कूल में लोग वोट डालने पहुंचे। यहां कड़ी सुरक्षा में मतदान चल रहा है। गाजियाबाद के चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल में दिव्यांग मतदान केंद्र बना है। यहां व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। 86 वर्षीय नरेंद्र महेश्वरी को व्हीलचेयर पर ले जाया गया। मतदान के बाद वो उंगली पर स्याही का निशान दिखाते हुए दिखे। कैला भट्टा स्थित मतदान केंद्र में बूथ खाली पड़े हैं। गाजियाबाद के चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल में बने दिव्यांग बूथ पर बसपा प्रत्याशी पीएन गर्ग ने परिवार के साथ मतदान किया। मतदान के उन्होंने उंगली पर स्याही का निशान दिखाया। गाजियाबाद की सदर सीट पर हो रहे उपचुनाव में सुबह आठ बजे तक मतदान की रफ्तार काफी सुस्त रही। सुबह नौ बजे तक 5.36 फीसदी मतदान हुआ।

नौ बजे के बाद बूथों पर मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। 11 बजे तक 12.87 फीसदी मतदान हो चुका है। गाजियाबाद विधानसभा सीट पर 119 मतदान केंद्रों पर मतदान चल रहा है। ज्यादातर लोगों का कहना है कि वह विकास और शिक्षा के मुद्दे पर वोट कर रहे हैं। कुल 14 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## गाजियाबाद में फिर मुठभेड़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में साहिबाबाद के शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में मंगलवार मध्य रात्रि पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। गोली लगने के बाद एक बदमाश घायल हो गया।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# प्रदूषण: 50 फीसदी कर्मचारी घर से करेंगे काम- राय

## अब दिल्ली सरकार के कार्यालय 50 प्रतिशत कर्मचारी क्षमता से खुलेंगे जबकि 50 प्रतिशत कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेगें: गोपाल राय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** में बुधवार की सुबह थोड़ी राहत की खबर लेकर आई। वायु गुणवत्ता सूचकांक 500 से थोड़ा सा नीचे आ गया है। लेकिन अभी भी अति गंभीर श्रेणी में है। जबकि बीती सुबह एक्यूआई 500 पर था। शहर में कोहरा छा दिखा। मौसम विभाग ने भी ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। सफदरजंग इलाके में दृश्यता 500 मीटर दर्ज हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दृश्यता कम रही। जिसके कारण 119 उड़ानें देरी से हैं और 6 रद्द हो गई हैं। जहरीली हवा के कारण स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया है। शहर में निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। क्योंकि ग्रेप-4 लागू है। वहीं दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सरकार के 50 फीसदी कर्मचारियों के लिए घर से काम करने की घोषणा की है।

**दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट**
मौसम विभाग की मानें तो कोहरे की यह स्थिति 19 व 20-21 नवंबर को भी रहेगी। विभाग ने 19 को इसके लिए ऑरेंज अलर्ट और 20-21 के येलो अलर्ट जारी किया है। दरअसल पश्चिमी विक्षोभ के जाने के बाद रविवार से हल्की ठंड का अहसास हुआ और वह सोमवार को भी जारी रहा। इससे दिन के तापमान में कमी आई। अभी 23 से 25 नवंबर के बीच एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देगा, लेकिन इसका असर पहाड़ों तक ही सीमित रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के हल्के प्रभाव से 20 व 21 नवंबर को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक पहुंच सकता है। लेकिन उसके बाद फिर से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। वहीं गोपाल राय ने बताया कि अब दिल्ली सरकार के कार्यालय 50 प्रतिशत कर्मचारी क्षमता से खुलेंगे जबकि 50 प्रतिशत कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेगें। आवश्यक सेवाओं वाले 18 विभागों में वर्क फ्रॉम होम लागू नहीं होगा। इसके इम्प्लीमेंटेशन के लिए पर्यावरण विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग और औद्योगिक संघ फिक्की , एसोचैम और सीआईआई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली सचिवालय में हुई। प्राइवेट संस्थानों के लिए भी 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम करने के लिए निर्देश जारी किया जा रहा है।





### प्राइवेट दफ्तर अपने समय सारिणी में भी बदलाव करें: गोपाल राय

**गोपाल** राय ने कहा कि पूरे उत्तर भारत में प्रदूषण का स्तर तीन दिन से जो बढ़ रहा था आज उसमें थोड़ा सुधार देखने को मिला है। दिल्ली में आप सरकार प्रदूषण कम करने के लिए लगातार काम कर रही है। एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक में इडंस्ट्री एसो, और सरकारी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। दिल्ली सरकार के अन्दर जितने दफ्तर हैं। उसमें इमेरजैंसी सर्विस को छोड़कर बाकी विभाग में 50 फीसदी वर्क फ्रॉम होम किया जाएगा। इसके साथ साथ दिल्ली में जो प्राइवेट कंपनी , इंडस्ट्री है उन्हें भी निर्देश दिया जा रहा है कि वो भी 50 फीसदी स्टाफ के साथ वर्क फ्रॉम होम करे। हमने ये सुझाव दिया है कि प्राइवेट दफ्तर अपने समय सारिणी में भी बदलाव करें। दिल्ली सरकार ने शटल बस सर्विस शुरू की है , ऐसे हो प्राइवेट कंपनी भी शटल बस सर्विस शुरू करे।

**ग्रैप लागू होने के बावजूद नहीं दिख रहा असर:** बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम को लेकर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू है। इसके बावजूद प्रदूषण की कमी में कोई राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में लोग दमघोंटू हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। जिम्मेदार एजेंसियां व विभाग बेखौफ है। निर्माण से लेकर विध्वंस कार्य में प्रतिबंध होने के बावजूद निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# युवक की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से मिलीं सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सुंदर** नगरी में पिछले दिनों दिनदहाड़े 28 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई थी। बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मृतक के परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की ओर से मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया। परिवार से मिलने के बाद आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार के पास दिल्ली में सिर्फ एक काम है - दिल्ली के लॉ एंड ऑर्डर को संभालना। वो इसमें पूरी तरह से फेल है। शहर में सरेआम गोलियां चलना, उगाही और हत्या रोजमर्रा की बात हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चुनावी रैलियों में व्यस्त हैं। अमित शाह को राजनीति करने की बजाय दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को सम्भालने की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। दिल्ली क्राइम कैपिटल बन चुकी है। उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर को नंदनगरी के सुंदर नगरी इलाके में अल्पसंख्यक समुदाय के दो लड़कों ने एक लड़की से छेड़छाड़ की थी।

**मदद**

▸▸ सीएम ने दिल्ली सरकार की ओर से मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया

# फायर की गाड़ी हादसे की जगह पहुंचने के लिए रास्ता खोजती रही: बनर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** एलाइंस और पीपुल्स राइट्स (एपीआर) की संयोजक रीना बनर्जी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि दक्षिणी दिल्ली के नेबसराय की झुग्गियों में सोमवार 2:00 बजे देर रात लगी आग में मां-बेटी की मौत के बाद प्रशासनिक व्यवस्था की लापरवाही सामने आई है। झुग्गी बस्ती में 13 साल की बच्ची रुबीना और 42 साल की मां फिरोजा की मौत का कारण वहां एंबुलेंस का समय पर नहीं पहुंचाना और दिल्ली दमकल की गाड़ियों का इंक्रोचमेंट की वजह से देर से पहुंचना रहा। प्रेस कांफ्रेंस में संगठन एलाइंस और पीपुल्स राइट्स (एपीआर) की संयोजक रीना बनर्जी, संतलाल, शांतनु और पंकज सिंह मौजूद रहे। रीना बनर्जी ने कहा कि नेबसराय की घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यहाँ की समस्या के लिए स्थानीय सांसद, विधायक, निगम पार्षद के साथ जिलाधिकारी, एसडीम डीडीए, डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (साउथ) सहित दिल्ली महिला आयोग को कई बार पत्र लिखा गया, लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अगर समय पर कार्रवाई होती तो मां बेटी की जान बच सकती थी।

संगठन ने दिल्ली सरकार से इस परिवार को मुआवजा देने की मांग की है साथ ही दिल्ली जैसे शहर के एक गांव में इस तरह की घटनाएं आगे नहीं हो इसके लिए समुचित कार्रवाई करनी चाहिए।




# रानी गार्डन में आग लगने से एक दर्जन झुग्गियां राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली की गीता कॉलोनी के रानी गार्डन इलाके की झुग्गी बस्ती में बीती देर रात अचानक आग लग गई। आग ने झुग्गी के साथ ही एक कबाड़ गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची आठ दमकल गाड़ियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार बीती आधी रात 12.06 बजे फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल अधिकारी यशवन्त सिंह मीना टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# घोटाले की रिश्वत से सजाया गया शीश महल: विजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के तत्कालीन आधिकारिक आवास 6, फ्लैग स्टाफ रोड में लगवाए गए आरामदायक संसाधनों की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग करते हुए उपराज्यपाल को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि केजरीवाल को 2022 में दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर लोक निर्माण विभाग ने जो फर्नीचर आदि संसाधन उपलब्ध करवाये और 2024 में उनके पद से हटने के बाद केजरीवाल ने जो सामान छोड़ा, दोनों में भारी असमानता है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पीडब्ल्यूडी द्वारा 2022 में जो सामान बंगले में उपलब्ध करवाया था और 2024 में केजरीवाल द्वारा बंगला खाली किये जाने के बाद पीडब्ल्यूडी ने जब इन्वेंटरी की लिस्ट बनाई तो पाया कि वहां उपलब्ध सामान उनके द्वारा उपलब्ध करवाये गए सामान से बहुत ज्यादा था। लग्जरी और महंगी टायलेट सीट्स से लेकर महंगे वाश बेसिन तक, रेकलाइनिंग सोफों से लेकर महंगे पर्दों तक, महंगे गलीचों से लेकर बेशकीमती टीवी सेट्स और रेफ्रिजरेटर तक जैसी आइटम्स एक्स्ट्रा थीं, जिन्हें पीडब्ल्यूडी ने उपलब्ध नहीं करवाया था। गुप्ता ने कहा कि ऐसे में सवाल उठता है कि यदि पीडब्ल्यूडी ने यह सामान नहीं दिया तो फिर वो कौन-कौन लोग थे, जिन्होंने भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े किये गए केजरीवाल के इस शीश महल को इन भव्य आइटम्स से नवाजा। जाहिर है केजरीवाल द्वारा शराब घोटाले में दिये गये फायदे के बदले शराब माफिया ने केजरीवाल को भव्य विलासिता के तमाम संसाधन उपलब्ध करवा कर उनकी शान में अपने पलक पांवड़े बिछा दिए। गुप्ता ने कहा कि 2022 में जारी पीडब्ल्यूडी के दस्तावेज बताते हैं कि 2022 के बाद उसने शीश महल में कोई सामान उपलब्ध नहीं करवाया। इसका मतलब 2022 से लेकर 2024 तक केजरीवाल ने जिन लोगों को शराब नीति से उपकृत किया, उनके संसाधनों पर ही राजमहल जैसी सुविधाओं का उपभोग किया।



**जांच की मांग**

▸▸ आरामदायक संसाधनों की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग करते हुए एलजी को पत्र लिखा है

# सांसद रशीद की नियमित जमानत पर फैसला आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर टेरर फंडिंग मामले के आरोपित बारामूला के सांसद रशीद इंजीनियर की नियमित जमानत याचिका पर फैसला फिर टाल दिया। एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने याचिका पर अब 21 नवंबर फैसला सुनाने का आदेश दिया। 21 नवंबर को ही कोर्ट इस बात पर भी फैसला सुनाएगा कि इस मामले को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर किया जाए या नहीं।

उल्लेखनीय है कि 19 नवंबर को कोर्ट ने याचिका पर फैसला आज के लिए टाला था। उससे पहले 28 अक्टूबर को जमानत याचिका पर फैसला टाला गया था। रशीद इंजीनियर ने 28 अक्टूबर को तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था। 10 सितंबर को पटियाला हाउस कोर्ट ने रशीद इंजीनियर को जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने के लिए दो अक्टूबर तक अंतरिम जमानत दी थी। उसके बाद कोर्ट ने रशीद इंजीनियर की दो बार अंतरिम जमानत बढ़ाई। रशीद इंजीनियर ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की है। रशीद इंजीनियर को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था।



**सुनवाई आज**

▸▸ कोर्ट इस बात पर भी फैसला सुनाएगा कि इस मामले को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर किया जाए या नहीं

# अब नहीं करना पड़ेगा बसों का घंटों इंतजार, संविदा कर्मियों की हड़ताल समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** परिवहन निगम के संविदा कर्मियों की हड़ताल समाप्त हो गई है। हड़ताल खत्म होने से राजधानी के लोगों को बड़ी राहत मिली है।

**राजधानी में पूरी तरह से चरमरा गई थी बस सेवा**
वहीं, हड़ताल के कारण राजधानी में बस सेवा पूरी तरह से चरमरा गई थी। कम बसें चलने के कारण दिल्लीवासी पिछले तीन दिनों से परेशान थे। उन्हें बस स्टाप पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा था। लोग निजी वाहन से चलने को विवश हो रहे थे। अब उनकी परेशानी दूर हो गई है, क्योंकि मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद संविदा कर्मियों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की है।

**प्रक्रिया शुरू करने का दिया आश्वासन**
सरकार ने उनकी मांगें मानने के साथ ही नियमित करने की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया है। सरोजनी नगर स्थित महिला बस डिपो की कर्मियों को उनके अनुरोध के अनुसार मूल डिपो में भेजा जाएगा।

**काम पर लौट गए हैं संविदा कर्मी**
सरकार द्वारा मांगें मानने के बाद बुधवार से संविदा कर्मी काम पर लौट गए हैं, जिससे बस सेवा सामान्य होने की उम्मीद है। इसके लिए सरकार व कर्मियों दोनों की सराहना की जानी चाहिए, क्योंकि इससे दिल्लीवासियों की परेशानी दूर होगी। प्रदूषण रोकथाम में भी मदद मिलेगी।

**खतरनाक श्रेणी में बनी हुई है दिल्ली में वायु की गुणवत्ता**
इस समय दिल्ली में वायु की गुणवत्ता खतरनाक श्रेणी में बनी हुई है। इस कारण यहां ग्रेप-4 के प्रविधान लागू किए गए हैं। बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों पर प्रतिबंध है। सड़कों पर वाहनों की भीड़ कम करने के लिए लोगों को सार्वजनिक वाहनों के उपयोग की सलाह दी जा रही है। इस स्थिति में बस सेवा बाधित होने से चिंता बढ़ गई थी।

**बसें नहीं चलेंगी तो सड़कों पर बढ़ेगी निजी वाहनों की भीड़**
राजधानी के बड़े क्षेत्र में अभी मेट्रो का विस्तार नहीं हुआ है। इस कारण लाखों लोगों के लिए बस ही एक मात्र सस्ता व सुलभ साधन है। यदि बसें नहीं चलेंगी तो सड़कों पर निजी वाहनों की भीड़ बढ़ेगी, जिससे राजधानी की हवा और खराब होगी। बता दें कि प्रत्येक मार्ग पर पर्याप्त संख्या में बसें उपलब्ध होने पर यात्रियों को सुविधा होगी।




**लोगों को राहत**

▸▸ हड़ताल के कारण राजधानी में बस सेवा पूरी तरह से चरमरा गई थी। दिल्लीवासी पिछले तीन दिनों से परेशान थे

# स्मार्ट ठगी: दिल्ली के उद्योग भवन की सुरक्षा में सेंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: संसद** के सामने स्थित उद्योग भवन की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है। निखिल नाम का युवक मंत्रालय के फर्जी पास उद्योग भवन में घुस गया था। हालांकि सीआईएसएफ के जवानों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। कर्तव्य पथ थाना पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि निखिल ठगी का शिकार हुआ है। उसे वस्त्र मंत्रालय में नौकरी लगवाने का झांसा दिया गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार उद्योग भवन की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ सहायक कमांडेंट ने शिकायत दी। उसमें कहा गया कि नई बस्ती, देवली गांव, नई दिल्ली निवासी निखिल (23) एक फर्जी अस्थायी पास की मदद से उद्योग भवन में प्रवेश किया। सीआईएसएफ के जवानों ने उसे भवन के परिसर से पकड़ लिया। पूछताछ में निखिल ने बताया कि संगम विहार निवासी अक्षय ने कपड़ा मंत्रालय में एमटीएस के पद पर उसे नौकरी लगाने की बात कही थी। आरोपी अक्षय ने नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 2.25 लाख ले लिए। यही नहीं अक्षय ने उसे फर्जी अस्थायी पास और एक ऑफर लेटर दिया। ये सब लेकर वह नौकरी का पता करने उद्योग भवन आया था। संदिग्ध हालात में जब उसने उद्योग भवन में प्रवेश किया तो सीआईएसएफ के जवानों ने उसे पकड़ लिया।

**फर्जीवाड़ा**

▸▸ निखिल नाम का युवक मंत्रालय के फर्जी पास उद्योग भवन में घुस गया था, आरोपी युवक गिरफ्तार

# चुनाव से पहले दल-बदल के सियासी खेल ने पकड़ी रफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** की सियासत में अभी से शह और मात का खेल शुरू है। विधानसभा चुनाव ऐलान के पहले ही दलबदल का सियासी खेल रफ्तार पकड़ रहा है। इस विधानसभा में बागियों पर सभी की निगाहें टिकी होंगी। दरअसल ये बागी चुनाव को प्रभावित कर सकते है। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री कैलाश गहलौत के पार्टी बदलने पर यह चर्चा और कयास और तेज हो गए हैं। हालांकि अभी कई समीकरण चुनाव तक बनेंगे और बिगड़ेंगे। देखना दिलचस्प होगा कि ऊंट किस करवट बैठता है। इस विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बागी खेल बिगाड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। आप के आधा दर्जन मंत्री अभी तक पार्टी छोड़ चुके है वहीं कांग्रेस के कद्दावर नेताओं ने भी दल-बदल किया है। बागी नेताओं से अब तक तो तीन बार सरकार बनाने वाली आम आदमी पार्टी पर खास प्रभाव नहीं पड़ा है, क्योंकि आप के गठन के बाद से अब तक कई नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। इनमें योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, किरण बेदी और कुमार विश्वास शामिल हैं। लेकिन राजनीति के जानकारों का कहना है कि इनकी बढ़ती संख्या आगामी चुनाव में केजरीवाल की मुश्किलें जरूर बढ़ाएगी।



# आम लोगों के लिए खुला व्यापार मेला, पहले ही दिन पहुंचे 25 हजार लोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला जब आम जन के लिए खोला गया पहले ही दिन 25 हजार से ज्यादा लोगों ने पहुंचकर मेले का आनंद लिया। 14 नवंबर से शुरू हुए इस मेले को 18 नवंबर व्यापारिक प्रतिनिधियों के लिए खोला गया था, लेकिन 19 नवंबर से इसे आम जनता के लिए खोल दिया गया। मेले में आए अधिकांश लोगों ने अपने-अपने राज्यों के मंडपों में जाकर वहां की विशिष्ट सांस्कृतिक धरोहर और हस्तशिल्प का आनंद लिया। झारखंड और बिहार मंडप में भारी भीड़ देखी गई, जहां लोग पारंपरिक वस्त्र, हस्तशिल्प और क्षेत्रीय व्यंजनों में विशेष रुचि लेते दिखे। वहीं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने भारत की विविधता को करीब से देखने का अवसर प्राप्त किया।

**पारंपरिक वस्तुओं को दी गई खास तवज्जो**
**भारत मंडपम में इस बार** विकसित भारत के तहत स्वदेशी वस्त्र, हस्तशिल्प, जैविक उत्पादों और पारंपरिक वस्तुओं को खास तवज्जो दी गई है। लोग मिट्टी के बर्तन, खादी वस्त्र, हर्बल उत्पाद और स्थानीय कलाकृतियों की खरीदारी करते नजर आए। इसके अलावा, झारखंड के मंडप में आदिवासी कला, बिहार के मंडप में मधुबनी पेंटिंग और अन्य राज्यों के क्षेत्रीय उत्पादों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मेले में विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनियां भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं। देश-विदेश से आए पर्यटक और स्थानीय लोग भारत की संस्कृति और विविधता को समझने और सराहने का अवसर पा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 27 नवंबर तक जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न देशों के उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

आयोजकों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में लोगों की संख्या में और वृद्धि होगी।

**बुजुर्गों के लिए सुविधाओं की कमी पर सवाल**
भारत मंडपम में टिकट बुकिंग और बुजुर्गों की सुविधाओं को लेकर अव्यवस्थाएं सामने आई हैं। एंट्री गेट नंबर 10 पर कई लोगों को यह समझने में परेशानी हुई कि टिकट कैसे लेनी है। आयोजकों ने गेट के बाहर एक बोर्ड लगाया था, जिसमें आनलाइन टिकट बुकिंग की प्रक्रिया समझाई गई थी, लेकिन इस प्रक्रिया को समझने और फॉलो करने में बुजुर्गों को विशेष दिक्कतें हुईं। 55 वर्षीय राम सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा, पहले ऐप डाउनलोड करने को कहा गया, फिर उसमें पासवर्ड डालने का विकल्प आया। सभी निदेर्शों का पालन करने के बाद भी टिकट बुक नहीं हो सकी। कई अन्य लोगों ने भी इस प्रक्रिया को जटिल बताया।

**बुजुर्गों और दिव्यांगों को घुमाने के लिए बढ़ेगी सुविधा**
गेट नंबर दस पर बने वरिष्ठ नागरिक लाज में दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहले दिन जब आम लोगों के लिए मेला खुला तो बढ़ी संख्या में लोग पहुंच गए। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों को और दिव्यांगों को मेले में लगे लांज भीड़ रही। लोगों को ई-रिक्शा की सुविधा भी दी गई लेकिन ज्यादा भीड़ होने की वजह से लोग कुछ देर इंतजार करते नजर आए। सीएसआर फाउंडेशन के चेयरमैन दीनदयाल ने बताया कि शुरू के चार दिन में आठ ई-रिक्शा चल रहे थे जिसकी संख्या मंगलवार से आठ कर दी गई थई। अब जरुरत के हिसाब से और बढ़ाया जाएगा।

**मेले का आनंद**

▸▸ 43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उमड़ी 25 हजार लोगों की भीड़
▸▸ लोगों ने अपने-अपने राज्यों के मंडपों से हस्तशिल्प का सामान खरीद



# दिल्ली में और गिरा तापमान, अब बुधवार की सुबह रही सबसे ठंडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के न्यूनतम तापमान में और** गिरावट दर्ज की गई। यही वजह है कि अब बुधवार की सुबह इस सीजन की सबसे ठंडी हो गई है। आने वाले दिनों में यह गिरावट बनी रहेगी। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 11.2 डिग्री दर्ज हुआ। मंगलवार को यह 12 डिग्री से ऊपर था।

# पहले सत्र में नए विधायकों की सहभागिता सराहनीय: कल्याण

## विधायी कामकाज की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लगातार होंगे प्रयास: विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** 15वीं हरियाणा विधान सभा के पहले सत्र की कुल 5 बैठकों में 26 घंटे 19 मिनट कार्यवाही चली। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इस सत्र में नए विधायकों की भागीदारी को सराहनीय बताया है। कल्याण ने बुधवार को विधान सभा सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सत्र से संबंधित आंकड़े पत्रकारों के साथ साझा करते हुए कहा कि भविष्य में विधायी कामकाज की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास होंगे। यह सत्र 25 अक्तूबर को शुरू हुआ था और पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने के बाद सर्वसम्मति से हरविन्द्र कल्याण विस अध्यक्ष



और डॉ. कृष्ण मिड्ढा उपाध्यक्ष चुने गए। 13 नवंबर को सत्र की बैठक महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हुई। 13 और 14 नवंबर को इस अभिभाषण पर 11 घंटे 50 मिनट चर्चा हुई, जिसमें कुल 69 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस चर्चा में भाग लेने वालों में 34 विधायक पहली बार चुनकर आए हैं जो कुल 3 घंटे 50 मिनट राज्यपाल अभिभाषण पर बोले। इन सदस्यों ने 6 से 13 मिनट तक का समय बोलने के लिए लिया। इस चर्चा का मुख्यमंत्री ने 2 घंटे 27 मिनट में जवाब दिया। इसके अलावा चर्चा में भाग लेने वालों में भाजपा के 32 सदस्य,

**कामकाज**

▶▶ भविष्य में विधायी कामकाज की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास होंगे: विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण

कांग्रेस के 31 सदस्य, इनेलो के 2 सदस्य तथा 3 निर्दलीय सदस्य शामिल रहे। सत्र में कुल 13 विधेयक पारित किए गए। इन विधेयकों पर 5 घंटे 2 मिनट चर्चा हुई।

विशेष बात यह रही कि बड़ी संख्या में विधायकों ने इस चर्चा में भाग लिया। बिलों में संशोधन के लिए भी पहली बार चुनकर आए सदस्यों की ओर से 4 सूचनाएं प्राप्त हुई तथा उन पर चर्चा हुई है। पुराने सदस्यों की ओर से अनेक प्रकार के सुझाव भी पेश किए, जिन पर सदन में सकारात्मक चर्चा की गई। सत्र में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के लिए स्वीकार की गई 7 सूचनाओं में से 4 नवनिर्वाचित सदस्यों की रही। विस अध्यक्ष ने कहा कि इस 5 दिवसीय सत्र के दौरान उनकी ओर से 5 रूलिंग और ऑब्जर्वेशन्स भी दी गई हैं। सत्र के अंतिम दिन राज्य गीत के लिए 5 सदस्यीय कमेटी गठित की गई। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी में विधायक गीता भुक्कल, विनोद भ्याणा, बलवान सिंह दौलतपुरिया और आदित्य देवीलाल को शामिल किया गया है।

# पानीपत से महिला कल्याण का एक और कार्यक्रम लॉन्च कर सकते हैं पीएम

**तैयारी शुरू**

▶▶ मोदी ने 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत की धरती से महिला कल्याण का एक और कार्यक्रम लॉन्च कर सकते है। पानीपत के मैदान से ही मोदी ने 22 जनवरी 2015को राष्ट्रीय स्तर के बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी।अब मोदी के अगले माह 9दिसंबर को हरियाणा दौरे को तैयारी की जा रही है।मोदी का पानीपत आने का ही कार्यक्रम है। मोदी के पानीपत दौरे के लिए अफसर पहले हेलीपैड और अब सभा के मैदान को लेकर मुश्किल में है। किसी तरह मोदी का हेलिकॉप्टर उतारने की जगह ढूंढी गई तो अब कार्यक्रम के लिए मैदान नहीं मिल रहा है।दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय पानीपत को तैयारी के बारे में अपडेट ले रहा है।दरअसल कठिनाई का कारण यह है कि अधिकारी हेलीपैड और सभास्थल का फासला सिर्फ सौ मीटर ही रखना चाहते है। मोदी 9 दिसंबर को पानीपत से जीवन बीमा निगम की महिलाओं से जुड़ी पॉलिसी को लॉन्च कर सकते हैं। कार्यक्रम में महिलाओं को ही ज्यादा संख्या में बुलाया जा रहा है। मोदी के दौरे का पता चलते ही अधिकारियों ने उनकी रैली सेक्टर 13-17 ग्राउंड में करने के बारे में सोचा था। हालांकि जब पीएम के हेलिकॉप्टर के लिए हेलीपैड के बारे में जगह ढूंढी गई तो वह नहीं मिली। ऐसे में 4 दिन से अधिकारी मशक्कत करते रहे। अब रैली के बजाय सेक्टर 13-17 ग्राउंड को हेलीपैड बना दिया है। हेलीपैड के आसपास की सफाई शुरू कर दी गई है। हेलीपैड के सबसे करीब प्रशासन को गुरु तेगबहादुर ग्राउंड मिला है। यह करीब 200 से ढ़ाई सौ मीटर की दूरी पर है। हालांकि अधिकारी पीएम की सुरक्षा के लिहाज से भी चिंतित हैं।

# हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2024 अधिसूचित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2024 अधिसूचित की है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे कर्मचारियों को पुरस्कृत करके शासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, जिन्होंने अपने अभिनव कार्यों और असाधारण प्रयासों से प्रदेश में बेहतर शासन में योगदान दिया है। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव विवेक जोशी द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई है, जो राज्य के सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों कर्मचारियों पर लागू होगी।

अधिसूचना के अनुसार, इस योजना के तहत राज्य सरकार ने प्रदेशभर में सुशासन को बढ़ावा देने में असाधारण प्रयासों को मान्यता देने के लिए विशिष्ट पुरस्कारों की रूपरेखा तैयार की है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन और नवाचार का प्रदर्शन करने वाली टीमों के लिए राज्य स्तर पर पुरस्कारों को फ्लैगशिप योजना पुरस्कार और राज्य-स्तरीय पुरस्कार में वर्गीकृत किया गया है। राज्य स्तरीय फ्लैगशिप योजना के तहत उन प्रमुख परियोजनाओं में शामिल टीमों को सम्मानित किया जाएगा, जिनसे शासन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। इन पुरस्कारों में

**रूपरेखा**

▶▶ शासन में अनुकरणीय योगदान के लिए कर्मचारियों को दिए जाएंगे राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार

हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा हस्ताक्षरित एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र शामिल है, जिसे संबंधित प्रशासनिक सचिव के माध्यम से प्रत्येक सम्मानित कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड में जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक फ्लैगशिप योजना के लिए 51,000 रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। नकद पुरस्कार टीम के सभी सदस्यों में समान रूप से वितरित किया जाएगा, चाहे उनकी व्यक्तिगत रैंक या स्थिति कुछ भी हो, ताकि टीम के भीतर प्रत्येक योगदानकर्ता के लिए उचित मान्यता सुनिश्चित हो सके।

फ्लैगशिप योजना पुरस्कारों के साथ-साथ, विभिन्न शासन पहलों में उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों में एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जो सम्बन्धित कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड में रखा जाएगा।

# भाजपा सरकार आज अपने ही वादे को भूल गई: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि 2022 तक सबको छत उपलब्ध करवाने वाली भाजपा सरकार आज अपने ही वायदे को भूल गई है, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जहां सौ-सौ गज के निशुल्क प्लाट देने की योजना शुरू की गई थी आज प्रदेश की भाजपा 30 गज के प्लाट देकर किस्तों में उसकी कीमत वसूल रही है। ऐसे में भाजपा अपने संकल्प पत्र में दिए गए वचन-बेघरों को 05 लाख उपलब्ध करवाएंगे को कैसे पूरा कर पाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द अपना वायदा पूरा करते हुए सबको



छत उपलब्ध करवाई चाहिए।मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा जो भी वायदा करती है या संकल्प लेती है उन सबको भूल जाती है, उस जनता को भी भूल जाती है जिससे कुछ वायदा किया था, भाजपा को तभी तो जुमलेबाज कहा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि 2022 तक सबसे छत उपलब्ध करवा दी जाएगी पर ऐसा हो न सका। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में सौ सौ गज के निशुल्क प्लाट आवंटित करने की योजना लागू की थी पर भाजपा न उस पर कोई ध्यान ही नहीं दिया।

**सरकार को घेरा**

▶▶ कहा-सरकार अपने वायदों को साकार रूप देने की दिशा में भी जल्द से जल्द कदम उठाए

आज भाजपा लोगों को 30-30 गज के प्लाट दे रही है और किस्तों में उसकी कीमत भी वसूल रही है। सरकार को पता होना चाहिए कि शहरों में 30 गज के प्लाट में आवास बनाकर एक परिवार अच्छी तरह से नहीं रह सकता। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोगों को इस बात का इंतजार है कि सरकार सौ सौ गज के प्लाट कब देगी।

# 13 पार्षदों ने उपायुक्त को समक्ष पेश किया अविश्वास प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** नगर पालिका के वाइस चेयरमैन के खिलाफ बुधवार को 13 पार्षदों ने उपायुक्त के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। पिछले दो साल से चेयरमैन की कार्यप्रणाली से पार्षद खुश नहीं थे। पार्षदों द्वारा दिनेश अदलखा पर अनदेखी करने, विकास कार्यों में भेदभाव करने, अपने वार्ड में सबसे ज्यादा सफाई कर्मी रखवाने व शहर के विकास के लिए सही कार्य योजना न बनवा पाने का आरोप लगाया है। 13 पार्षदों द्वारा उपायुक्त को वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने के साथ ही उन्होंने उपायुक्त से जल्द से जल्द बैठक करवाने का भी अनुरोध किया है। अब वाइस चेयरमैन को बैठक के दौरान बहुमत साबित करने के लिए 6 पार्षदों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी, मनोनित पार्षद इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते।

वार्ड 1 के पार्षद सचिन कुमार, वार्ड 2 के पार्षद कृष्ण लाल, वार्ड 5 की पार्षद ममता पांचाल, वार्ड 6 के पार्षद अजय सरोहा, वार्ड 7 के पार्षद अंकित त्यागी, वार्ड 8 के पार्षद विकास, वार्ड 9 की पार्षद संगीता त्यागी, वार्ड 11 के पार्षद सतबीर शर्मा, वार्ड 12 की पार्षद सोनिया शर्मा, वार्ड 13 के पार्षद राजेश शर्मा, वार्ड 15 की पार्षद शिवानी जैन, वार्ड 16 के पार्षद नरेश वर्मा व वार्ड 17 के पार्षद शमशेर सैनी ने अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर अपने शपथ पत्र सौंपे हैं।

# निर्माणाधीन अस्पतालों के कार्यों में तेजी लाई जाए: स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में निर्माणाधीन अस्पतालों के कार्यों में तेजी लाएं ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जा सकें। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी सरकारी और गैर सरकारी अस्पताल फायर एनओसी लेना सुनिश्चित करें जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। कुमारी आरती सिंह राव आज यहाँ स्वास्थ्य



विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक के दौरान उन्होंने विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया गया कि हिसार के गांव मय्यड़ में 50 बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल के भवन का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। लगभग 10.85 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस अस्पताल के आगामी 8 से 9 महीने में पूरा होने का अनुमान है।

**निर्देश**

▶▶ निर्माणाधीन अस्पतालों के कार्यों में तेजी लाएं, ताकि नागरिकों स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जा सके

कुमारी आरती सिंह राव ने इस अस्पताल का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में ओपीडी जून 2024 से चालू हो गई है, जहां कई तरह की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। शेष सेवाएं निर्माण कार्य के पूरा होने के बाद शुरू की जाएंगी , तभी इनपेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) शुरू किया जाएगा। मंत्री को यह भी बताया गया कि अग्निशमन प्रणाली, चिकित्सा अपशिष्ट निपटान सुविधाएं, लॉन्ड्री सेवाएं, चारदीवारी, सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) और सीवरेज सिस्टम जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना भी जल्द कर ली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस अस्पताल में आयुष प्रणाली के तहत व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे हिसार और आसपास के क्षेत्रों के लोग लाभान्वित होंगे। बैठक में आकेड़ा, नूंह में 60-बेड वाले सरकारी यूनानी कॉलेज और अस्पताल परियोजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि 45.43 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस अस्पताल का 52 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। काम पूरा होने की संशोधित समय-सीमा लगभग 12 महीने निर्धारित की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# मेडिकल सर्विस एसो.ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन (एचीसएमएस) के आह्वान पर चिकित्सकों ने जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम को लेकर विरोध जताया है। इसे लेकर बुधवार को एसोसिएशन के सदस्य सीएमओ डा. गोपाल गोयल से मिले और जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम शुरू न किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पहले प्रदेशभर के चिकित्सकों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग हुई। जिसमें सभी चिकित्सकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। खासकर महिला चिकित्सकों ने जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम को लेकर अपनी

**विरोध**

▶▶ एचीसएमएस के आह्वान पर चिकित्सकों ने जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम को लेकर विरोध जताया

सुरक्षा के सवाल उठाए। सीएमओ ने एसोसिएशन सदस्यों को आश्वासन दिया कि ज्ञापन को उच्च अधिकारियों को भेज दिया जाएगा। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. नवनीत नैन सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। एचीसएमएस प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम को लाया जा रहा है। जियोफेंसिंग सिस्टम सैटेलाइट पर आधारित होता है। इसके तहत किसी इलाके के लिए जियोफेंसिंग बनाई जाती है। यह किसी बाउंड्री की तरह होती है। इस बाउंड्री के अंदर जितने भी डिवाइस मौजूद होंगे, उनका रिकॉर्ड बन जाएगा। अस्पताल में अटेंडेंस मार्क करने के लिए चिकित्सकों को इसकी परिधि में आना होगा। इसे मोबाइल में डाउनलोड करवाया जाएगा। जैसे ही वह इस दायरे में आएंगे, उनकी अटेंडेंस मार्क करने के लिए बनाया गया यह मोबाइल ऐप काम करने लगेगा। जोकि सही नही है। सभी चिकित्सक बायोमेट्रिक सिस्टम से अपनी हाजिरी लगा रहे हैं। अब अगर जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम लागू होता है तो चिकित्सक अपनी हाजिरी के स्वायत्त नही रहेंगे। वहीं इससे साइबर फ्रॉड होने की हमेशा संभावना बनी रहेगी। जो चिकित्सक हित में नही है। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करता है। यह एप हर पुरूष व महिला चिकित्सक के मोबाइल में डाउनलोड होगा। जोकि जीपीएस आधारित है। ऐसे में कोई भी लोकेशन का गलत प्रयोग कर सकता है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**गन्नौर।** पुगथला गांव के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने कार चालक के खिलाफ खुबड़ू झाल पुलिस चौकी में शिकायत दी। शिकायत में पानीपत के गांव आलूपर निवासी सुमेर वशिष्ठ ने बताया कि 15 नवंबर को उसका बड़ा भाई सत्यवान किसी काम से सोनीपत गया हुआ था। जब वह वापिस लौट रहा था तो गांव पुगथला के पास उसके भाई की बाइक को एक तेज रफ्तार कार ने सीधी टक्कर मार दी।

# समस्याओं को निपटाने का हर संभव प्रयास करें अधिकारी: सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर कारगर सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का समाधान होने से उनमें नपा प्रशासन व सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। नपा प्रशासन की इस मुहिम से लोग बेहद प्रसन्न नजर आ रहे हैं। बुधवार को नगर नपा कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में सचिव नगरपालिका पवित्र गुलिया ने बताया



कि बुधवार को 2 शिकायतें आई थी जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर छोटी से छोटी समस्याओं को पूरी गंभीरता से नागरिकों की संतुष्टि के साथ निपटाएं।

# जाम को लेकर व्यापार मंडल ने नपाध्यक्ष-थाना प्रभारी के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** व्यापार मंडल गन्नौर के प्रधान शेखर चंद जैन के प्रतिष्ठान पर बाजार में बढ़ते जाम की समस्या को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह और व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में चर्चा की गई कि गन्नौर बाजार में जाम की समस्या गंभीर हो चुकी है। रेलवे स्टेशन से देवीलाल चौक तक पहुंचने में लोगों को काफी समय लग रहा है। इस समस्या को हल करने के लिए नगरपालिका और पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों से विचार-विमर्श किया। बैठक में वरिष्ठ



उपप्रधान संदीप सिंघल, महामंत्री राजकुमार अग्रवाल, मुख्य सलाहकार भूषण हसीजा, मुख्य संरक्षक नंदकिशोर छाबड़ा, मुख्य संयोजक नरेश मित्तल, और अन्य व्यापारी पदाधिकारी मौजूद रहे।

**व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन के निदेशों का पालन करें : जैन**

-व्यापार मंडल के प्रधान शेखरचंद जैन ने सभी व्यापारियों से अपील करी कि वे प्रशासन के निदेशों का पालन करें, ताकि बाजार में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि व्यापारियों के सहयोग के बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं है।

# जनता के उम्मीदों पर खरा उतरेंगे: विधायक देवेन्द्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** विधायक देवेन्द्र कादियान ने बुधवार को हलके के गांव गढ़ी गुलामा, गढी कलां, भाखरपुर, चिरस्मी, लल्हेड़ी आदि गांवों में धन्यवादी दौरे के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए संबधित विभाग के अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए। दौरे के दौरान विधायक का गांवों के सरपंचों के अलावा गणमान्य लोगों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक देवेन्द्र कादियान ने कहा कि गन्नौर हलके की जनता ने उन्हें भारी मतों से जीत का आशीर्वाद देकर विधानसभा में पहुंचाने का काम किया। विधायक ने कहा कि गन्नौर हलके में अन्य हलकों से विकास के क्षेत्र में क्या नया हो सकता है। उसके



लिए हमने काम करना शुरू कर दिया है। पहले ही साल में आपकों घर बैठे महसुस होगा कि गन्नौर पहले जैसा नही बदल रहा है। शहर के साथ गांवों में विकास कार्य नजर आएंगे। विधायक कादियान ने कहा कि दौरे के दौरान अधिकत्तर गांवों की बिजली, पानी आदि समस्या है। लल्हेड़ी गांव में पंचायत द्वारा वन विभाग को दी गई जमीन को वन विभाग भी प्रयोग नही कर रहा है। उस जमीन को पंचायत के अधीन करवाया जाएगा ताकि उसका प्रयोग हो सके। शहर को स्वच्छ पानी दिलाने के लिए टैंडर की प्रक्रिया चल रही है। खानपुर मेडीकल कालेज में जाने के लिए गन्नौर से वाया खानपुर व गोहाना जाने के लिए किसी गांवों में न जाने पड़े, इसके लिए मुख्यमंत्री से प्रपोजल रखा है ताकि वाहन चालकों को परेशानी न हो। आम जनता का अधिकारियों से तालमेल रहे ऐसी व्यवस्था हमने बनाने का प्रयास किया है। लोगों को समस्या के

**आभार**

▶▶ विधायक ने कहा कि गन्नौर हलके में अन्य हलकों से विकास के क्षेत्र में क्या नया हो सकता है

समाधान के लिए धक्के न खाने पड़े उसके लिए उनके कार्यालय से ऐसी व्यवस्था रहेगी कि कार्यालय में डयूटी लगे लोग ही लोगों की समस्या का समाधान करवाएं। स्वच्छता के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है। गांवों में भी सड़क किनारे कूड़ा न डाले उसके लिए जागरूक करेंगे। कई गांवों में देवा संस्था के माध्यम से स्वच्छता को लेकर अच्छा काम चल रहा है। जिनमें नही है, उनमें करवाने का काम करेंगे। किसान नेता जयभगवान मलिक ने विधायक को किसानों की समस्याओं से अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की। इस मौके पर विधायक के साथ एसडीएम डा. निर्मल नागर, नायब तहसीलदार गजे सिंह, बीडीपीओं पूनम चंदा, बिजली विभाग के एसडीओ, जेई के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों के अलावा नपा उप चेयरमैन दिनेश अधलखा, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, सुमित मलिक लल्हेड़ी, आर के मलिक इस अवसर पर पांची गुजरान सरपंच प्रतिनिध हर्ष कुमार, गढ़ी कलां सरपंच राकेश, ग्यूर खान, रणधीर, भाखरपुर सरपंच राजेंद्र, भगत सिंह, जिले सिंह, चिरस्मी सरपंच जसबीर,आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गैस पाइपलाइन हुई लीक, मचा हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 44 के किनारे एक शोरूम के बाहर आइजीएल कंपनी की गैस पाइपलाइन में लीक हो गई, जिससे आसपास के लोगों में डर का माहौल बन गया। आनन-फनन में आइजीएल की इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंची और टेंपरेरी रूप से पाइपलाइन की मरम्मत कर स्थिति को कंट्रोल किया। इसके बाद जेसीबी से खुदाई कर पाइप लाइन को ठीक किया गया है।

आईजीएल कंपनी के अधिकारियों ने शोरूम पर लापरवाही का आरोप लगाया है, क्योंकि उन्हीं के द्वारा पेड़ उखड़वाया गया था, जिसकी वजह से पाइप लीक हुई। दूसरे शोरूम के सिक्योरिटी गार्ड प्रताप कुमार और अन्य कर्मचारी अशोक ने बताया कि गैस लीक होते ही शोरूम के बाहर जीटी रोड पर हलचल मच गई। उन्होंने तुरंत आईजीएल टीम को सूचित किया,



जिसके बाद मौके पर विशेषज्ञों की टीम पहुंची।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 17 नवंबर को वन विभाग का एक पेड़ मशीन से जड़ से उखाड़ा गया था। आशंका जताई जा रही है कि उसी दौरान पाइपलाइन को नुकसान हुआ होगा। हालांकि इस बात की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

आइजीएल के एक अधिकारी ने बताया कि पाइपलाइन को नुकसान शोरूम के पास खुदाई के कारण हुआ। उनके अनुसार शोरूम मालिक ने बिना सूचना के जेसीबी से खुदाई करवाई, जिससे पाइपलाइन डैमेज हुई। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि गैस लीक की घटनाओं से बचने के लिए खुदाई से पहले आईजीएल को सूचित करना अनिवार्य है। घटना के बाद गैस को तुरंत आइसोलेट कर दिया गया और वॉल्व बंद कर स्थिति को संभाल लिया गया। घटनास्थल पर वन विभाग के पेड़ को मशीन से उखाड? का भी जिक्र आया है। अधिकारियों के अनुसार यह भी पाइपलाइन क्षति का कारण हो सकता है। इस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है कि पेड़ किस के आदेश पर हटवाया गया।

**पाया काबू**

**आइजीएल की इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंची, टेंपरेरी रूप से पाइपलाइन की मरम्मत कर स्थिति को कंट्रोल किया**

इस घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन यह लापरवाही एक बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। आईजीएल ने कहा है कि पाइपलाइन को जल्द ही पूरी तरह दुरुस्त कर दिया जाएगा। साथ ही इस मामले में संबंधित पक्षों से जवाब मांगा जाएगा। आईजीएल ने अपील की है कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए किसी भी खुदाई कार्य से पहले कंपनी को सूचित करें, ताकि पाइपलाइन की स्थिति का सही आंकलन किया जा सके। डायल-112 के इंचार्ज रामदहिया ने बताया कि एमजी शोरूम वालों ने पेड़ को यहां से हटवाया था और जेसीबी से खुदाई करवाई थी। आईजीएल कंपनी के अधिकारियों ने एमजी शोरूम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। एमजी शोरूम के खिलाफ शिकायत के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आईजीएल की टीम ने पाइप लाइन को ठीक कर दिया है।

## विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता ने कोई जहर खाकर अपनी जान दे दी। आरोप है कि विवाहिता का पति शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित कर रहा था, जिसको लेकर कई बार पंचायतें भी हुई। पंचायतों में हर बार दामाद यही कहता था कि वह आगे से परेशान नहीं करेगा, लेकिन उसके जुल्म कम नहीं हुए, जिसकी वजह से विवाहिता ने जहर खा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका किरण यूपी के मेरठ स्थित दबखेड़ी गांव की रहने वाली थी। 2014 में उसकी शादी मधुबन थाना के गांव सिरसी में सतपाल के साथ हुई थी।

## शिविरों में आई 16 शिकायतें, 13 का हुआ निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर जिलेभर में समाधान शिविरों का आयोजन किया रहा है। नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल 16 शिकायतें आई, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। 3 शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है। बता दें कि नगर निगम करनाल के कार्यालय में निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शिकायतों को सुना। यहां 1 शिकायत आई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। नीलोखेड़ी नगरपालिका में 1 शिकायत प्राप्त हुई जिसका समाधान कर दिया गया। इसी प्रकार से घरौंडा नगरपालिका कार्यालय में 6 शिकायतें आईं, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इंद्री नगरपालिका में 1 शिकायत आई, जिसका समाधान कर दिया गया। असंध नगरपालिका में 1 शिकायत प्राप्त हुई।

## न्यूज फ्लैश

### फैक्ट्री में ओवरलोड मशीन गिरने से फोरमैन की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कुंजपुरा थाना क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। एक कर्मचारी पर भारी मशीन गिरने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान शमशेर के रूप में हुई है। वह खेमे एग्रो फैक्ट्री में फोरमैन के तौर पर काम करता था। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिला के नगला राई निवासी गुलशेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई शमशेर मुगल माजरा में रहता था। वह कुंजपुरा की फैक्ट्री में फोरमैन का काम करता था। उसे मंगलवार सुबह फैक्ट्री से किसी ने कॉल किया कि मेरे भाई शमशेर को चोट लगी है और उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया है। गुलशेर ने बताया कि जब मैं अस्पताल में पहुंचा तो डॉक्टरों ने शमशेर को मृत घोषित कर दिया। गुलशेर ने अपने लेवल पर मामले की जांच की और बताया कि यह हादसा मशीन के ओवरलोड होने की वजह से हुआ। मशीन टूटने के बाद शमशेर पर गिर गई, जिससे उसकी जान चली गई। गुलशेर ने फैक्ट्री मालिक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर मशीन की सही देखभाल की जाती तो यह हादसा नहीं होता। अस्पताल से सूचना मिलने पर कुंजपुरा थाने के एएसआई विजय कुमार मौके पर पहुंचे। विजय कुमार ने बताया कि मृतक के भाई गुलशेर की शिकायत के आधार पर अज्ञात फैक्ट्री मालिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 के तहत मामला दर्ज किया। जांच में तथ्यों के अनुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### असंध नगरपालिका के चेयरमैन सतीश कटारिया अयोग्य घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले की असंध नगरपालिका के चेयरमैन सतीश कटारिया को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने अयोग्य घोषित कर दिया है। आरोप हैं कि नगरपालिका का चुनाव लड? के लिए कटारिया ने 10वीं कक्षा की फर्जी डीएमसी का इस्तेमाल किया था। आप पार्टी की प्रत्याशी ने कटारिया की डीएमसी को लेकर आरटीआई लगाई, जिसमें फर्जी डीएमसी होने का खुलासा हुआ। एडवोकेट सोनिया बोहत फर्जी डीएमसी के रिकॉर्ड लेकर हाईकोर्ट पहुंची और हाईकोर्ट के माध्यम से स्टेट इलेक्शन कमीशन को नोटिस भिजवाए, जिसके बाद जांच शुरू हुई, जिसमें डॉक्यूमेंट फर्जी पाए गए और हाईकोर्ट के नोटिस की गाइडलाइन पर चुनाव आयोग ने 10 अप्रैल 2023 को चेयरमैन सतीश कटारिया को टर्मिनेट कर दिया। इसके बाद सतीश कटारिया ने हाईकोर्ट में अपील की।

एडवोकेट सोनिया बोहत अपने वकील एडवोकेट जीएस संधू के साथ हाईकोर्ट में पेश हुई और कानूनी लड़ाई लड़ी। बीती 4 नवंबर को हाईकोर्ट में फाइनल आग्युमेंट हुई, जिसके बाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद आज हाईकोर्ट की डबल बैंच ने अपना फैसला सुनाते हुए चेयरमैन सतीश कटारिया को अयोग्य घोषित कर दिया। 2022 में नगर पालिका असंध का चुनाव हुआ था, जिसमें सतीश कटारिया ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर चेयरमैन का नॉमिनेशन किया था। उन्होंने बीजेपी के प्रत्याशी कमलजीत लाडी को 553 वोट से हराया था और चेयरमैन बने थे। आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी एडवोकेट सोनिया बोहत भी चेयरमैन का चुनाव लड़ी थी, जिसमें इन्हें 1335 वोट मिले थे और चौथे स्थान पर रही थी। आपको बता दें कि पहले कटारिया ने आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था, लेकिन बाद में वे बीजेपी में शामिल हो गए थे।

### बुलेट सवार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, इलाज के दौरान हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कंबोपुरा में बुलेट बाइक की टक्कर लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घर के बाहर सडक पर खड़े बुजुर्ग को बुलेट बाइक पर सवार दो युवकों ने सीधी टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गया। 6 दिन बाद इलाज के दौरान बुजुर्ग जिंदगी की जंग हार गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। साथ ही पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मिट्टी, पानी, आकाश, धूप, हवा सब रोगों की यही दवा: पुंज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा योग आयोग के निदेर्शानुसार तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के मार्गदर्शन में जिला में प्राकृतिक चिकित्सा सप्ताह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इसी के अंतर्गत आज सातवें प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर आज पांचवे तथा अंतिम दिन आरएनडबलयू प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र नीलोखेड़ी में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 120 लोगों ने भाग लिया। सर्वप्रथम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधि व शुरूआत की गई। उन्होंने योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा को जीवन में अपना कर बीमारियों से बचाव कर स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए प्रेरित किया। पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के अंतिम दिन आयुष विभाग के सभी योग सहायकों तथा इंस्ट्रक्टर्स ने आरएनडबलयू प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र नीलोखेड़ी में प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों का अवलोकन किया।

## शहर को स्वच्छ-सुंदर बनाने की दिशा में एक कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर को साफ और सुंदर बनाने की दिशा में आज स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नगर निगम के सहयोग से कर्ण विहार वार्ड नंबर 4 में सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र के नेतृत्व में कर्ण विहार के मुख्य द्वार पर कूड़ा-कचरा संग्रहण और उसका मौके पर ही उठान किया गया। सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक आवश्यक हिस्सा है। यह हमें बीमारियों से बचाने में मदद करती



है और हमारे चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण बनाती है। यदि हम अपनी दैनिक जीवनशैली में स्वच्छता का पालन करें तो कई गंभीर बीमारियों से बचे रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की आदत न केवल व्यक्तिगत बल्कि समाज के विकास में भी योगदान देती है। हमें खुद साफ-सफाई पर ध्यान देना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। आइए, हम सभी मिलकर एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज का निर्माण करें। इस दौरान स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया और लोगों से स्वच्छता की प्रतिज्ञा ली गई। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन शर्मा, पूर्व निगम पार्षद भूपेंद्र नौतना, राजेश अरोड़ा, एडवोकेट अशोक कुरलन, ऋषि पाल पांचाल, लेखराज गर्ग, पुष्पेंद्र मालिक, सुरेश जागलान, लेफ्टिनेंट राजिंद्र कौशिक, गुलशन जौहर, विकास महंत मौजूद रहे।

**अभियान**

**निगम के सहयोग से कर्ण विहार वार्ड नंबर 4 में सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया**

## किराना दुकान में चोरी की वारदात में शामिल दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**थाना** चांदनी बाग पुलिस ने पुरानी सब्जी मंडी के नजदीक किराना दुकान में चोरी की वारदात में शामिल दूसरे आरोपी को मंगलवार देर शाम सेक्टर 24 में एमजेआर चौक के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान फैजान निवासी घोसली मोहल्ला के रूप में हुई। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी सराफत



निवासी घोसली मोहल्ला के साथ मिलकर किराना दुकान में चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। दुकान से चोरी की 50 हजार रूपए की नगदी को आरोपियों ने दो बराबर हिस्सों में बाट लिया था। आरोपी फैजान ने अपने हिस्से में आई 25 हजार रुपए की नगदी में से ज्यादार पैसे खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी फैजान के कब्जे से बचे 1500 रुपए बरामद कर बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी सराफत के कब्जे से 1 हजार रुपए बरामद कर आरोपी को जेल भेजा जा चुका है।

## तीन युवतियां रहस्यमय परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में तीन युवतियों के संदिग्ध हालातों में लापता होने का मामला सामने आया है। 18 वर्षीय युवती कॉलेज गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। 21 वर्षीय युवती घर से निकली और लापता हो गई, वहीं 17 वर्षीय लडकी रात को घर से गायब हो गई। करनाल के जुंडला गेट के नजदीक की एक कालोनी से 18 वर्षीय युवती 19 नवंबर को सुबह साढ़े 9 बजे कॉलेज के लिए घर से निकली थी। रोजाना की तरह 4 बजे तक घर लौटने वाली युवती उस दिन वापस नहीं लौटी।

## टायर चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो शातिर आरोपी गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**

**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए थ्री पुलिस टीम ने घर के बाहर व हाइवे पर खड़ी गाड़ियों के टायर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड कर मंगलवार देर शाम गिरोह के सरगना सहित दो आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों की पहचान सचिन निवासी बुटाना सोनीपत व अनिल निवासी बला करनाल के रूप में हुई। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बुधवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता कर प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि चोर गिरोह द्वारा शहर में पिछले कई दिनों से रात के समय गाड़ियों के टायर चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने उक्त वारदातों पर त्वरित कड़ा सज्ञान लेते हुए सीआईए की तीनों टीमों को जल्द से जल्द आरोपियों की धरपकड़ की जिम्मेदारी सौपी थी। सीआईए की टीमें अपने सभी सोर्स एक्टिव कर आरोपियों की धरपकड़ में जुटी थी। इसी दौरान मंगलवार देर शाम सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार की टीम ने मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर गिरोह के सरगना सहित दो आरोपियों को सेक्टर 18 में देश बंधु गुप्ता कॉलेज के पास से काबू करने में सफलता हासिल की। दोनों आरोपी अन्य वारदात को अंजाम देने के लिए मंगलवार को एक आई-10 कार में सवार होकर पानीपत आए थे।

उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ दोनों आरोपी चोरी की आई-20 कार में सवार होकर रात के समय गाड़ियों से टायर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

**दबोचा**

**दोनों आरोपी चोरी की आई-20 कार में सवार होकर रात के समय गाड़ियों से टायर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे**

## नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए लेक्चर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**

**एस डी वी** एम सिटी स्कूल के प्रांगण में नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक लेक्चर का आयोजन करवाया गया यह लेक्चर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने संबोधित किया । इस मौके पर राजीव परुथी ने स्कूल की मैनेजमेंट एवं प्रिंसिपल शिवानी का तहे दिल से धन्यवाद किया राजीव परुथी ने बच्चों को लेक्चर के माध्यम से काफी मुद्दों पर प्रकाश डाला जैसे अंग्रेजी भाषा के महत्व एवं मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल न करना, एवं जोश जुनून के साथ रहना, अपने टीचर एवं माता-पिता का सम्मान करना, मंच का डर दूर करना ,अपने अंदर आत्मविश्वास



के साथ टैलेंट पैदा करना, समय की कदर करना एवं हमेशा जोश एवं जुनून के साथ कार्य करते रहना और अपनी पढ़ाई से प्यार करना जैसे मुद्दों पर जमकर चर्चा की एवं मोटिवेशनल लेक्चर के माध्यम से इन सभी मुद्दों पर प्रकाश डाला एवं राजीव परुथी ने बच्चों को जनरल नॉलेज अपडेट रखने को कहा राजीव के अनुसार हर बच्चे को मोटिवेशन की जरूरत है हर बच्चे का सपना बड़ा होना चाहिए माता-पिता को अपनी सोच में बदलाव लाना चाहिए। आज के दौर के साथ चलना चाहिए आज के बच्चे वह बच्चे नहीं रहे जो पहले थे राजीव परुथी ने कहा यदि माता-पिता अपनी सोच में बदलाव नहीं करेंगे तो बच्चों की विचारधारा उनसे नहीं मिलेगी राजीव परुथी ने कहा एसडीवीएम सिटी स्कूल पानीपत का एकमात्र ऐसा स्कूल है जहां पर डिसिप्लिन नंबर वन है। राजीव ने कहा यह लेक्चर 300 बच्चों का था 300 बच्चों में से एक भी बच्चा ऐसा नहीं था जो ध्यान से ना सुन रहा हो सभी के अंदर जिज्ञासा बहुत भरपूर थी राजीव परुथी ने इसका श्रेय स्कूल की मैनेजमेंट एवं प्रिंसिपल और शिक्षकों को दिया।

**मार्गदर्शन**

**राजीव परुथी ने बच्चों को लेक्चर के माध्यम से काफी मुद्दों पर प्रकाश डाला और कई विषयों पर जागरुक किया**

## ग्रेप-4 चरण की हिदायतों का सख्ती से क्रियान्वयन करें: विवेश

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा** के मुख्य सचिव विवेक जोशी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वायु गुणवत्ता के दृष्टिगत लागू किए गए ग्रेप-4 चरण की हिदायतों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जिलावार समीक्षा करते हुए अधिकारीयों को इन हिदायतों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करवाने को कहा। मुख्य सचिव विवेक जोशी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एनसीआर में शामिल जिलों के उपायुक्तों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ ग्रेप-4 चरण की हिदायतों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्माण एवं डिमोलिशन गतिविधियों, सडकों




पर धूल प्रबंधन, शहरी क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन वाहनों की स्थिति शिक्षण संस्थाओं में ऑनलाइन कक्षाएं व औद्योगिक ईकाइयों से संबंधित गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस उपरांत अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए सख्त निर्देश दिए की सभी अधिकारी जिला में ग्रेप-4 चरण की हिदायतों की सख्ती से अनुपालना करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला में प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रीयों के चालान करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारी जिला में ग्रेप-एक से चार चरणों की हिदायतों के अनुसार संबंधित निर्माण स्थलों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

## वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी संभव कदम उठाएं अधिकारी: उत्तम सिंह

### ग्रेप चार की पांबदियों की अवहेलना करने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई, सख्ती से हो पालन: उपायुक्त उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रेप चार की पाबंदियों को लेकर आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि शुद्ध हवा सभी प्राणियों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि जिले के एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल में सुधार हो। उपायुक्त उत्तम सिंह बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्य सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में ग्रेप 4 की हिदायतों को लेकर वीसी में दिए गए निर्देशों के उपरान्त बोल रहे थे। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि वायु



प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी अधिकारी जिला में ग्रेप 4 की हिदायतों की पालना सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिला में सभी प्रकार की निर्माण व तोड़ फोड़ के कार्य बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य जिससे धूल व धुआं उत्पन्न हो वह पाबंदी की श्रेणी में है। उन्होंने शहर में पड़े बिल्डिंग मैटीरियल को उठवाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निरंतर फील्ड में रहें और कड़ी नजर रखें। ग्रेप 4 के नियमो की अहवेलना करने वाले पर सख्त करवाई की जाए तथा जुमार्ना भी लगाया जाए। उपायुक्त ने बताया कि अब तक 142 निर्माण कार्य स्थलों का निगरानी टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया है, जिसमें से ग्रेप 4 के नियमों की उल्लंघना करने वाले 47 निर्माण कार्य स्थलों पर लगभग 45 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जिला प्रशासन के पास 7 एंटी समोग गन, 13 वॉटर टैंकर व एक ऑटोमेटिक स्वीपिंग मशीन उपलब्ध है, जिसके द्वारा निरंतर फील्ड में भी कार्य किया जा रहा है।

**जिलाभर में 21 फ्लाइंग टीमें करेंगीं निगरानी :** उपायुक्त ने बताया कि ग्रेप चार की पाबंदियों को पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने के लिए निरंतर निगरानी की जाएगी। इसके लिए विभागीय स्तर पर अधिकारियों की अगुवाई में 21 फ्लाइंग टीमें गठित की गई हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित एसडीएम अपने अपने क्षेत्र में निगरानी रखेंगे।

सभी टीमें प्रतिदिन निगरानी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने कहा कि पानी का छिडकाव कितने एरिया में किया गया। ठोस कचरा प्रबंधन के तहत आगजनी, निर्माण कार्य व अन्य ऐसे कार्य जिनकी वजह से धुल व धुआं वायुमंडल को प्रदूषित करता है।

**बैठक**

**हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि जिले के एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल में सुधार हो: उपायुक्त सिंह**

# संपादकीय

## जय भवानी' का उद्घोष कर बलिवेदी पर सो गई एक वीरांगना

**देश के** प्रथम स्वाधीनता संग्राम में झांसी राज्य की आन-बान और मयार्दा के लिए वीरांगना झलकारी बाई और उनके पति पूरन सिंह कोरी ने अंग्रेजों से युद्ध करते हुए अपना बलिदान दिया था। वह झलकारी बाई ही थीं जिन्होंने रानी को अंग्रेजों के चंगुल से सकुशल निकालने के लिए झांसी की रानी का वेश धारण कर गोरे सैनिकों से युद्ध करके उनके छक्के छुड़ा दिए। उनके बलिदान को याद किए बिना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान की स्मृति अधूरी ही रहती है।

झलकारी बाई का जन्म झांसी के पास भोजला गांव में एक कृषक परिवार में 22 नवंबर 1830 को हुआ था। पिता सदौवा सिंह और माँ जमुना देवी के घर जन्म लेने वाली झलकारी बाई की वीरता की कई कहानियां बुंदेलखंड में आज भी सुनाई जाती हैं। किसान होने के बावजूद झलकारी बाई के पिता एक वीर पुरुष थे। छोटी ही उम्र में झलकारी के सिर से माँ जमुना देवी का साया उठ गया। पिता ने बेटे की तरह उनका लालन-पालन किया। उन्होंने अपनी बेटी को घुड़सवारी तथा अस्त्र-शस्त्र संचालन सिखाए। उन्होंने झांसी की रानी की सेवा में तोपची के रूप में नियुक्त युवक पूरन सिंह कोरी के साथ झलकारी बाई का विवाह कर दिया। पूरन ने ही पहली बार रानी से झलकारी बाई को मिलवाया। रानी झलकारी बाई से पहली बार में बहुत प्रभावित हुईं और उन्हें अपनी सेना में नियुक्त कर लिया। अपनी सूझबूझ, संगठन क्षमता और अस्त्र-शस्त्र संचालन में कुशलता के चलते वह जल्दी ही रानी की विश्वास पात्र बन गई।

सेवा में नियुक्त होने के थोड़े दिन बाद ही अंग्रेज फौज ने झांसी पर घेरा डाल दिया। रानी लक्ष्मीबाई ने आपातकालीन युद्ध परिषद की बैठक बुलाई। इसी बैठक में झलकारी बाई ने रानी के सामने प्रस्ताव रखा कि दुश्मन को धोखे में डालने के लिए आपका वेश धारण करके मैं छोटी-सी टोली के साथ रहकर अंग्रेजी सेना पर आक्रमण करूं। दुश्मन मुझे रानी समझकर पकड़ने के लिए पीछा करें, तभी आप दूसरे मोर्चे से किले से निकल जाएं। रानी को झलकारी बाई की योजना बहुत पसंद आई लेकिन उन्होंने झलकारी की जान जोखिम में डालने के लिए प्रस्ताव खारिज कर दिया। झलकारी ने फिर कहा कि भारत माता को आपकी जरूरत है। मेरे रहने और न रहने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इस पर रानी लक्ष्मी बाई योजना से सहमत हुई और झलकारी को अपनी छाती से चिपका कर कहा कि जिस राज्य में झलकारी की तरह की वीर नारियां हैं, उस राज्य का दुश्मन कभी बाल बांका नहीं कर सकता। झांसी की रानी को अपने ही गद्दारों से परेशान थीं। झलकारी बाई की इस योजना को भी राज्य का एक गद्दार, अंग्रेज सैनिक को बताने जा ही रहा था कि झलकारी वहां पहुंच गईं और अपनी तलवार से उसका सिर कलम कर दिया। गद्दारों की वजह से ही अंग्रेजी सेना महलों में घुसने में सफल हुई। मजबूरी में रानी को महल छोड़ना पड़ा। तब झलकारी ने योजना के अनुसार ही अंग्रेजी सेना से मोर्चा संभाला और झांसी की रानी सुरक्षित राजकुमार को लेकर महल से निकल गईं। अंत में ब्रिटिश फौजियों द्वारा झलकारी बाई को गिरफ्तार करके कड़े पहरे में रखा गया लेकिन झलकारी बाई अवसर पाकर रात में भाग निकलने में कामयाब हो गईं।

# दि साबरमती ' के बहाने प्रशंसा के पुल



@ राकेश अचल

> एक जमाना था जब हमें और हमारी पीढ़ी को फिल्में देखने का बहुत सवार होता था । तब न टीवी था, न मोबाइल। इसलिए लोग या तो किताबें खासकर उपन्यास पढ़ते थे या फिल्में देखते थे। अब लोग न किताबें पढ़ते हैं और न फिल्में देखते हैं। अब उन्हें फिल्में दिखाई जातीं है। खुद प्रधानमंत्री जी को उनका प्रचार करना पड़ता है । फिल्मों के जरिए नेताओं को नायक और खलनायक के रूप में दिखने कि प्रथा पुरानी है। एक जमाने में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी को लेकर फिल्म ' किस्सा कुर्सी का ' का बनाई गयी थी। बाद में एक फिल्म ' आंधी ' भी आयी। किस्सा कुर्सी का बॉक्स आफिस पर हिट नहीं हुई लेकिन ' आंधी ' को गुलजार के गीत चला ले गए। ' दि कश्मीर फाइल ' हो या ' केरल फाइल ' या अब 'दि साबरमती ' ये बॉक्स आफिस पर हिट होने वाली फिल्में नहीं हैं

**आजकल** फिल्में देखने का शौक लगभग समाप्त हो गया है ,वैसे भी आजकल की फिल्में समाज का सही चित्रण कर भी नहीं पा रहीं हैं,लेकिन 15 नवमबर को जारी एकता कपूर की फिल्म ' दि साबरमती ' देखने से खुद को रोकना मेरे लिए मुश्किल था । मुझे लगा कि इस फिल्म में कहीं न कहीं महात्मा गाँधी जरूर होंगे क्योंकि उन्हें ' साबरमती का संत ' कहा जाता था ,लेकिन मेरी धारणा के विपरीत ' दि साबरमती ' में साबरमती के संत के बजाय साबरमती एक्सप्रेस का गोधरा कांड निकला। मेरी समझ में नहीं आया कि दो दशक बाद इस विषय पर फिल्मबनाने की अक्ल एकता कपूर को कहाँ से आयी ? पूरी फिल्म देखने के बाद मुझे तो लगा कि ये फिल्म भी आरएसएस और भाजपा के हिन्दू एजेंडे के तहत देश में नफरत फैलाने की एक घृणित कोशिश है ,लेकिन क्या कर सकते हैं आप ?एकता कपूर तो शायद जन्मी ही इसी काम के लिए है। पहले वे धारावाहिकों के जरिये ये काम करतीं थीं और अब फिल्मों के जरिये ये काम कर रहीं हैं। आजकल फिल्म निमार्ताओं में नेताओं के महिमा मंडन की होड़ लगी है। वे सच्चाई के नाम पर वो सब परोसना चाहते हैं जिससे समाज बंटे और कटे। फिल्म के अभिनेताओं से मुझे कोई गिला-शिकवा नहीं है । विक्रांत मैसी तो मेरे प्रिय कलाकार हैं।उनकी शक्ल-सूरत मेरे बेटे अतुल से मेल खाती है। उन्होंने फिल्म में पैसों के लिए ही काम किया होगा। कलाकार पैसों के लिए ही काम करता है। वो कोई धर्मात्मा तो नहीं है जो पहले के कलाकारों कि तरह अपने विवेक से काम ले।

भाजपा और आरएसएस का एजेंडा लेकर एकता कपूर से पहले विवेक अग्निहोत्री साहब भी दि कश्मीर फाइल ' बना ही चुके है। ये फिल्म विखंडित हो चुके जम्मू-काश्मीर में आतंकवाद और हिन्दू उत्पीड़न को लेकर बनाई गयी थी। केरल को लेकर भी ऐसी ही फिल्म बनी ,लेकिन दुर्भाग्य कि मणिपुर को लेकर ऐसी कोई फिल्म नहीं बनी,क्योंकि फिल्म निमार्ता उन विषयों पर ही फिल्म बनाते हैं जिनमें खलनायक कोई मुसलमान हो और नायक कोई मोदी या शाह।

फिल्म निमार्ताओं के उद्देश्य को लेकर ऊँगली तभी उठती है जब सत्तारूढ़ दल और उसकी सरकारों से उनके रिश्ते उजागर होते है। पहले के जमाने में इस तरह की फिल्में न बनतीं थीं और न कोई प्रधानमंत्री उनका प्रमोशन करता थ। किन्तु अब जमाना बदल गया है।

आपको याद होगा कि इससे पहले 'दि कश्मीर फाइल ' का प्रचार खुद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने किया था । फिल्म के निमार्ताओं के साथ उनकी बड़ी-बड़ी तस्वीरें छपी थीं। ' दि साबरमती ' की निमार्ता एकता कपूर को भी मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री की शाबासी मिल ही रही है। जाहिर है कि एकता कपूर ने ये फिल्म दर्शकों के लिए नहीं बल्कि मोदी और शाह के लिए बनाई है। फिल्म में जिस तरीके से इन दोनों के किरदारों को महिमा मंडित किया गया है उससे साफ जाहिर होता है कि फिल्म बनाने के पीछे इरादा क्या है ? हमारे यहां अभिव्यक्ति की आजादी है। ये आजादी भी ' सिलेक्टिव्ह ' है। किसी को है ,किसी को नहीं है। कोई नफरत फैलाने के लिए आजाद है तो किसी को मुहब्बत फैलाने की इजाजत नहीं मिलती। चूंकि ' दि साबरमती ' मोदी और शाह के महिमा मंडन के लिए बनी है इसलिए इस फिल्म का न सिर्फ मोदी और शाह समर्थन कर रहे हैं बल्कि भाजपा शासित राज्यों में इस फिल्म को कर मुक्त भी किया जा रहा है। पहले करमुक्त वे ही फिल्में होतींथीं जो राष्ट्रीयता को मुखरित करतीं थी। सद्भाव का सन्देश देतीं थीं ,लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। यदि ऐसा न होता तो केंद्र कि सरकार ने साबरमती एक्सप्रेस यानि गोधरा काण्ड पर बनी बीबीसी कि फिल्म का प्रदर्शन भारत में क्यों नहीं होने दिया था।? बीबीसी की फिल्म में मोदी और शाह नायक नहीं बल्कि खलनायक की तरह दिखाए गए थे।

एक जमाना था जब हमें और हमारी पीढ़ी को फिल्में देखने का बहुत सवार होता था । तब न टीवी था, न मोबाइल। इसलिए लोग या तो किताबें खासकर उपन्यास पढ़ते थे या फिल्में देखते थे। अब लोग न किताबें पढ़ते हैं और न फिल्में देखते हैं। अब उन्हें फिल्में दिखाई जातीं है। खुद प्रधानमंत्री जी को उनका प्रचार करना पड़ता है । फिल्मों के जरिए नेताओं को नायक और खलनायक के रूप में दिखने कि प्रथा पुरानी है। एक जमाने में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी को लेकर फिल्म ' किस्सा कुर्सी का ' का बनाई गयी थी। बाद में एक फिल्म ' आंधी ' भी आयी। किस्सा कुर्सी का बॉक्स आफिस पर हिट नहीं हुई लेकिन ' आंधी ' को गुलजार के गीत चला ले गए। ' दि कश्मीर फाइल ' हो या ' केरल फाइल ' या अब 'दि साबरमती ' ये बॉक्स आफिस पर हिट होने वाली फिल्में नहीं हैं। इन फिल्मों के दर्शक वे ही जन हैं जो मोदी भक्त हैं। उन्हें के लिए इस फिल्म को करमुक्त किया जा रहा है। भाजपा संसद सुश्री कंगना रनौत भी ' इमरजेंसी ' बनाकर बैठीं हैं। उन्हें सरकार की मर्जी के हिसाब से फिल्म बनाने में समय लगा। ये फिल्म भी इंदिरा गाँधी के मान-मर्दन के लिए बनाई गयी है। हमारे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तो सारा कामकाज छोड़कर इस फिल्म को न सिर्फ देख रहे हैं बल्कि अपने मंत्रिमंडल को भी दिखा रहे हैं। ताकि वे प्रेरणा ले सकें। सीख सकें कि दंगे कैसे कराये जाते हैं ?

' दि साबरमती ' ,में फिल्म में विक्रांत मैसी एक पत्रकार के किरदार में नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दासमोदी से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी फिल्म की तारीफ की है जिसको लेकर विक्रांत मैसी ने अपने उनका शुक्रिया अदा किया है। मैसी अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए कहते हैं कि , 'ये अनुभव अद्भुत था. सिनेमा हॉल हाउसफुल था. केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया और भाजपा सांसद मनोज तिवारी स्क्रीनिंग में शामिल हुए। फिल्म में एक डायलॉग है, ' आप सच को छिपा नहीं सकते, ये एक दिन सामने आ ही जाता है.' ये एक बहुत ही महत्वपूर्ण फिल्म है । जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई वो हमारे इतिहास का हिस्सा है।

आपको बता दूँ कि विक्रांत मैसी की केंद्रीय भूमिका वाली फिल्म ' दि साबरमती '27 फरवरी, 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित है। उस रोज गोधरा स्टेशन के पास खड़ी साबरमती एक्सप्रेस की बोगी नंबर र6 में आग लगा दी गई थी । अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू कारसेवक जिंदा जल गए थे। मरने वालों में 27 महिलाएं और 10 बच्चे भी शामिल थे। उसके बाद पूरे गुजरात में जो दंगा भड़का, वह आजाद भारत के सबसे भयावह दंगों में से एक था। माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी उस समय गुजरात के मुख?यमंत्री थे । इस दंगे के बाद ही तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयीं नेमोदी को ' राजधर्म ' निभाने की नसीहत दी थी ,जो वे आज तक नहीं निभा पाए। खासतौर पर मणिपुर के मामले में। ये फिल्म समाज में प्रेम पैदा करेगी या नफरत ये आपको तय करना है। आपको फुरसत हो तो ये फिल्म जरूर देखें। शायद आपका मन भी हकीकत से रूबरू हो जाये ? कांग्रेसी अभी इस तरह की फिल्में बनवाने में कोसों पीछे हैं। उन्हें अब तक समझ ही नहीं आया है की फिल्मों के जरिये भी राजनीतिक एजेंडे जनता के बीच परोसे जा सकते हैं।




# कविता

## ऊर्जा के दीप जलाए रखना

ऊर्जा के दीप जलाए रखना,
संकट से जीवन बचाए रखना।

समय विपरीत आतताई काल,
आत्मशक्ति ऊंची बनाए रखना'

संगी छूटे साथी छूटे और रिश्तेदार।
जीवन के संबल को बनाये रखना।

ना हो निराश,ना छुटे आत्मबल
आशाओं की डोर सजाये रखना।

अकेले हैं ऐसा कभी न सोचें ।
आस्था के दीप जलाये रखना।

आत्मबल आत्मशक्ति ईश्वरीय शक्ति।
ईश्वरीय प्रार्थना मन में संजोये रखना।

संकट को भक्ति से जीतना ही होगा।
आशाओं पर आकाश टिकाये रखना।

रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।
अपना खेवनहार ईश्वर को बनाए रखना ।

समय गुजरने में देर नहीं लगती
संकट को पैरों तले दबाए रखना।

संजीव

## ला ईलाज हो चुका 'स्मॉग प्रदूषण'

**निर्मल रानी**

**उत्तर** भारत का एक बड़ा क्षेत्र इन दिनों 'स्मॉग ' यानी जहरीले धुयें युक्त कोहरे जिसे धूम कोहरा भी कहा जाता है, की चपेट में है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जबकि 'स्मॉग ' यानी जहरीले धुयें की खबरें मीडिया में सुर्खियां बटोर रही हों। बल्कि लगभग दो दशक से यह स्थित प्रत्येक वर्ष पैदा हो रही है। हाँ इतना जरूर है कि प्रदूषण दिन प्रतिदिन और भी न केवल बढ़ता जा रहा है बल्कि और भी जहरीला भी होता जा रहा है। इसका घोर प्रदूषण युक्त वातावरण का खामियाजा हमें तरह तरह से भुगतना पड़ रहा है। कहीं विमानों की उड़ानें प्रभावित हो रही हैं तो कहीं ट्रेंस परिचालन में बाधा आने के चलते रेल गाड़ियां लेट हो रही हैं। गत दिनों खराब मौसम के कारण ही दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 15 विमानों का मार्ग बदला गया जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। सड़कों पर दुर्घटनाओं में इजाफा होने लगा है। स्वास्थ्य कारणों से बच्चों के स्कूल बंद कर दिए जाते हैं तो अस्पतालों में सांस और दमा के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। यहाँ तक कि एक स्वस्थ व्यक्ति भी ऐसे वातावरण में सांस लेने में दिक़्क़त महसूस करने लगता है। लोगों को खुजली हो रही है और आंखों में जलन व आँखों से पानी आने की शिकायतें आ रही हैं। मास्क लगाना या न लगाना दोनों ही स्थिति में लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी बढ़ते प्रदूषण की वजह से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान के लाहौर में स्मॉग यानी जहरीले धुएं की इतनी मोटी चादर बिछ गई जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देने लगी। अब खबर तो यहां तक है कि स्मॉग यानी जहरीले धुएं से पैदा होने वाले इस प्रदूषण को कम करने के लिए वहां लॉकडाउन लगाने तक की योजना बन रही है। सवाल यह है कि गत लगभग 2 दशक से निरंतर प्रदूषित होते जा रहे इस जहरीले धुएं युक्त वातावरण और अनेक माध्यमों से इनसे होने वाले आर्थिक नुक़्सान व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिये जिम्मेदार कौन है। सर्दियों की शुरूआत में हमेशा टी वी व अखबारों में यह सुर्खियां बनती हैं कि प्रदूषण का स्तर क्या है। विशेषज्ञों के अनुसार स्वच्छ हवा वाले वातावरण के लिये 50 तक अदकहोना चाहिये। 50 से कम अदक(एयर क्वालिटी इंडेक्स ) स्वास्थ्य के लिये ठीक रहता है। जबकि दिल्ली राजधानी क्षेत्र (एन सी आर ) से लेकर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ तक का एयर क्वालिटी इंडेक्स पिछले दिनों 500 के करीब पहुँच गया। सरकार से लेकर जनता तक इस अति प्रदूषित वातावरण से निजात पाने के लिये केवल प्रकृति के भरोसे बैठी हुई है कि या तो बारिश हो तो इस जहरीली हवा से निजात मिले या फिर तेज हवा इस वातावरण से निजात दिलाये। जबकि प्रदूषण से त्राहि त्राहि करती यही जनता या जनता द्वारा चुनी उसकी सरकार इस समस्या से निपटने का कोई भी कारगर उपाय ढूंढ नहीं पाती।

# विचार

## 'सेवा सुरक्षा' में बीता नायब सरकार का पहला माह

**सुशील कुमार**

**एंटी** इनकम्बेंसी को प्रो इनकम्बेंसी में बदल तीसरी बार सत्ता में लौटी हरियाणा की भाजपा सरकार का एक माह पूरा हो गया है। 'मनोहर' काल से इतर 'नायाब' राह पर अग्रसर नायब सैनी सरकार का कार्यकाल शीर्ष नेतृत्व के मान मनौव्वल से शुरू होकर संगठन और कार्य योजना विस्तार से होता हुआ सेवा सुरक्षा पर समाप्त हुआ है। सेवा सुरक्षा अपनी भी और सवा लाख कर्मचारियों की भी। मंत्रिमंडल को कार्य आवंटन के साथ कुछ ऐसे भी फैसले भी किए गए हैं,जो चर्चा में हैं। इसमें खासकर अनुसूचित जाति (एससी) के आरक्षण में वर्गीकरण,सीईटी पास को नौकरी मिलने तक दो वर्ष तक 9 हजार मासिक देना आदि, जॉब सिक्योरिटी, सौ सौ गज के प्लाट देना, आदि प्रमुख है। प्रदेश में भाजपा का यह तीसरा कार्यकाल है। पहले दो कार्यकाल मनोहरलाल के नाम रहे है। दूसरे कार्यकाल के 56 दिन नायब सैनी को मिले थे। नायब सैनी का भी यह दूसरा कार्यकाल है। प्रदेश में भाजपा काल मनोहरकाल के नाम से ज्यादा चर्चा में रहा है। इसका कारण भी यही है कि 58 साल में पहली बार पूर्ण रूप से हरियाणा में सत्ता में आई भाजपा के पहले और दूसरे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ही रहे हैं। दूसरे कार्यकाल के 56 दिनों के नायब सिंह शासन में भी मनोहर छाप साफ दिख रही थी। अब धीरे-धीरे नायब सैनी खुलकर खेलने के मूड में दिखने लगे है। चुनाव के दौरान पूर्ववर्ती भाजपा सरकार से किसानों, कर्मचारियों आदि की नाराजगी का नायब सिंह सैनी ने बखूबी महसूस किया है। इस नाराजगी को अब दूर कर अपने साथ इन्हें साधना इनकी जॉब बुक में शामिल है। सरकार गठन के बाद से मुख्यमंत्री ने चार बार शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की है। एक सामान्य कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री पद तो उन्हें प्राप्त हो गया है। अब इसे लगातार बनाए रखना किसी ' खांडे की धार ' से कम नहीं है। यो हरियाणा सै प्रधान, ये उक्ति हरियाणा के लिए ऐसे ही थोड़े है। ' झाड़ का झंझाड़ बनाना' तो इन्हें बखूबी आता ही है साथ में ' बाल की खाल खींचने' में ये माहिर हैं। राजनीति में तो ये ' गोह के जाए, सारे खुरदरे ' वाली उक्ति को चरितार्थ कर देते हैं। यहां इनके मायने तो और भी खतरनाक हो जाते हैं, जब एकजुटता हो जाए। आप ने ये कहावत भी सुनी होगी कि ऊत (बदमाश) नै ऊत गंगा जी के घाट पै टकरा ए जाया करै। सामने रखीं पकवान रूपी सत्ता की थाली का उठ जाना इतनी सहजता से विपक्ष के नहीं पच सकता। राजनैतिक जाल कभी भी बिछाया जा सकता है। इस बात को भली-भांति जान नायब सैनी मार्गदर्शन के लिए लगातार शीर्ष नेतृत्व के मान मनौव्वल में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्रित्व रूपी जॉब की सेवा सुरक्षा तो इन्हें भी चाहिए। ऐसे में अभी वे ऐसा कोई मौका किसी को नहीं देना चाहते, जिससे उनके कार्य पर सवाल उठे। सरकार के कार्यकाल की शुरूआत 17 अक्टूबर मंत्रिमंडल गठन से हुई। 19 अक्टूबर को दिल्ली दायरे के बाद मंत्रियों का विभागों का बंटवारा भी बिना किसी ना मुकर कर दिया गया। 26 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की गई । यह 17 दिन में उनकी दूसरी मुलाकात थी। इसी दौरान वे गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह , नितिन गडकरी और मनोहरलाल से भी मिले। नवंबर के दूसरे सप्ताह में 9 नवंबर को भी दिल्ली जाकर शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की। 8 दिन बाद 17 नवंबर को भी वे दिल्ली पहुंचे। देर रात दिल्ली पहुंचे नायब सैनी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इसके बाद सुबह एयरपोर्ट पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों केंद्रीय नेताओं ने उनकी हरियाणा के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। माह के दौरान 18 नवंबर को कैबिनेट की मीटिंग के अलावा चार दिवसीय विधानसभा सत्र तक का आयोजन हो चुका है। नायब सैनी शुरूआत से ही अपनी कार्यप्रणाली से चर्चा में है। प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे फरियादियों से सीएम हाउस में मुलाकात से उनकी सुबह की शुरूआत होती है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## मेरा बाबू थाना थाया क्या

**डॉ. सुरेश**

**अरे** भाई, ये 'बाबू' कहने का खेल तो एकदम मॉडर्न गर्लफ्रेंड का आविष्कार है। जब से वे हमारे जीवन में आई हैं, हमारे दिल में 'बाबू' की अद्भुत आदत डाल दी हैं। सोचिए, अगर ये मॉडर्न गर्लफ्रेंड हमारे लिए यहाँ न आती, तो हम आज तक अपनी गर्लफ्रेंडों से 'बाबू' सुनने का मजा ही नहीं ले पाते। उन्होंने हमें इस कदर प्रभावित किया कि हम तो बेताब हैं कि हमारे सिर पर 'बाबू' का ताज सज जाए। हम मॉडर्न लौंडे इस 'बाबू' का मजा लेने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। अब हर जगह 'बाबू' ही 'बाबू' सुनाई देता है, जैसे कोई नए प्रकार का भजन चल रहा हो। पुराने समय में प्रिये, जान, प्राण और न जाने-जाने किन-किन शब्दों का प्रयोग किया जाता था। किंतु आज की लड़की जब बाबू कहती है, तो उसका सुकून ही कुछ अलग है। बाबू कहने वाली सिर्फ थ, था, थि, थी, थु, थू, थे, थै, थो, थौ वाली बारहखड़ी का प्रयोग किसी तुतलाती लड़की की तरह करती हैं। गर्लफ्रेंड से थ, था की बारहखड़ी सुनने का मजा ही कुछ अलग है। है न मजे की बात! न जाने कब बाबू वाला सॉफ्टवेयर हमारे हार्डवेयर में फिट हो जाता है, पता ही नहीं चलता। आखिर, 'बाबू' तो 'बाबू' हैं। जब वह कहती हैं कि थाना थाया 'बाबू', थानी थिया 'बाबू', था-था 'बाबू', थी-थी 'बाबू', और थो-थो 'बाबू' जब देखो तब बाबू ही बाबू। 'बाबू' सुनने के बहुत सारे फायदे हैं। बाबू का जूता पाँव में पहनने वाली बेबी कभी लौंडों को अपनी बेवफाई पर क्रांति करने नहीं देतीं। इस तरह 'बाबू' बेबी के चक्कर में ऐसे फँसते जाता है, जैसे भँवरा कमल के। इसलिए जिन लौंडों को अपने बाबू होने का गुमान बनाए ?खना होता हैं, उन्हें कभी बेबी को नाराज नहीं करना चाहिए। याद रखें: सौ बला की एक बला, 'बाबू' सुना तो सब भला। यही कारण है कि कॉलेज वाली बेबी अपने प्यारे फफुंदी को 'बाबू' कहती है, इंस्टा की नचनिया अपने लट्टू को 'बाबू' कहती है, और ये चक्र चलता रहता है। मानो 'बाबू' एक सर्कस हो, जिसमें सब 'बाबू' ही बनते हैं।

## जी-20 देशों के लिए भारत बना ग्रोथ इंजन

**सुनील कुमार महला**

**ब्राजील** के रियो-द-जनेरियो में हाल ही में हुई जी20 देशों की दो दिवसीय सालाना शिखर बैठक में भुखमरी के खिलाफ एकजुटता सबसे महत्वपूर्ण पहलू रहा। महत्वपूर्ण है कि मेजबान ब्राजील की ओर से शुरू किए गए 'भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता' अभियान की पुरजोर वकालत करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिल्ली शिखर बैठक में फूड सिक्यॉरिटी के लिए अपनाए गए सिद्धांतों पर अमल का प्रयास बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 'पिछले 10 सालों में हमने 250 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। 800 मिलियन से ज्यादा लोगों को मुफ्त में खाद्यान्न दिया जा रहा है और 550 मिलियन लोग आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा है कि अब 70 साल से ज्यादा उम्र के 60 मिलियन वरिष्ठ नागरिक भी मुफ्त स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठा सकेंगे।

आज दुनिया में युद्धों के कारण खाद्य, तेल और उर्वरक संकटों का सबसे ज्यादा असर ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ा है, और इस संदर्भ में भारत ने वैश्विक मंच पर ग्लोबल साउथ की आवाज सबसे प्रभावी अंदाज में उठाई है। इतना ही नहीं, ग्लोबल गर्वनेंस, क्लाइमेट चेंज, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, वित्तीय स्थिरता, द्विपक्षीय मुद्दों पर भी व्यापक चर्चाएं हुई हैं।

साथ ही, पीएम मोदी ने 'एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य' को पहले जितना ही प्रासंगिक बताया है।

भारत ने ग्लोबल साउथ की विभिन्न चुनौतियों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखने की भी बात कही है। कहना गलत नहीं होगा कि भारत ने सतत विकास लक्ष्यों के साथ ही समावेशी विकास, महिला नेतृत्व वाले विकास और युवा शक्ति पर अपना ध्यान केंद्रित किया है और वैश्विक दक्षिण की आशाओं और आकांक्षाओं को पंख दिए हैं।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि भारत आज जी-20 देशों के लिए एक नया ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

## न्यूज फ्लैश

### विधुत मित्रा कार्ड प्रयोग कर सब्सिडी देने व रुपये गबन करने का पर्दाफश

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस ने विधुत मित्रा कार्ड प्रयोग कर सब्सिडी देने व रुपयों का गबन करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिजेंद्र उर्फ विजय निवासी गणपति कॉलोनी पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। विकास नगर पानीपत निवासी बिजेंद्र ने गत 30 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि नवंबर-2022 में बिजेंद्र नाम को युवक उसे कहने लगा कि वह हिंदुस्तान कंपनी में पूरे हरियाणा का डीलर है। वह उसे गुरूग्राम में लेकर गया। जहां एक आशु उर्फ आशीष से मिलवाया। वह खुद को डीलर बता रहा था। उसके बाद से विद्युत स्कूटर व विधुत मित्रा कार्ड का बिजनेस करने की बता कहने लगे। वहीं उसे अलग-अलग तरह का झांसा दिया। वहीं उसे सोनीपत का डीलर बनाने के नाम पर उससे चार लाख एक हजार रुपए हिंदुस्तान एनर्जी सेवर्स प्राइवेट लिमिटेड में जमा करा लिए। उसके तीन चार माह बाद ओजोन मित्रा इलेक्ट्रिक स्कूटर की डीलर शिप के लिए चार लाख एक हजार रुपये कंपनी में जाम करवाएं। वहीं स्कूटी जिसकी कीमत दो लाख एक हजार रुपये बताए। जो हर माह दस हजार रुपये सब्सिडी देने का वादा किया। साथ ही लगातार 5 वर्ष आने का वादा किया। एक फर्जी एग्रीमेंट व फर्जी चेक दिया। उसके बाद उसने लगभग 1600 लोगों ने विद्युत मित्र कार्ड लगवाए व लगभग 335 लोगों ने इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिए अपने व उनके बैंक से कंपनी के खातों में रुपये जमा करवाएं। जोकि करीब सात करोड़ से ज्यादा की राशि बनती है। उसके व ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करके राशि को गबन किया। ठगी का पता लगने पर मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अमित कुमार की टीम ने वारदात में शामिल आरोपित बिजेंद्र उर्फ विजय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जल्द वारदात में शामिल अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया जायेगा।

### नागरिक अस्पताल में मर्ज की दवा की बजाय मिल रही परेशानी

सोनीपत: जिले के नागरिक अस्पताल सोनीपत में मरीजों को मर्ज की दवा की बजाय परेशानी व धक्के मिल रहे है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ व ईएनटी की ओपीडी बंद होने के चलते सैकड़ों मरीजों को बिना उपचार के वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। हड्डी विभाग में तैनात एक चिकित्सक छुट्टी पर गया तो दूसरा चिकित्सक कोर्ट में तारीख पर चला गया। वहीं अस्पताल में मात्र एक ईएनटी चिकित्सक को प्रबंधन की तरफ से शिविर की ड्यूटी करने के लिए भेज दिया गया। जिसके चलते दोनों ओपीडी में करीब चार सौ से ज्यादा मरीज व 150 के करीब स्वास्थ्य जांच करवाने वाले आवेदकों को वापिस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही आमजन पर भारी पड़ रही है। वहीं लोगों के जहन में सरकार की छवि पर सवाल खड़े किए जा रहे है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में करीब 2200 मरीजों को ओपीडी सप्ताह के पहले तीन दिनों में दर्ज की जाती है। अस्पताल में हड्डी रोग व ईएनटी मरीजों की संख्या भी हर रोज छह सौ के करीब दर्ज की जा रही है। मंगलवार को दोनों ओपीडी में मर्ज की दवा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर घंटों लाइन में लगने के बाद चिकित्सकों के न होने का पता चला। जिससे मरीज काफी परेशान नजर आए। वहीं दोनों ओपीडी के दरवाजे मरीजों के लिए बंद नजर आए। हड्डी रोग ओपीडी में मौजूदा समय में दो चिकित्सक तैनात है। ओपीडी के गेट पर नोटिस चस्पा देख मरीज वापिस लौट गए। जिसमें एक चिकित्सक को कोर्ट में पेश होने व दूसरे चिकित्सक के छुट्टी पर जाने का नोटिस चस्पा हुआ था। वहीं ईएनटी चिकित्सक को अस्पताल प्रबंधन की तरफ से जांच शिविर में भेजा गया था। अस्पताल में प्रधान चिकित्सक अधिकारी तो जिले में नहीं परमानेंट जिला स्वास्थ्य अधिकारी- जिले के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बद से बदतर होती जा रही है। मौजूदा समय में सबसे महत्वपूर्ण पदों को अतिरिक्त पद भार देकर काम चलाया जा रहा है। नागरिक अस्पताल में प्रधान चिकित्सक अधिकारी का करीब आठ महीने से पद खाली है। उनके पदभार को नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. गिन्नी लांबा को सौंपा गया है। वहीं गत 31 अक्टूबर को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर के सेवानिवृत होने के चलते उनके पद को पानीपत के अधिकारी को सौंपा गया है। शादी में कर्मचारी, खानपुर तक लगाने पड़ रहे चक्कर- मौजूदा समय में प्रदेश सरकार द्वारा जारी नौकरी लिस्ट में आवेदक अस्पताल में अपने स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए पहुंच रहे है। जिसके लिए आवेदकों को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर तक के चक्कर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते लगाने पड़ रहे है। या आवेदकों को निजी लैब पर अपनी जेब ढीली करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

# संकल्प शिविरों से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है लाभ

## शाहबाद हल्के के गांव तंगौर और झरौली खुर्द में नवीन संकल्प शिविरों के हुए आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :** सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने नवीन संकल्प शिविरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नवीन संकल्प शिविरों के आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं को प्राप्त करने के लिए तमाम तरह की औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद की जाती है। इन शिविरों के अंतर्गत नवीन जिन्दल छात्रवृत्ति योजना की जानकारी के साथ-साथ मोबाइल मेडिकल युनिट की टीम परामर्श, दवाईयां और टेस्ट के इलावा स्वस्थ रहने के लिए खान-पान संबंधित आदतों के बारे में भी जागरूक करने का काम करती है।



नवीन संकल्प शिविरों की इस कड़ी में आज शाहबाद हल्के के तंगौर और झरौली खुर्द में शिविर आयोजित किये गये। इसके बारे विस्तृत जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। दोनों गांव में 111लोगों के कागजों में पाई त्रुटियों को दूर किया गया। शिविर में सांसद जिन्दल की ओर से आरंभ की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी लेने 10 लोग पहुंचे। इन शिविरों में 240 लोगों को डॉक्टरों ने परामर्श देकर निःशुल्क दवाईयां दी जबकि 47 लोगों के रक्त व युरिन के टेस्ट भी किये गये। इसके साथ-साथ दूसरी अन्य मोबाइल मेडिकल यूनिट ने

**लाभदायक**

**नवीन संकल्प शिविरों के आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं।**

थानेसर हल्का के गांव में 117 लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। उन्होंने बताया कि थानेसर हल्के के लोगों को सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए अब अगले नवीन संकल्प शिविर 22 नवंबर को गांव घराडसी और झिंझरपुर में आयोजित किए जायेंगे। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में काफी समय से नवीन संकल्प शिविर लगाये जा रहे हैं।

# मानव से देवता बनने की कराई जाती है पढ़ाई: सरोज



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** विश्व में सात अजूबे प्रसिद्ध हैं, परन्तु एक आठवां अजूबा भी है, वह है परमपिता परमात्मा द्वारा स्थापित इश्वरीय विश्व विद्यालय। यदि तराजू में दोनों को तोला जाए, तो आठवें अजूबे का पलड़ा भारी पड़ेगा। उपरोक्त विचार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केन्द्र की इंचार्ज ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि सारे विश्व में अनेकों विश्वविद्यालय हैं, जिनमें अनेक विषय पढ़ाए जाते हैं। इस पढ़ाई से बैरिस्टर, डाक्टर, इन्जीनियर आदि बनते हैं, परन्तु प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में मानव से देवता बनने की पढ़ाई कराई जाती है। विषय भी केवल चार हैं- ज्ञान, योग, धारणा और सेवा। पूरे विश्व में ईश्वर द्वारा स्थापित यह एकमात्र विश्व विद्यालय है, जहां कोई फीस नहीं ली जाती है। न ही कभी कोई छुट्टी होती है। यह पढ़ाई विश्व में सभी वर्गों के लिए है, बच्चे से लेकर हर आयु के स्त्री, पुरुष इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय में पढ़ रहे हैं। विश्व को एक परिवार मान कर भ्रातृत्व की शिक्षा दी जाती है।

### मकान के बाहर हवाई फायर करने व हत्या प्रयास करने का आरोप

**सोनीपत : शहर** थाना क्षेत्र के सेक्टर-23 में युवक के साढू पर उनके मकान के बाहर आकर कई हवाई फायर करने व जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। युवक का आरोप है कि गनीमत रही कि गोली उन्हें नहीं लगी। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सलीम सर माजरा निवासी संदीप ने शहर थाना पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी सुनीता व बच्चों के साथ सेक्टर-23 में किराए पर रहता है। उन्होंने बताया कि उनकी साली अंजू गांव कुमासपुर निवासी आजाद सिंह के साथ शादीशुदा है। उनकी साली व साढू में आपसी मतभेद चल रहा है।

# पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी ने बुधवार को भारतीय जीवन बीमा निगम के 9 दिसंबर के पानीपत के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया के साथ विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मुख्य सचिव ने विशेष तौर पर पार्किंग, जनसुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बात की।

मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर किसी तरह की कोर कसर नहीं बचनी चाहिए। हमारे पास बेहतरीन करने के लिए काफी समय है। हमें इस कार्यक्रम में मेहनत करके इसे सफल बनाना




है। उपायुक्त ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि हम कार्यक्रेम की सफलता को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है।

उपायुक्त ने बताया कि सैक्टर 13-17 का चयन कार्यक्रम के लिए किया गया है। स्थल का वे निरीक्षण करके जायजा ले चुके है। कार्यक्रम स्थल कार्यक्रम के दृष्टिदगत सही है। संभवतय कार्यक्रम स्थल के साथ में दो पार्किंग बनाई जाएगी जहां 1 हजार से ज्यादा बसों की व्यवस्था होगी। संभवतय अलग अलग स्थानों पर दो हैली पैड हैं। जिनका वे मुआयना कर चुके है। कार्यक्रम के दृष्टिदगत दोनों हैली पैड कार्यक्रम के अनुकूल है।

**निर्देश**

**उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया के साथ विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए**

कार्यक्रम की सफलता को लेकर वे पूरी तरह से निश्चिंत है। कार्यक्रम में प्रदेश भर से महिलाएं शिरकत करेंगी। महिलाओं के बैठने के लिए 35 हजार से ज्यादा कुर्सियों की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर शौचालय, पानी की विशेष व्यवस्था की जा रही है। सभा स्थल में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जा रही है।

### डेंगू के 12 नए मरीज तो चिकनगुनिया का एक मरीज आया सामने

**सोनीपत : जिले** में डेंगू, वायरल बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के 12 नए मरीज मिले है। वहीं गांव सेवली में चिकनगुनिया का मरीज मिला है। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में चिकनगुनिया व डेंगू के मिले मरीजों की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 423 हो गई है। वही मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र से ज्यादा मरीज सामने आ रहे है। बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। वहीं डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है।

# क्षेत्र के विकास में उद्योगों की विशेष भूमिका: उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

जिले के गांव नौल्था में अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड द्वारा ग्राइडिंग यूनिट परियोजना स्थापित करने को लेकर बुधवार को जन सुनवाई का आयोजन किया गया। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने ग्राइडिंग यूनिट परियोजना की स्थापना को लेकर ग्रामीणों के साथ मंच के माध्यम से जन सुनवाई की व इस परियोजना के संबंध में उनकी राय जानी। इसे पूर्व उपायुक्त ने कहा कि किसी बड़े प्लांट के गांव में लगने से




गांव का विकास होगा। रोजगार के अवसर बढ़ेगे व गांव की तरक्की को चार चांद लगेंगे।

उपायुक्त ने ग्रामीणों की जनसुनवाई करते हुए कहा कि जो समस्याएं वर्तमान में वे इस प्लांट की स्थापना को लेकर देख रहे है व अपनी राय दे रहे है उस पर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जाएगा। प्लांट में आने वाला रॉ मैट्रीयल ट्रकों के माध्यम से न आएं यह राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सुनिश्चित करना होगा। ग्रामीणों ने उपायुक्त के सामने प्रदूषण व तंग सडकों का हवाला देते हुए अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी।

उपायुक्त के समक्ष चार ग्रामीणों ने प्लांट के संदर्भ में अपनी राय रखी जिस पर उपायुक्त से कार्यवाही करने का अनुरोध किया। ग्रामीण रणधीर, रणवीर, दीपक ने जहां अपनी राय प्रशासन के सामने रखी वहीं सरपंच ने इस संदर्भ में ग्रामीणों के साथ बैठक करके अपना विचार प्रशासन के समक्ष रखने की बात कही। अडानी सैंटर नोर्थ के सीएमओ मुकेश ने बताया कि प्लांट में 80 प्रतिशत ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा जिसमें 15 से 20 प्रतिशत तकनीकि क्षेत्र में पढ़ाई करने वाले होंगे। प्लांट में ड्राइवरों को अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस परियोजना का क्षेत्र 9.28 हैक्टेयर है।

**जन सुनवाई**

**रॉ मैट्रीयल ट्रकों के माध्यम से न आएं यह राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सुनिश्चित करना होगा**

# आठ करोड़ से ज्यादा की ठगी करने के गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : साइबर** थाना सोनीपत पुलिस ने देश भर में आठ करोड़ से ज्यादा की ठगी करने के गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शेलेश निवासी फुल्फुर यूपी, भीम निवासी असनारा यूपी, चंचल निवासी शहाबुद्दीन यूपी, गोविद निवासी नुरूदिन्पुर यूपी, विशाल निवासी अहीरोली यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से मोबाइल फोन, चेकबुक, हजारों रुपये की नकदी व सिम बरामद किए है। आरोपितों ने देश भर में करीब 2243 शिकायतों में दर्ज 94 वारदातों को अंजाम देते हुए कुल आठ करोड 31 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वेस्ट रामनगर निवासी बलराज ने गत 1 नवंबर को साइबर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक की सोहटी शाखा में मैनेजर है। उन्होंने साइबर थाना पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को उन्होंने अपने मोबाइल में व्हाट्सएप डाउनलोड किया था। तभी किसी ने उनके मोबाइल को हैक कर लिया। 25 अक्तूबर को उनके मोबाइल पर रुपये कटने के मैसेज आने शुरू हो गए। उन्होंने मैसेज देखकर तुरंत अपने खाते को बंद करा दिया।

**शिकंजा**

**मोबाइल पर रुपये कटने के मैसेज आने शुरू हो गए। मैसेज देखकर तुरंत अपने खाते को बंद करा दिया**

### दुर्घटनाओं से बचने के लिए अधिकारी लोगों को करें जागरूक

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया के दिशानिर्देश पर एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल ने इसराना - रोहतक नेशनल हाईवे के सर्विस रोड़ का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि हमें साफ सफाई को लेकर कार्य करना चाहिए। जहां जहां सर्विस रोड़ टूटा हुआ है उसकी मुरम्मत करने के भी उन्होंने निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण कई बार घटनाएं घट जाती है इसके मददेनजर पीली पट्टी रोड़ो पर लगानी होगी।

# मधुमक्खी पालन की दी जा रही ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** बागवानी विभाग हरियाणा द्वारा आई.बी.डी.सी., रामनगर, कुरूक्षेत्र में इण्डो-इजराईल के तहत मधुमक्खी पालन प्रबन्धन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के तहत बुधवार को दूसरे दिन मधुमक्खी पालन सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से डॉ. योगेश कुमार, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, कीटविज्ञान विभाग, डॉ. मनोज कुमार, सहायक विज्ञानिक, कीटविज्ञानिक विभाग व डॉ. मनदीप राठी, कृषि विज्ञान केन्द्र, कैथल द्वारा व्यख्यान प्रस्तुत किये गये। इस दौरान



उपस्थित विशेषज्ञों ने मधुमक्खी पालन के द्वारा परागीकरण, मधुमक्खी पालन से प्राप्त होने वाले उत्पाद, गुणवत्ता नियन्त्रण व रानी मधुमक्खी गुणन तथा शहद व अन्य उत्पादों द्वारा मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर अपने अनुभव सांझा किए व प्रतिभागियों को अलग-अलग विषयों पर जानकारी प्रदान की। इस दौरान मधुमक्खियों से परागीकरण के फायदों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

प्रतिभागियों द्वारा गांव मच्छरौली स्थित मधुमक्खी अपायरी का भ्रमण किया और वहां उपस्थित किसानों से मधुमक्खी पालन सम्बन्धी गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों ने केन्द्र द्वारा संचालित उत्कृष्ट गांव योजना की प्रशंसा की तथा मधुमक्खी केन्द्र द्वारा किसानों के हित में किये जा रहे प्रयासों को अपने सम्बन्धित राज्य में अपनाने बारे भी इच्छा जताई।

**अवगत कराया**

**किसानों के हित में किये जा रहे प्रयासों को अपने सम्बन्धित राज्य में अपनाने बारे भी इच्छा जताई**

# प्रभु का नाम लेने से मिलता है कई हजार गुण लाभ: स्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने आज प्रातः श्री कृष्ण कृपा परिवार व जीओ गीता द्वारा आयोजित प्रभात फेरियों का शुभारंभ शीला नगर में डॉ. नरेश मोंगिया के निवास स्थान पर गणेश वंदना के साथ किया। सबसे पहले श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स ने गणेश वंदना गाई। इस अवसर पर गीता मनीषी ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रभात फेरी के अवसर पर अमृत बेला में लिया गया भगवान का नाम दिन भर की हलचल के बजाय हजार गुणा फलदायी होता है। उन्होंने कहा कि प्रभात फेरी में चल कर आने से शांति मिलती है और शरीर के



हर अंग को सार्थकता प्राप्त होती हैं, इसलिए प्रभात फेरी का लाभ उठाना चाहिए। अमृत बेला में लिया गया प्रभु का नाम कई हजार गुणा फलदायी होता है। गीता मनीषी ने प्रभात फेरी के आयोजक डॉ. नरेश मोंगिया परिवार को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रभात फेरी में आयोजित संकीर्तन में गीता ज्ञान संस्थानम के व्यवस्थापक राजेंद्र चोपड़ा ने मेरे घर आए आज मेरे भगवान भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी प्रकार श्री कृष्ण कृपा गोशाला के प्रधान सुनील वत्स ने सांवरे ने पकड़ा मेरा हाथ, मेरी हो गई बल्ले-बल्ले..... भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। लगभग दो घंटे तक आयोजित संकीर्तन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और राधा व कृष्ण भाव के भजनों का आनंद उठाया। इस अवसर पर शानदार आतिशबाजी भी की गई। इस प्रभात फेरी में गीता ज्ञान संस्थानम के प्रधान मंगत राम जिंदल, श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स, चेयरमैन हंसराज सिंगला, व्यवस्थापक राजेंद्र चोपड़ा, पवन भारद्वाज, रमाकांत, विजय बवेजा, नवीन भारद्वाज, धर्मपाल शर्मा, अनिल शर्मा, तरूण धमीजा, विजय नरूला, रविंद्र, रामकुमार शर्मा, दीपक आहूजा, संजय आहूजा, राजीव गाबा, डॉ. ऋषि पाल, अशोक अरोड़ा, राजकुमार मोंगिया, रदम, दिनेश, मंगत राम मैहता, राजेश ललित सहित श्री कृष्ण कृपा परिवार से जुड़े अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रभात फेरी में महिलाएं भी काफी संख्या में शामिल हुई और संकीर्तन का आनंद उठाया। श्री राजेंद्र चोपड़ा ने बताया कि गीता ज्ञान संस्थानम में गीता जयंती के अवसर पर चार से आठ दिसंबर तक आयोजित दिव्य गीता सत्संग के उपलक्ष्य में नगर के विभिन्न भागों में प्रभात फेरियां आयोजित की जा रही है।

**संकीर्तन**

**प्रभात फेरी में चल कर आने से शांति मिलती है और शरीर के हर अंग को सार्थकता प्राप्त होती हैं**

# एससी समाज के छात्रों की स्कॉलरशिप का दायरा घटा कर अच्छा नहीं किया: तिलक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**पी डब्लू डी** रेस्ट हाऊस पानीपत में गुरु रविदास विश्व महापीठ की बैठक हुई। इस बैठक में पीठ के पदाधिकारियों के साथ एस सी समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पानीपत जिले से प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किए गए तीनों नए पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस बैठक मे पीठ के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने पर विचार किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पानीपत के जिला अध्यक्ष महावीर कटारिया ने की। बैठक का सुभारंभ गुलाब शाहपुर ने आज की बैठक का



विषय समझाकर किया। बैठक में विभिन वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के अंत में निर्णय लिया गया कि जल्द ही जिले की समिति गठित की जाएगी। जिले के सभी विधायकों व अधिकारियों से संपर्क करके पीठ के कार्य और लक्ष्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।बैठक मे संजय नरवाल, राजेश पंवार,मोहित पुनिया,संकेत,महेंद्र, प्रेम रंगा, ओम प्रकाश, रमेश मोरया, कुलदीप रंगा, दिनेश कुमार, रणबीर सिंह, कृष्ण कुमार, रमेश सरोहा,सुखविंदर सिंह मुख्य रूप से उपस्थिति रहे।

## न्यूज फ्लैश

### जीआर एपी चतुर्थ-4 के प्रतिबंधित नियमों का उल्लघन करने वाले पर होगी कार्यवाही: डीसी

**पानीपत।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्देश के मद्देनजर जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने आदेश जारी किए हैं जिसके तहत पानीपत जिले में जीआरएपी के चरण – 4 के तहत प्रतिबंधों के उल्लंघन के बारे में नागरिकों को शिकायत दर्ज करने में सक्षम बनाने के लिए टोल फ्री नंबर 0180–2653850 के साथ शिकायत निवारण सेल की स्थापना की गई है। इसके लिए डीआरओ, पानीपत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और शिकायत निवारण सेल की व्यवस्था देखने के लिए भी निर्देश दिया गया है। आरओ, एचएसपीसीबी, पानीपत को पानीपत जिले में जीआरएपी के चरण – 4 के तहत प्रतिबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है।

### वायु प्रदुषण नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करे अधिकारी: डीसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की वजह से जिला की राजस्व सीमा में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के स्टेज– 4 की पाबंदिया प्रभावी हो गई है। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जीआरपी चरण प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ के तहत जारी विभिन्न निदेर्शों की सख्ती से अनुपालना के लिए जिलाधीश वीरेन्द्र कुमार दहिया ने अधिकारियों की टीमें गठित करने के आदेश जारी किए है। आदेशानुसार जिला पानीपत में टीम – प्रथम में पानीपत नगर निगम के संयुक्त आयुक्त, एचएसवीपी पानीपत के कार्यकारी अभियंता व एचएसआईआईडीसी पानीपत के वरिष्ठ प्रबंधक जिला पानीपत में मशीनीकृत रोड स्वीपिंग मशीन, ठोस अपशिष्ट का अवैध डंपिंग, खुले में ठोस अपशिष्ट को जलाना, सडकों पर पानी का छिडकाव, 500 वर्ग मीटर से कम क्षेत्र के निर्माण और विध्वंस स्थलों पर धूल नियंत्रण उपायों को लागू करना, डंप साइटों पर ठोस अपशिष्ट को उठाना, प्राप्त शिकायतों का तत्काल निवारण करेंगे।
इसी प्रकार टीम – द्वितीय में पानीपत के उप पुलिस अधीक्षक (यातायात), क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण पानीपत के सचिव व पानीपत जीएम रोडवेज भारी यातायात और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात पुलिस की तैनाती, वाहनों के पीयूसी मानदंडों की सख्त निगरानी और प्रवर्तन, सीएनजी/इलेक्ट्रिक बस और सीएनजी/ई–रिक्शा की संख्या में वृद्धि, प्राप्त शिकायतों का तत्काल निवारण करेंगे। इसी प्रकार टीम – तृतीय में जिला पानीपत के अधिकार क्षेत्र के लिए अम्बाला व सोनीपत के परियोजना निदेशक, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर), पानीपत के कार्यकारी अभियंता व कृषि एवं विपणन बोर्ड पानीपत के कार्यकारी अभियंता जिला पानीपत में राष्ट्रीय राजमार्ग और पीडब्ल्यूडी सडकों पर पानी का छिडकाव, निर्माण गतिविधियों को रोकना, सडक किनारे ठोस कचरे को हटाना, ध्वस्तीकरण कार्य, प्राप्त शिकायतों का तत्काल निवारण करेंगे।
चतुर्थ टीम में एचएसपीसीबी पानीपत के क्षेत्रीय अधिकारी, एचएसआईआईडीसी पानीपत के वरिष्ठ प्रबंधक, डीटीपी (प्रवर्तन), पानीपत व पानीपत के खनन अधिकारी अवैध ईंधन की जांच, पानीपत में 500 वर्ग मीटर से अधिक निर्माण और विध्वंस गतिविधियां, डीजी सेट के निर्देश संख्या 76 का विनियमन, उद्योगों का नियमित निरीक्षण, चरण– तृतीय और चतुर्थ के तहत सभी खनन गतिविधियों को बंद करना और प्राप्त शिकायतों का तत्काल निवारण करेंगे।
टीम – पांच में पानीपत उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), उप निदेशक, कृषि विभाग, पानीपत व पानीपत के जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी जिला पानीपत में शहरी स्थानीय निकाय के बाहर फसल अवशेष जलाना और ठोस अपशिष्ट जलाना की जांच करेंगे। टीम–छठी में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, पानीपत व जिला उद्योग केंद्र पानीपत के संयुक्त निदेशक जिला पानीपत में होटल/रेस्तरां और खुले भोजनालयों में तंदूर में ईंधन के रूप में कोयला/लकड़ी के उपयोग पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करें, केवल बिजली/गैस आधारित/स्वच्छ ईंधन आधारित उपकरणों का उपयोग करना अनिवार्य होगा।

# वेस्ट मेटिरियल से बने ग्रीन कैम्पस को देखकर दंग रह गए डीसी गुप्ता

## पार्थ गुप्ता ने जिला बाल कल्याण परिषद् व स्कूल के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की

**संदेश**

**वेस्ट मेटिरियल से सफारी फोटो बूथ, कैफेटेरिया सहित पर्यावरण को संरक्षित देने का संदेश दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** एसडी विद्या स्कूल के ग्रीन कैम्पस में अम्बाला स्वच्छ की मुहिम की तस्वीर को देखा गया। इस स्कूल के ग्रीन कैम्पस में बच्चों ने बिना पैसा खर्च किए वेस्ट मेटिरियल से सफारी फोटो बूथ, कैफेटेरिया सहित पर्यावरण को संरक्षित देने का संदेश देने वाले विषयों को तैयार किया गया। इस ग्रीन कैम्पस में बच्चों द्वारा वेस्ट मेटिरियल से बनाए गए मॉडल की उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने प्रशंसा की हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस को लेकर जिला बाल कल्याण परिषद् व स्कूल के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे। इस कार्यक्रम के उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त पार्थ गुप्ता को एसडी विद्या स्कूल के ग्रीन कैम्पस ने अपनी तरफ आकर्षित किया। इस ग्रीन कैम्पस की थीम व उद्देश्यों के बारे में स्कूल प्रिसिपल नीलइन्द्रजीत कौर संधू ने विस्तार से जानकारी दी और बताया कि ए ग्रीन स्कूल कैम्पस में बिना पैसा खर्च किए स्कूल के वेस्ट मेटिरियल से ही तमाम मॉडलों को तैयार किया गया हैं। इस ग्रीन कैम्पस में पुरानी बस को कैफेटेरिया के रूप में तबदिल किया गया है और इस कैफेटेरिया में स्कूल के फूड प्रोडक्शन के विद्यार्थियों द्वारा ही खाने पीने की वस्तुएं तैयार की जाती हैं।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्कूल के बच्चों के हुन्नर की जमकर प्रंशसा करते हुए कहा कि अम्बाला स्वच्छ की मुहिम को सफल बनाने के लिए एसडी विद्या स्कूल का कैम्पस निश्चित ही अन्य संस्थाओं को लोगों को प्रेरणा दे रहा हैं। सभी संस्थाओं को अपने-अपने स्कूलों में, घरों में वेस्ट मेटिरियल को कचरे में फैकने की बजाए उसका सदूपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ अम्बाला की मुहिम से प्रेरित होकर स्कूल भी सराहनीय कार्य कर रहा हैं। इस जिले को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए एक-एक नागरिक को अपना सहयोग देने के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, प्राईमरी विंग के डायरेक्टर अनूरूप जोहल, एसडी कॉलेज के प्रिसिंपल राजेन्द्र सिंह राणा, अभिमन्यु सहित स्कूल प्रबधंन कमेटी, एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# नाले पर लगे जाल को हटाने के लिए सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**आरटीआई** कार्यकर्ता रोहित लाहोट के नेत्रत्व में वार्ड 8 के वासियों ने नाले पर लगे जाल को हटाने के लिए पालिका अध्यक्ष अशोक कुछ्ल को ज्ञापन सौंपा दिया। उक्त जानकारी देते हुए बाल्मिकी बस्ती समालखा निवासी रोहित लाहोट ने बताया की समाज सेवा समिति वार्ड 8 में नाले में पालिका समालखा ने जाल लगा दिया है जिसकी वजह से पुरे शहर का कूड़ा कर्कट नाले के पानी के साथ बहकर जाल मे फस जाता है और पानी बैक होकर बस्ती व वार्ड 8 में बनी दुकानों के सामने जमा हो जाता है जिसकी वजह से आमजन परेशान है जिसकी शिकायत वो मोखिक रूप से कई बार पार्षद को कर चुके है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ

**मांग**

**वार्ड वासियों ने पालिका अध्यक्ष पर समस्या का समाधान कराने की उम्मीद जताई**

जिसके बाद वार्ड वासियों ने पालिका अध्यक्ष पर समस्या का समाधान कराने की उम्मीद जताई जिसके लिए उन्होंने रोहित लाहोट के नेत्रत्व में पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर 7 दिन में जाल को हटाने की मांग की है वही वार्ड वासियों ने मांग पत्र में साफ लिख दिया है यदि पालिका अध्यक्ष भी इसका समाधान नहीं करा पाए तो वार्ड वासी खुद इस जाल को उखाडकर पालिका को सौंप देंगे।

# युवक का अपहरण कर मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस ने युवक का अपहरण कर मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आर्यन निवासी आजाद नगर हिसार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव लिवासपुर निवासी अजय ने गत 7 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनके घर के सामने एक गाड़ी खड़ी थी। जिसमें चार लड़के बैठे हुए थे। जो उसकी मां से कुछ बात कर रहे थे। वह अपने प्लॉट से वापिस घर लौट रहा था। उसी दौरान चारों लड़कों ने उसे जबरदस्ती गाड़ी में डाल लिया। उसे गाड़ी में राठधाना रोड से होते हुए खरखौदा की तरफ ले गए। रास्ते में उसे थप्पड़ व घुस्सों से मारपीट कर दी। उसके बाद उसे घायल अवस्था में खरखौदा उतार दिया। किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी दी। उसने अपना उपचार करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। उप निरीक्षक ओम प्रकाश की टीम ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है।

# सनातन धर्म की मजबूती के लिए चोंटी और जनेऊ धारण करें: शास्त्री

**संकल्प लिया**

**हमारे लोभ के कारण संसार में उपभोक्तावाद को बढ़ावा मिलता हैं: महेन्द्र कुमार शास्त्री**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** वैदिक प्रवक्ता महेन्द्र कुमार शास्त्री ने कहा कि विश्व के सभी धर्मों के लोग अपनी पहचान बनाए रखने में विश्वास करते हैं लेकिन सनातन धर्म के लोग इसके प्रति जागरूक नहीं हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि हम सनातन धर्म के प्रति अपनी सच्ची आस्था रखते हैं तो हम सभी को चोंटी और जनेऊ धारण करना चाहिए जिससे सनातन धर्म को मजबूत बनाया जा सके। वे बुधवार को स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे यजुर्वेद पारायण महायज्ञ के दूसरे दिन उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में आर्यसमाजियों ने सोनीपत क्षेत्र में सनातन धर्म की मजबूती का संकल्प लिया। बुधवार को अभिषेक-अलीशा, देवेन्द्र-प्रमिला, उमेश मोर-नीलम, लक्ष्य-अन्नु तथा दीपक-ऋचा यजमान बने और वैदिक मंत्रों के साथ आहुति दी। कार्यक्रम में आर्य समाज के पूर्व प्रधान कपिल देव तथा प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। वैदिक प्रवक्ता महेन्द्र कुमार शास्त्री ने कहा कि यजुर्वेद में ज्ञान, दीघार्यु व धन-सम्पत्ति की सुरक्षा पाने के लिए प्रार्थनाएं हैं। यजुर्वेद मुख्य रूप से कर्म से जुड़ा है। इस वेद में समाज हित में किए गए सभी कामों को यज्ञ करना बताया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे लोभ के कारण संसार में उपभोक्तावाद को बढ़ावा मिलता है। इसी से एक ओर भय व आतंक पनपते हैं तो दूसरी ओर पर्यावरण प्रदूषण होता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के करने से वायु, वर्षा और जल की उत्तम शुद्धि होती है। ऐसी शुद्धि किसी दूसरे तरीके से नहीं हो सकती। इसलिए प्रतिदिन यज्ञ करके सभी प्राणियों के कल्याण की भावना रखनी चाहिए। इससे संसार के सभी रोग व दोष नष्ट हो जाएंगे। इस अवसर पर सतेन्द्र, कलावती, बबीता, नीलम, मंजू, दिनेश कुमार, दिलावर सिंह, जसवीर आदि भी मौजूद रहे।

# ग्रैप की पाबंदियों का पालन न करने वालों के खिलाफ हुई कार्रवाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जारी पाबंदियों का पालन न वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 98 लाख 73 हजार 750 रुपए का जुमार्ना लगाया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नियमों का पालन न करने वाले 13 उद्योगों को अभी तक सील किया गया है तथा 50 लाख 28 हजार 750 रुपए का पर्यावरणीय जुमार्ना लगाया गया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की टीमों द्वारा अभी तक 148 निर्माण व विश्वसं गतिविधियों की चैकिंग की गई है, जिनमें से 21 के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 48 लाख 45 हजार रुपए का पर्यावरणीय जुमार्ना किया गया है। इसके साथ ही सीएक्यूएम के निर्देश संख्या 76 के अनुसार 192 डीजी सेटों का निरीक्षण किया गया है, जिसमें अनियमितता मिलने पर 10 को सील तथा 32 को एससीएन जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि जिला में एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल में सुधार लाने व पाबंदियों को सख्ती से लागू करने के लिए जिला में जिला स्तर, उपमंडल स्तर, शहरी, ग्रामीण व औद्योगिक क्षेत्रों में निगरानी टीमें गठित करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी इसलिए ग्रेप चार के नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें।
प्रदूषण नियंत्रण व ग्रेप चार की सख्ती से पालना करवाने को लेकर मुख्य सचिव विवेक जोशी ने बुधवार को वीसी के माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा–निर्देश दिए।

**जुर्माना**

**जिला प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 98 लाख 73 हजार 750 रुपए का जुर्माना लगाया है**

# पानीपत में 9, 10 और 11 दिसंबर को धूमधाम के साथ मनेगा गीता महोत्सव

**महोत्सव**

**विभिन्न सरकारी विभागों एवं धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से यह इस महोत्सव का आयोजन किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** हर साल की तरह इस साल भी 9, 10 और 11 दिसंबर को जिला स्तरीय गीता महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में विभिन्न सरकारी विभागों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से यह इस महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डाक्टर पंकज यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन कुरूक्षेत्र की पावन भूमि पर 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिला स्तर पर यह महोत्सव 9, 10 और 11 दिसंबर को मनाया जाएगा। जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में मनाए जाने वाले इस महोत्सव के दौरान हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को दशार्ती हुई प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसमें स्वयं सहायता समूह, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, अक्षय ऊर्जा विभाग, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, समाज कल्याण, कल्याण विभाग, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आदि की स्टाल लगाई जाएंगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस बार गीता महोत्सव में सेमीनार का भी आयोजन होगा। जिसमें जिला के चुनिंदा विद्वान गीता पर आधारित अपना व्याख्यान देंगे। महोत्सव में हरियाणा लोक संस्कृति से सरोबार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# लूटने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी से रुपये व सामान लूटने की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित सूरज निवासी मदन गिरी दिल्ली को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
मथुरा निवासी गौरव ने गत 21 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका भांजा उसकी गाड़ी में सवार होकर उसके भांजे को राई विवि में छोड़ने के लिए गया था। वह नाथुपुर फ्लाईओवर से उतरा रहा था।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार देना जरूरी: पार्थ गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि देश की तरक्की के लिए बचपन से ही बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने की जरूरत हैं। इन संस्कारों से ही अच्छे नागरिक का निर्माण किया जा सकता हैं। इस कार्य को एसडी शिक्षण संस्थानों की तरफ से बखूबी किया जा रहा हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता एसडी विद्या अम्बाला छावनी स्कूल के प्रांगण में जिला बाल कल्याण परिषद्, बाल भवन, एसडी विद्या स्कूल, फैडरेशन ऑफ स्कूल वैलफेयर एसोसिएशन प्ले-वे स्कूल अम्बाला के संयुक्त तत्वाधान में इन्ट्रनेशनल बाल दिवस पर आयोजित लिटिल टोडस बाल मेला में बोल रहें थे। इससे पहले उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने परम्परानुसार हवा में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोडकर विधिवत रूप से लिटिल टोडस बाल मेले का आगाज किया। इसके उपरान्त उपायुक्त ने दीप प्रज्जवलित करके खेल कूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने मेहमानों का स्वागत करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर होने वाली तमाम गतिविधियों पर प्रकाश डाला और एसडी विद्या स्कूल प्रबन्धन कमेटी का भव्य बाल मेले का आयोजन करवाने में सहयोग करने पर आभार भी व्यक्त किया। स्कूल की प्रिसिंपल नीलइन्द्रजीत कौर संधू ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाल मेले में 6 साल तक के विद्यार्थियों को लेकर विभिन्न गतिविधियों के लिए 5 ग्रुप बनाए गए हैं।

**शिक्षा पर बल**

**इस कार्य को एसडी शिक्षण संस्थानों की तरफ से बखूबी किया जा रहा हैं: गुप्ता**

# प्रतियोगिता में बच्चों के साथ साथ शिक्षकों ने भी दिखाए जौहर




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** राजकीय उच्च विद्यालय न. 7 अंबाला शहर के परिसर में जिला स्तरीय रफ्तार प्रतियोगिता का आयोजन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें न केवल पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने बल्कि उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों ने भी अपने जौहर दिखाए।
प्रतियोगिता में खंड स्तर पर कक्षा एक से पांच तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों एवं प्रथम स्थान प्राप्त विजेता अध्यापकों ने भाग लिया। जिसमें विभागीय निदेर्शानुसार विभिन्न रोचक गतिविधियां जैसे कि धारा प्रवाह पठन , मजेदार उल्टा पठन, टंग ट्विस्टर और रिले पठन (विद्यार्थियों के लिए) तथा उपन्यास का रिले, टंग ट्विस्टर, मजेदार उल्टा गद्य पठन , लंबी कहानी /कविता के 140 शब्दों का पठन (शिक्षकों के लिए) आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों की प्रतिभागिता भी अत्यंत आकर्षक एवं उत्साहवर्धक रही। इस दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने प्रतियोगिता स्थल का निरीक्षण करते हुए निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए परिणाम को घोषित किया तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों व अध्यापक को प्रोत्साहन के रूप में प्रमाण पत्र वितरित किए। इसी प्रकार अध्यापक वर्ग में पवन कुमार, जे बी टी अध्यापक राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुनरहेड़ी (अम्बाला -2) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अगले चरण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे। इस अवसर पर बच्चों व अध्यापकों के साथ साथ बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहें ' निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रोमिला हिंदी प्राध्यापिका, अंजू हिंदी प्राध्यापिका, चरण दास संस्कृत अध्यापक, बृजमोहन हिंदी अध्यापक, इंदरपाल हिंदी अध्यापक, अनिल कुमारी हिंदी अध्यापिका, निर्मला हिंदी अध्यापिका, रूमा संस्कृत अध्यापिका, मंजू बाला हिंदी अध्यापिका, वीणा रानी हिंदी अध्यापिका, सीमा शर्मा हिंदी अध्यापिका, प्रवीन सैनी, बी०आर०पी० हिंदी, बलविंदर सिन्हा बी०आर०पी० हिंदी, हितेषिता एबीआरसी, गुनिशा एबीआरसी, रमनदीप एबीआरसी, परमजीत एबीआरसी, नेहा बोस एबीआरसी, नवनीत कौर एबीआरसी, शैली एबीआरसी, संपर्क फाउंडेशन से कुमारी पूनम तथा लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन से शान ने कार्यभार संभाला।

**प्रतिस्पर्धा**

**खंड स्तर पर कक्षा एक से पांच तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों एवं प्रथम स्थान प्राप्त विजेता अध्यापकों ने भाग लिया**

# राष्ट्रीय स्तर पर पंचक स्लोट में लक्ष्य शर्मा ने रचा इतिहास, किया अभिनंदन

**परचम**

**लक्ष्य की उपलब्धि पर राधेश्याम जांगड़ा ने खुशी जाहिर करते हुए हर्षोल्लास के साथ माला पहनाकर अभिनंदन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
जम्मू कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पंचक स्लेट 2024 प्रतियोगिता में जी.वी.एम इंटरनेशनल स्कूल,मॉडल टाउन समालखा के छात्र लक्ष्य शर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम गौरवांवित किया।
लक्ष्य की उपलब्धि पर स्कूल निदेशक राधेश्याम जांगड़ा ने खुशी जाहिर करते हुए छात्र का बड़े ही हर्षोल्लास के साथ माला पहनकर अभिनंदन किया और उसके उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए आशीर्वाद दिया वहीं स्कूल प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल व उप प्रधानाचार्या मीनाक्षी भतृर्वाल ने संपूर्ण विद्यालय स्टाफ मेंबर के साथ लक्ष्य को माला पहनकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया और निरंतर भविष्य में इसी तरह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का उद्देश्य दिया कहा मेहनत करने से ही सफलता हमारे कदम चूमती है।

# सुरक्षित वाहन पॉलिसी को लेकर स्कूल बसों का आयोग के सदस्यों ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा राज्य बाल अधिकर संरक्षण आयोग ने सुरक्षित वाहन पॉलिसी को सख्ती से लागू करने पर विशेष जोर दिया है। आयोग के सदस्य अनिल लाठर एवं श्याम शुक्ला ने जिले में सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शिक्षा सदन अम्बाला शहर में 18 नवम्बर को बैठक की जिसमें स्कूल बसों का निरीक्षण करने बारे रणनीति व दिशा निर्देश प्राप्त कर सयुंक्त टीम द्वारा स्कूलों में इंस्पेक्शन की गयी पंजाब एवं हरियाणा उच्च



न्यायालय के आदेशानुसार सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को पूरी तरह से लागू करवाने का प्रयास निरंतर जारी है। जिले के स्कूलों जिनमें निरिक्षण के दौरान टीम द्वारा प्राथमिक उपचार किट, अग्निशामक यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, महिला सहायक की नियुक्ति, जीपीएस, सीट बेल्ट और अन्य सुरक्षा मापदंडों का निरीक्षण किया गया सेसिल कान्वेंट अम्बाला कैंट की कुल 12 बसों ,सेंट जोसफ अम्बाला सिटी की 6 बसों जिनमे 1 को सीज, फादर

**बैठक**

⏩ कूल संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शिक्षा सदन अम्बाला शहर में 18 नवम्बर को बैठक की

इंटरनेशनल स्कूल 9 बसों में से 1 को सीज,पंजोखरा साहिब, माइंड ट्री स्कूल पंजोखरा साहिब 25 बसों को चेक किया गया जिनमें सभी बसों को दुरुस्त पाया गया। जिन बसों में कमियां पाई गई उनका सम्बंधित विभाग द्वारा मौके पर चालान भी किया गया। आयोग सदस्यों द्वारा स्कूलों में निरिक्षण के दौरान सुझाव पेटिका, शिक्षा के महत्व, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम जैसे विषयो पर स्कूलों में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर आरटीए अम्बाला सुशील कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्षा रंजीता सचदेवा व सदस्य खुशपाल सिंह एसएचओ ट्रैफिक जोगिन्दर सिंह, जिला फायर अधिकारी तरसेम व जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी व स्टाफ सदस्य, रोबिन सैनी व सुरिंदर कुमार मौजूद रहे आदि उपस्थित थे।

# छात्रा ने 5वीं राष्ट्रीय योगासन चौंपियनशिप में झटके दो गोल्ड मेडल

**पानीपत,(कमाल हुसैन)**

**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत की छात्रा खिलाड़ी प्रिया ने गोहाटी (असम) में आयोजित 5वें राष्ट्रीय योगासना चैंपियनशिप में दो गोल्ड मैडल जीतकर कॉलेज के लिए एक नया स्वर्णिम इतिहास लिखा और सम्पूर्ण प्रदेश में तहलका मचा दिया । प्रिया ने एक स्वर्ण पदक आर्टिस्टिक पेअर और दूसरा स्वर्ण पदक ग्रुप योग में हासिल किया । यह चैंपियनशिप 10 से 14 नवम्बर को आयोजित हुई और शानदार प्रदर्शन के आधार पर प्रिया का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए भी हो गया है । प्रिया इससे पहले भी राज्य और जिला स्तर पर योग में स्वर्ण पदक झटक चुकी है । छात्रा खिलाड़ी का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर कॉलेज प्रबंधकारिणी, प्राचार्य,



स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया । कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल और प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने प्रिया, डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रेखा, प्रो रुद्रा, प्रो आनंद, प्रो अंकुश और ग्राउंड्समैन प्रताप सिंह के प्रयासों की भूरी-भूरी सराहना की । एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि आज के समय में खेलो में भाग लेने से हमें अनेकों फायदे मिलते है। व्यक्ति का रूप और व्यक्तित्व खेलो से ही बनता और निखरता है । खेल के मैदान और मुकाबले में हर खिलाड़ी अगर लगन के साथ भाग ले तो न सिर्फ हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि परस्पर प्यार और सदभाव में भी वृद्धि होती है । माता-पिता आज भी चाहतें हैं कि उनका बेटा या बेटी खिलाड़ी की जगह डाक्टर-इंजिनियर बने परन्तु प्रिया की जीत ने खेल के महत्व को समाज में स्थापित किया है।

## न्यूज फ्लैश

## बाल श्रम कानूनी अपराध, बाल श्रम को रोकने के लिए मिलकर करना है कार्य: डीसी नेहा सिंह




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : बाल श्रम कानूनी अपराध है तथा जिले को बाल श्रम मुक्त करने के दृष्टिद्गगत हमें मिलकर कार्य करना है और ऐसे बाल श्रमिकों को समाज की मुख्य धारा में जोड?ा है, जो भी बाल श्रम नियमों की उल्लंघना करता पाया गया उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लानी है। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में बाल एवं श्रम किशोर (निषेध एवं संशोधन अधिनियम 2016) के तहत मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उपायुक्त ने मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रम विभाग व बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल श्रमिकों के लिए जो गतिविधियां एवं कार्य किए जा रहे हैं उसकी समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर ऐसे बच्चों की संख्या होती है, जैसे स्लम बस्ती या अन्य क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर बाल श्रम को रोकने बारे जागरुक करने का काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग द्वारा हैल्पलाईन नम्बर 1097 भी जारी किया हुआ है इस पर कोई भी व्यक्ति जहां पर भी 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से बाल श्रम करवा रहा हो, इसकी शिकायत इस हैल्पलाईन नम्बर पर कर सकता है। उन्होंने बैठक के दौरान यह भी कहा कि बाल श्रम की गतिविधि में संलिप्त व्यक्ति के खिलाफ 20 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक की राशि का जुमार्ना व 6 महीने की सजा का प्रावधान भी है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बैठक के तहत एजेंडे में रखे बिंदुओं पर भी विस्तार से समीक्षा की और कहा कि जहां पर भी बाल श्रम से सम्बंधित केस बनता है उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लाई जाए। उन्होंने स्पष्टद्द किया कि जिले को बाल श्रम मुक्त करना है। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी बच्चों से बाल श्रम करवाते हैं, वे नियमों की उल्लंघना न करें। यदि संलिप्तता पाई गई तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही तुरंत अमल में लाई जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वे ऐसे बच्चों का स्कूलों में पंजीकरण करवाएं ताकि ये बच्चे भी शिक्षा ग्रहण करते हुए आगे बढें.और समाज की मुख्य धारा का हिस्सा बनें। सहायक श्रम आयुक्त दलबीर सिंह ने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि बैठक के दौरान जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनकी अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी और जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्टद्द, डीएसपी अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी इंदु शर्मा, श्रम विभाग से इंस्पेक्टर सुरेश कुमार, इंस्पेक्टर पवन कुमार, एमडीडी आफ इंडिया संस्था से राम लाल के साथ-साथ अन्य सम्बंधित सदस्यगण व सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मैक्स अस्पताल शालीमार बाग ने सीओपीडी पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** विश्व सीओपीडी दिवस के अवसर पर, नई दिल्ली स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, शालीमार बाग के डॉक्टरों ने आज एक जन-जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस सत्र में क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) की समय पर पहचान, इसके प्रभावी प्रबंधन और संभावित रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, शालीमार बाग के पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ निदेशक डॉ. इंदर मोहन चुग ने बताया कि सीओपीडी, जो कि एक सामान्य, रोकथाम योग्य और उपचार योग्य पुरानी फेफड़ों की बीमारी है, विश्व स्तर पर मृत्यु के चौथे सबसे बड़े कारणों में से एक है। डॉ. इंदर मोहन चुग ने कहा कि ह्लक्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) का समय पर इलाज अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक प्रगतिशील बीमारी है, जो वायु प्रवाह को बाधित करती है और सांस लेने में कठिनाई व पुरानी खांसी जैसे लक्षण पैदा करती है।

समय पर उपचार, जीवनशैली में बदलाव, दवाएं और पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन से सीओपीडी के दैनिक जीवन पर प्रभाव को कम किया जा सकता है और श्वसन संक्रमण, हृदय संबंधी समस्याओं और यहां तक कि फेफड़ों के कैंसर जैसे जटिलताओं के जोखिम को भी कम किया जा सकता है

# हर सप्ताह होगी शिकायतों पर कार्रवाई की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे नागरिकों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध ढंग से करें। एक ही समस्या के समाधान के लिए नागरिकों को बार-बार समाधान शिविर में न आना पड़े। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर की जा रही कार्रवाई की हर सप्ताह समीक्षा की जाएगी। शिकायतों पर कार्रवाई न करने वाले संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।



बुधवार को समाधान शिविर के दौरान 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही समाधान करवाया गया। इसके अलावा 21 शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनका लाभ लेकर जरूरतमंद व्यक्ति अपना जीवन बसर आसानी से कर सकते हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर मिलना जरूरी हैं। ऐसे में अधिकारी तत्परता के साथ लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना

**शिविर**

⏩ एक ही समस्या के समाधान के लिए नागरिकों को बार-बार समाधान शिविर में न आना पड़े

सुनिश्चित करें। इसके साथ ही समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर बिना किसी विलंब के कार्रवाई करें। निर्देश दिए कि विशेष तौर पर परिवार पहचान पत्र में आय और नाम आदि त्रुटि को दुरुस्त करने से संबंधित शिकायतों का समाधान तुरंत प्रभाव से करें। मामले में की जाने वाली फिजिकल वेरिफिकेशन को समयबद्ध तरीके से किया जाए।

# सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्तियों की करें मदद: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिंगला ने यातायात के नियमों का पालन करना क्यों है जरूरी व यातायात के नियमों का पालन न करने से आमजन को होने वाली हानी के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी शहर का यातायात सुव्यवस्थित रह सके। इसके लिए यातायात नियमों का पालन करके सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि छोटी सी भी गलती हो जाने से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है। यातायात के नियमों के पालन के अभाव में किसी की भी जान जा सकती है जिसका खामियाजा परिवार के लोगों को भुगतना पड़ सकता है। इसके साथ ही यातायात के नियमों का पालन करने से ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात पायी जा सकती है। अगर आप सुरक्षित रहना चाहते हैं तो सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है।

नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना की संभावना भी कम होगी और सही सलामत आप अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच सकते हैं। विशेष कर मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

# सुप्रिया ने शास्त्रीय नृत्य-गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** मानव संसाधन विकास मंत्रालय व हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद, विद्यालय शिक्षा विभाग पंचकुला हरियाणा की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय "रंगोत्सव" प्रतियोगिता जो कि पंचकूला हरियाणा में आयोजित हुई उसमें शास्त्रीय गायन में पहला स्थान प्राप्त किया है एवं कुरुक्षेत्र जिले का नाम रोशन किया है, यहां यह बात उल्लेखनीय है कि हरियाणा



के सरकारी विद्यालयों में कार्य कर रहे अध्यापकों के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें हरियाणा के सभी जिलों से लगभग सभी अध्यापकों ने विभिन्न विधाओं में बढ़-चढ़कर व उत्साहपूर्वक भाग लिया , वर्तमान में डॉ सुप्रिया गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद कुरुक्षेत्र में संगीत प्रध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। डॉ सुप्रिया ने जिला स्तर पर दो विधाओं में भाग लिया।

# विभिन्न स्थानों पर नशे के विरुद्ध किया गया प्रचार प्रसार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिदेर्शो एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिदिन नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदन किसी न किसी जिले में नशे के विरुद्ध जागरूक कार्यक्रम करते हैं। वे साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गाँव गांव तक



नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक कर रहे हैं। आज वे कुरुक्षेत्र में नशे के विरुद्ध अभियान लेकर निकले और खेड़ी गाँव में नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया। तत्पश्चात वे पलवल डाइट पहुंचे और साथ ही कन्या महाविद्यालय में भी नशे के विरुद्ध विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज और राष्ट्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस और ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5460 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है।

## रेलवे रोड पर बालाजी सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय रेलवे रोड पर मंगलवार की रात बालाजी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ में मुख्य यजमान जियालाल निम्बेडिया व उनके पुत्र सुनील निंबेडिया व प्रदीप निंबेडिया थे। कार्यक्रम सांवरमल व मंडल संस्थापक श्री ज्ञान स्वरूप भारद्वाज के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री नारनौल द्वारा बालाजी सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया।

# छात्रों ने किया ट्रेकिंग कैंप में शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : अखिल भारतीय एनसीसी ट्रेकिंग कैंप का आयोजन 10 से 17 नवंबर 2024 तक उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती के पहाड़ी क्षेत्र में हुआ। ट्रेनिंग कैंप की जानकारी देते हुए लेफ्टिनेंट डॉ अजय जांगड़ा ने बताया कि 8-दिवसीय कैंप में 9 राज्यों से 510 कैडेट्स ने हिस्सा लिया जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख और दिल्ली के कैडेट्स शामिल थे। इस कैंप में कैडेट्स ने घने जंगलों, पहाड़ी मार्गों व भारत देश के बॉर्डर का अन्वेषण किया, जिसमें सोन पत्री



नाका, बेसई नाका, रजिया लाल, भगवान राम डैम, विभूति नाथ मंदिर, महामंगल जय धाम आदि महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया ।

यूआईईटी निदेशक प्रो सुनील ढींगरा ने बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में संस्थान के दो छात्रों सीनियर अंडर ऑफिसर शिवम जोशी और कंपनी क्वार्टर मास्टर सार्जेंट रुद्र वर्मा के गोल्ड मेडल जीतने व ट्रैकिंग कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि ट्रैकिंग के साथ- साथ शिविर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बौद्धिक प्रतियोगिताएँ जैसे निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिताएँ जैसे वॉलीबॉल और रस्साकशी, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, गायन और नाटक प्रतियोगिता शामिल थीं। कैंप में आयोजित चार अलग-अलग परीक्षाओं के आधार पर एसयूओ शिवम जोशी को राष्ट्रीय कैंप का ओवरऑल कैंप सीनियर नियुक्त किया गया। इसके साथ ही, उन्होंने इंटर डायरेक्टरेट निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर यूआईईटी और हरियाणा का नाम रोशन किया। उनकी प्रभावशाली डिब्रीफिंग के लिए उन्हें सराहना पुरस्कार (एप्रिसिएशन अवार्ड) से भी सम्मानित किया गया।

# 25 नवंबर से पिराई सत्र की होगी शुरूआत: प्रबंध निदेशक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक अभय सिंह ने बताया कि मिल का पिराई सत्र 2024-25 की शुरूआत 25 नवंबर से की जा रही है। मिल द्वारा गन्ना आपूर्ति के लिए पर्चियां जारी की जाएंगी और मिल के बाहरी गन्ना क्रय केन्द्रों पर 25 नवंबर से ही गन्ना खरीद शुरू हो जाएगी। उन्होंने किसानों का आह्वदन किया कि वे अपनी लेबर आदि का पर्याप्त प्रबंध कर गन्ना पर्चियों के अनुसार समय पर गन्ना लाएं।

उन्होंने बताया कि मिल का पिराई सत्र शुरू होने के अवसर पर मिल में सबसे पहले बुग्गी, ट्रेक्टर-ट्रैली लेकर आने वाले किसानों व गन्ने का पहला ट्रक लेकर आने वाले ट्रक चालक को मिल द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इसके साथ ही पिछले सीजन के दौरान मिल गेट व गन्ना खरीद केन्द्रों पर सबसे अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान ज्यादा से ज्यादा मिल द्वारा जारी पर्चियों पर सप्लाई करें। उन्होंने कहा कि सभी मौसमी स्थायी कर्मचारियों एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी सूचित किया जाता है कि वे पिराई सत्र 2024-25 के लिए 25 नवंबर को समय पर उपस्थित होकर अपनी ड्यूटी ज्वाईन करें।

# 'दूधवाले फार्म्स' को मिली 3 मिलियन डॉलर की फंडिंग

**टीम एक्शन इंडियआ**

**सोनीपत:** भारत के प्रीमियम डेयरी सेक्टर में अग्रणी इनोवेटर दूधवाले फार्म्स ने 3 मिलियन डॉलर के फंडिंग राउंड के सफल समापन की घोषणा की। इस राउंड का नेतृत्व एटॉमिक कैपिटल ने किया, जिसमें सिंगुलैरिटी अर्ली ऑपर्च्युनिटीज फंड एक प्रमुख सह निवेशक के रूप में शामिल हुआ। दूधवाले फार्म्स के सीईओ और सह संस्थापक अमन जे. जैन ने कहा, "यह रणनीतिक निवेश भारत के डेयरी उद्योग में क्रांति लाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस फंडिंग के साथ, हम अपनी पहुंच का विस्तार करने और भारतीय घरों तक शुद्ध, खेत-ताजा डेयरी



उत्पाद पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाने के लिए तैयार हैं।"

दरअसल अमन जे.जैन, ईशु जैन, सुधीर जैन व संजय जैन द्वारा स्थापित दूधवाले फार्म्स एक पूरी तरह से एकीकृत, प्रौद्योगिकी-संचालित डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर डेयरी और दैनिक आवश्यक वस्तुओं की कंपनी है जो प्रीमियम, खेत-ताजा उत्पादों का उत्पादन करती है और सीधे उपभोक्ताओं के दरवाजे तक पहुंचाती है। कंपनी का मिशन आत्मा को संतुष्ट करने वाला, पोषक तत्वों से भरपूर, खेत-ताजा समृद्धि वापस

**गेमचेंजर**

⏩ यह निवेश भारत के डेयरी उद्योग में क्रांति लाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है : अमन जे. जैन

लाना है जो दूध हमेशा से रहा है। आधुनिक खेतों में खुले में घूमने वाले उनके खुश मवेशियों से लेकर 36 घंटों के भीतर खेत-ताजा दूध पहुंचाने तक, हर काम शुद्धता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अमन जे.जैन ने बताया कि फंडिंग राउंड में भारत फाउंडर्स फंड और इंडिग्राम लैब्स फाउंडेशन की भी भागीदारी देखी गई। इस राउंड में भाग लेने वाले चुनिंदा एंजल निवेशकों में रमाकांत शर्मा (सह संस्थापक, लिवस्पेस), अंकित टंडन (सीबीओ, ओयो), सौरभ जैन (सीईओ, लिवस्पेस) और अर्जुन वैद्य (सह-संस्थापक, वी3 वेंचर्स) सहित अन्य उद्योग के दिग्गज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दूधवाले फार्म्स विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है और शत प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि हासिल की है । लगातार तीन वर्षों तक 'ईबीआईटीडीए' के आधार पर लगातार लाभप्रदता और गांव जैसा सफेद मक्खन, शत प्रतिशत शुद्ध दूध खोया और देसी ट्रीट सहित अभिनव उत्पादों का सफल लांच किया है।

# प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की जानकारी देने के लिए जारी किया नंबर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की सूचना देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दूरभाष नंबर 0130-2221590 जारी किया गया है। इसके अलावा नागरिक अपनी शिकायत 311 एप व समीर एप के साथ-साथ ईमेल आईडी हैं। उन्होंने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग(सीएक्यूएम) द्वारा एनसीआर के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस प्लान(ग्रेप) की संशोधित अनुसूची जारी की

**निगरानी**

⏩ एनसीआर के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए ग्रैप की संशोधित अनुसूची जारी की गई है

गई है, जिसके तहत जिला में ग्रेप चार को लागू करने के निर्देश जारी किए गए है।

उन्होंने ग्रेप चार के तहत लागू होने वाली प्रमुख कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेप चार के तहत जिला में निर्माण एवं विश्वंस गतिविधियों पर पूर्णतः रोक रहेगी, यदि कोई भी निर्माण एवं विश्वंस कार्य करता हुआ पाया गया तो उस पर तुरंत नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहरों में ठोस अपशिष्टद्द, निर्माण और विध्वंस अपशिष्टद्द और खतरनाक कचरे का नियमित रूप से उठान सुनिश्चित किया जाएगा तथा अवैध डंपिंग पर सख्त प्रतिबंध होगा। मशीनीकृत सफाई और एंटी स्मॉग गन से पानी का नियमित छिडकाव किया जाएगा तथा एकत्रित धूल का वैज्ञानिक निपटान किया जाएगा।

# नारियल फोड़ने आये विधायक संजीव झा पर लोगों का फूटा गुस्सा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड नंबर-9 स्थित वेस्ट कमल विहार में गलियों के कागजी निर्माण पर नारियल फोड़ने आए विधायक संजीव झा को लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा।

**क्या है मामला:** मामला कुछ इस प्रकार से है कि क्षेत्र में टूटी गली का उद्घाटन करने आए विधायक को देख लोग भी क्षेत्र में 6 माह से चल रहीं पीने के पानी की समस्याओं को लेकर विधायक संजीव झा से मिलने आए तो इसी बीच संजीव झा के कार्यकर्ताओं व संजीव झा को लोगों की यह बात नागवार गुज़री तो उनके कार्यकर्ताओं ने आरडब्ल्यूए के प्रधान बब्लू मिश्रा व कुछ महिलाओं के साथ गुंडा गर्दी करने पर उतारू हो गए।

**कागज़ी रूप में किया गया गलियों का उद्घाटन:** वेस्ट कमल विहार कॉलोनी के प्रधान बब्लू मिश्रा ने बताया कि हमारी कॉलोनी में लगभग 170 गलियां है जिसमें से अधिकांश टूटी-फूटी हालत में पड़ी हुई है और उन्हीं टूटी हुई गलियों का कागज़ी रूप से विधायक संजीव झा उद्घाटन करने आए थे, तो वहीं विधायक को क्षेत्र में देख वहां के स्थानीय लोग भी अपनी समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे तो विधायक व उनके कार्यकर्ताओं ने लोगों से अभद्र व्यवहार किया। तो वहीं बब्लू मिश्रा ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व भी इसी तरह से क्षेत्र स्थित गोकुलधाम सोसाइटी में भी इसी तरह से कागज़ी रूप से नारियल फोड़ उद्घाटन किया गया था चूंकि अब दो माह बीत जाने के बात भी गली का निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हो पाया है।

प्रधान बब्लू मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 6 माह से दिल्ली जल बोर्ड गटर जैसा गंदा पानी टूटियों में आ रहा है जिसकों लेकर जल बोर्ड व विधायक को लिखित में भी शिकायत की थी लेकिन न तो विधायक के कानों तले जूं रेंगी और न हीं जल बोर्ड ने समस्या की ओर ध्यान दिया। जिसके चलते लोग महंगे दामों में पानी खरीदकर पीने को मजबूर है।

**लोगों ने जमकर की नारेबाजी:** इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने सालों से चल रही बुनियादी सुविधाओं, बिजली, पानी, साफ-सफाई व टूटी हुई सड़कों लेकर विधायक संजीव झा का घेराव करते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## आजादपुर मंडी: प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने लोगों में बांटे मास्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दमघोटू प्रदूषण को देखते हुए भाजपा दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष व समाजसेवी राजकुमार भाटिया ने आजादपुर मंडी में लोगों में मास्क का वितरण किया।

इस मौके पर श्री भाटिया ने आजादपुर मंडी में आये हुए लोगों में मास्क का वितरण किया और कहा कि आजादपुर मंडी में वाहनों का आवा-गमन अधिक होता है और यहां पर अन्य इलाको से अधिक प्रदूषण भी है, जिसको देखते हुए एपीएमसी को गेट पर ही मास्क का वितरण करना चाहिए था, लेकिन प्रशासन ने यह नहीं किया। यह एपीएमसी प्रशासन की लापरवाही है। राजकुमार भाटिया ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता कई समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी जनता की समस्याओं पर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है। राजकुमार भाटिया ने कहा कि दिल्ली में दमघोटू प्रदूषण से दिल्लीवासियों का दम घूट रहा है। लेकिन ब्यानबाजी के अलावा आप सरकार दिल्ली में कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि आप राज में जिस प्रकार से बिना बाढ़ के ही दिल्ली में जगह-जगह बाढ़ जैसी का स्थिति का सामना लोगों को करना पड़ा। जगह-जगह सड़के व गलियां जलमय हो गई थी।




इस दौरान कई युवाओं व बुजुर्गों व बच्चों की जान भी चली गई। लेकिन आप पार्टी तभी भी नहीं जागी है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली सरकार के पास प्रदूषण की समस्या के समाधान को लेकर कोई योजना नहीं है। तभी तो हर साल ही दिल्ली की जनता को प्रदूषण की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

## प्रदुषण कम करने में केजरीवाल सरकार के छूटे पसीने: गजराज टांक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर में रहने वाले भाजपा नेता गजराज टांक ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के साथ सबसे प्रदूषित शहर भी है। टांक ने कहा कि अक्टूबर की शुरूआत से लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है जिस पर अरविंद केजरीवाल की रहनुमाई वाली आतिशी सरकार नियंत्रण पाने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। इसके साथ ही गैस चैंबर बनी राजधानी में स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति उत्पन्न होने के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। पिछले



10 वर्ष केजरीवाल सरकार और अब आतिशी सरकार प्रदूषण के लिए कोई सकारात्मक काम करने की बजाय प्रदूषण के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराती आई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का प्रदूषण मुक्त अभियान दिल्ली प्रदूषण मुक्त बनाऐंगे और रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ, विशेष जल छिड़काव अभियान 70 एंटी स्मॉग गन, स्मॉग टावर, धूल प्रदूषण के विरुद्ध, पानी छिड़काव अभियान कई योजनाओं को लागू करने के बावजूद दिल्ली में ग्रेप 4 लागू करने की नौबत आ गई है।

अब सवाल यह खड़ा होता है कि दिल्ली वालों के स्वास्थ के लिए और प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने पूरे साल में क्या कदम उठाए हैं।

## धूमधाम से मनाया गया वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता का जन्मदिन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता उनके निवास पर लगा रहा है। इस मौके पर बहुताय की संख्या में लोगों व धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। इस मौके पर वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि हरिशंकर गुप्ता जी बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और सभी के सुख-दुख में साथ रहते है। यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग उन्हें जन्मदिन की बधाई देने के लिए आये हुए है। इस मौके पर पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पजंलि अर्पित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज।

## लोगों का दिल जीत रही है दिल्ली न्याय यात्रा: देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ध्वजारोहण के बाद आज दिल्ली न्याय यात्रा की शुरूआत रामलीला मैदान, चिल्ला स्पोर्टस काम्पलेक्स वसुंधरा एन्कलेव से महिलाओं, वृद्धों, धार्मिक और सामाजिक संगठनों के लोगों के साथ न्याय यौद्धा दूसरे चरण के अंतिम दिन आगे बढ़े, जबकि यात्रा का समापन बद्रीनाथ पार्क, विनोद नगर पर में हुआ। यात्रा के दौरान देवेन्द्र यादव ने भगवान गणेश जी के मंदिर और गुरुद्वारे में माथा टेक कर दिल्ली वालों की उज्जवल भविष्य की कामना की। यात्रा के दौरान भगवान वाल्मीकि, संविधान निमार्ता डा. अम्बेडकर की तस्वीर और चरखा देवेन्द्र यादव को भेंट किया गया। दिल्ली न्याय यात्रा कोंडली, त्रिलोकपुरी और पटपड़गंज विधानसभा में निकाली गई, जिसमें देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, सचिव दानिश अबरार, पूर्व विधायक अमरीश गौतम, आसिफ मौहम्मद खान, पूर्व मेयर फरहाद सूरी, जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मण, दीपक भारद्वाज, प्रवीण मैसी, राजीव वर्मा सहित हजारों की संख्या में यात्री मुख्य रुप से मौजूद थे। यात्रा के दौरान जगह-जगह मंच बने हुए थे जहां रिहायशी लोगों ने देवेन्द्र यादव सहित न्याय यौद्धाओं को भव्य स्वागत किया।




दूसरे चरण में यमुनापार की 16 विधानसभाओं में यात्रा पूरी कल ली गई। 20 नवंबर, 2024, दिल्ली न्याय यात्रा अपने 13वें दिन की कोंडली विधानसभा में दिल्ली न्याय यात्रा रामलीला मैदान चिल्ला स्पोर्टस काम्पलेक्स वसुंधरा एन्कलेव, शहीद बुधराम मार्ग चौक, प्रज्ञा बुध विहार दल्लूपुरा शनि मंदिर, दल्लूपुरा गांव मोड़, कौंडली चौक, कोंडली पुल, कलयाण पुरी बस स्टैंड, डेढ़ा मार्केट खिचड़ी पुर गांव, टी-पाईंट लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, 20-21 ब्लाक कैम्प कल्याण पुरी, सुभाष मार्केट चॉद सिनेमा त्रिलोकपुरी, 10 ब्लाक बाल्मीकि मंदिर, 15 ब्लाक चौक अग्रवाल सहित कई इलाको में होते हुए और बदरीनात पार्क विनोद नगर पर यात्रा का पटपड़गंज विधानसभा में समापन हुआ।

## अभियान चला, लोगों को किया जा रहा है जागरूक : डॉ. विपिन पिव्हाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा समाज को जागरूक किया जा रहा है, कई प्रकार के अभियान फाउंडेशन की ओर से चलाये जा रहे है। जिससे की लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सके।

श्री पिव्हाल ने आगे बताया कि फाउंडेशन के द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया रहा है। उन्होंने आगे बताया कि स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता रैली, स्टेशनरी वितरण, फल वितरण और पौधारोपण अभियान सहित



कई प्रकार के अभियान वीआईपी फांउडेशन चलाता है।

डॉ. विपिन पिव्हाल ने आगे बताया कि हमारे जीवन में पौधारोपण का विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। जिससे की आपके आस-पास अधिक से अधिक पौधे लगाये जा सके।

वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें ऑक्सीजन मिलती है, वही इनसे छाया, फल और फूल सहित कई प्रकार की औषाधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधोरापण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।

## दिल्ली सरकार की सोलर योजना, पीएम सूर्य घर योजना की कापी: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की ऐसा लगता है की दिल्ली सरकार को अब एहसास होने लगा है की केन्द्र सरकार की योजनाएं दिल्ली में ना लागू करके उसने राजनीतिक आत्महत्या की है। शायद इसीलिए आज दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सूर्य घर योजना को आधार बना कर अपनी दिल्ली सोलर पॉलिसी बनाई है। सचदेवा ने कहा है की सोलर पावर आने वाले समय में विद्युत प्रकाश का सबसे बड़ा और सस्ता साधन बनेगी और सभी राज्य सरकारों को इस पर काम करना चाहिए। बेहतर होता की



दिल्ली सरकार अलग योजना बनाने के केन्द्र सरकार की सूर्य घर योजना को ही दिल्ली में लागू कर देती ताकि दिल्ली वालों को केन्द्र की विस्तृत योजना का लाभ मिलता। सचदेवा ने कहा है की हम आशा करते हैं की आतिशी मालेर्ना सरकार अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अन्य जनहितकारी योजनाओं को भी दिल्ली में लागू करेगी।



शालीमार बाग के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में पूर्व मुख्यमंत्री दिल्ली स्वर्गीय श्री मदन लाल खुराना जी की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में श्री खुराना जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य।

# ऑल-टेरेन व्हीकल होंगे तैनात

**महाकुंभ मेला क्षेत्र में कहीं भी आग लगने पर तत्काल पहुंच सकेगा अत्याधुनिक डिवाइस से लैस व्हीकल**

**प्रयागराज**

**महाकुम्भ** में पहली बार ऑल टेरेन व्हीकल तैनात किया जा रहा है। यह व्हीकल मेला क्षेत्र में कहीं भी आग की घटना होने पर चंद सेकेंड्स में घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पा सकेगा। यह फायर एस्टींगुशर समेत तमाम अत्याधुनिक फायर सेफ्टी डिवाइसेज से लैस होगा। रेत, दलदल और छिछले पानी में भी यह पूरी रफ्तार से दौड़ सकेगा। अग्निशमन विभाग के ट्रेन्ड फायरकर्मी इस पर सवार होकर पूरे मेला क्षेत्र में आपात स्थिति पर नजर रखेंगे। इसे पहली बार महाकुम्भ में उपयोग में लाया जाएगा। इसके लिए चार ऑल टेरेन व्हीकल्स प्रयागराज पहुंच चुके हैं और अग्निशमन कर्मियों को इसकी राइडिंग और उपयोग की ट्रेनिंग दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी 25 नवम्बर को इन चारों वाहनों समेत अन्य डिवाइसेज को हरी झंडी दिखा सकते हैं। इलेक्ट्रिक बैट्री से संचालित होने वाला यह वाहन



वाइसेज को हरी झंडी दिखा सकते हैं। इलेक्ट्रिक बैट्री से संचालित

### आग बुझाने की प्रभावी क्षमता

उन्होंने कहा कि इसमें नॉर्मल एस्टींगुशर के साथ एयर कम्प्रेसर और वैमपैक फायर एस्टींगुशर भी है। इसमें गन से 9 लीटर तक पानी का छिड़काव किया जा सकता है। इसमें 8 लीटर पानी और एक लीटर केमिकल होता है जो छिड़काव के बाद फोम बन जाता है। फ्लोरीन-मुक्त फोम में आग बुझाने की प्रभावी क्षमता होती है। यह आग को तेजी से बुझा सकता है। यह ज्वलनशील तरल पदार्थ की आग को भी दबा सकता है और दोबारा आग लगने से रोक सकता है।

मुख्यमंत्री योगी के सुरक्षित और हरित महाकुंभ के संकल्प को साकार करेगा। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं (यूपी फायर सर्विसेज) की ओर से मेला क्षेत्र को जीरो फायर इंसिडेंट जोन बनाने की व्यापक तैयारी की गई है।




# बिछ रहा 1249 किमी लम्बा पाइपों का जाल

**56,000 कनेक्शन से होगी मेला क्षेत्र में निर्बाध जलापूर्ति**

**यूपी जल निगम नगरीय करा रहा 40 करोड़ रू की लागत से कार्य**

**सीएम के निर्देशानुसार 30 नवम्बर तक कार्य होगा पूरा**

**प्रयागराज/**
**संगम क्षेत्र** में महाकुम्भ नगरी बसना शुरू हो गई। मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों का पालन करते हुए मेला प्राधिकरण और प्रदेश के सभी प्रमुख विभाग युद्धस्तर पर विकास कार्य में लगे हैं। पूरे मेला क्षेत्र में निर्बाध पानी सप्लाई की कार्यदायी संस्था यूपी जल निगम नगरीय 1249 किलोमीटर लम्बे पाइपों के जाल और 56,000 कनेक्शन की मदद से पूरे मेला क्षेत्र में निर्बाध पानी सप्लाई का कार्य करेगी। सन्यासियों, कल्पवासियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



### पीने के पानी की सप्लाई कार्य

**महाकुम्भ** में पूरे मेला क्षेत्र में पीने के पानी की सप्लाई का कार्य यूपी जल निगम नगरीय कर रही है। इसके लिए 25 सेक्टरों और 4000 हेक्टेअर में फैले विशाल मेला क्षेत्र में पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन का जाल बिछाने का काम शुरू हो गया है। जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता अमितराज ने बताया कि इस बार का मेला क्षेत्र पहले के कुम्भ मेला की तुलना में सबसे बड़ा है।

### भीड़भाड़ वाले इलाकों में आसान होगी पहुंच

**आग** से जुड़ी ज्यादातर बड़ी घटनाओं में कर्मियों को अक्सर भीड़भाड़ वाले इलाकों का सामना करना पड़ता है। जिससे आग बुझाने के प्रयासों में बाधा आती है। उन इलाकों में दमकल गाड़ियों को ले जाना या उनका संचालन करना मुश्किल होता है।

### 56 हजार कनेक्शन से होगी महाकुम्भ में निर्बाध जलापूर्ति

पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़कों के किनारे, अखाड़ों के शिविरों, कल्पवासियों और प्रशासन के टेंटों तक पानी के लगभग 56,000 कनेक्शन लगाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे के कनेक्शन और नल लगाने का कार्य 30 नवम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा।

# मिलावट खोरी पर स्थानीय निकायों की भी तय होगी जिम्मेदारी

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र में खाद्य वस्तुओं में किसी प्रकार की मिलावट खोरी तो नहीं हो रही है। मिलावटखोरी पर अब निकाय के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रशासनिक और निकायों से जुड़े अधिकारी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही करेंगे जिससे कि मिलावट खारी को रोका जा सके और मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने पर नाराजगी जताई है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को




अभियान चलाकर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मौजूद खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को जिलाधिकारी की नाराजगी का सामना करना पडा। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि तेल, मसालों, दूध, पनीर, घी, मिठाई आदि के नमूने अभियान चलाकर ले। जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों के अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि उनके नगर क्षेत्र में मिलावटी खाद्य पदार्थ का उपयोग नहीं हो रहा हो।

# एमवीडीए ने दो कंपनियों को बताया अवैध



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। मथुरा** वृन्दावन विकास प्राधिकरण ने दो कालोनियों को अवैध घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की है। प्राधिकरण के अधिकारियों के निर्देशन में प्रर्वतन की टीम द्वारा बुल्डोजर से अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया। कालोनी निर्माण करने वालों को नोटिस जारी किए गए हैं। मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध कालोनी विकसित करने वालों में हड़कंप मच गया है। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह के आदेश के बाद विप्रा के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सहायक अभियंता अशोक चौधरी और अवर अभियंता दिनेश गुप्ता मय पुलिसबल के साथ वृन्दावन के देवी आटस पहुंचे। यहां अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी हरे कृष्णा सूट एंड रिसॉर्ट पर कार्रवाई की। विप्रा की टीम के द्वारा कालोनी में लगाई गई बाउंड्री, बोर्ड बैनर को बुल्डोजर के माध्यम से ध्वस्त करा दिया। इसके बाद विप्रा की टीम ने सकराया रोड पर हरे कृष्ण धाम कॉलोनी की और रुख किया।

# खुलासा: अवैध संबंधों में हुई दूधिया की हत्या

**हत्योरोपी की मां से थे दूधिया के अवैध संबंध, नाराज था महिला का नाबालिग बेटा**



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** 16 नवंबर की रात को करीब साढ़े नौ बजे थाना महावन क्षेत्र में सिहोरा कारब मार्ग पर यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 115 के अंदर पास से कुछ कदम की दूरी पर दूध कारोबारी की कुल्हाड़ी से गला काट कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में मृतक के मामा और गांव गढी धनुआ के ग्राम प्रधान देवेन्द्र सिंह उर्फ भोला ने अज्ञात में थाना महावन पर अपने 25 वर्षीय भांजे पंकज पुत्र स्व. पवन मूल निवासी ग्राम करील थाना मुरसान जनपद हाथरस की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हत्या की सूचना पर एसएसपी शैलेश पांडेय सहित दूसरे आलाधिकारी भी रात में ही घटनास्थल पर पहुंच गये थे। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया था। पुलिस ने आसपास के गावों में रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और हत्या के खुलासे में जुट गई। शव से कुछ दूरी पर खेत से पुलिस ने उस कुल्हाडी को बरामद कर लिया था जिससे युवक की हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव ले जाने के दौरान बडी संख्या में एकत्रित हुए ग्रामीणों ने राया बलदेव रोड पर कारब की नहर के पुल पर जाम लगा दिया था और घटना के जल्द खुलासे का पुलिस पर दबाव बनाया था। सीओ महावन के 24 घंटे के अंदर हत्या के खुलासे के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोला था। घटना के खुलासे के लिए चार टीमों को लगाया गया था। बुधवार को घटना का थाना महावन पुलिस पुलिस ने स्वाट टीम व सर्विलांस सेल की मदद से घटना का खुलासा कर दिया। हत्यारोपी बाल अपचारी को बुधवार को पूछताछ के बाद थाना परिसर में पुलिस ने निगरानी में ले लिया। घटना में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल पल्सर नंबर यूपी 85 सीसी 6204 को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

**खुलासा**

**घटना का थाना महावन पुलिस पुलिस ने स्वाट टीम व सर्विलांस सेल की मदद से घटना का खुलासा कर दिया**

**हत्यारोपी ने पंकज को कई बार किया था मना**

थानाध्यक्ष महावन डेजी पवांर के मुताबिक मृतक पंकज अपने मामा के यहां रहकर गांव में सुबह शाम घरों से पशुओं का दूध निकलवाने जाया करता था। इसी दौरान मृतक पंकज के सम्बन्ध गांव की ही एक महिला (बाल अपचारी की मां) से हो गये। इसे लेकर बाल अपचारी अपने अंदर कुण्ठा महसूस करने लगा। जिसके सम्बन्ध में बाल अपचारी नक मृतक को उसकी मां से दूर रहने के लिए कहा गया।

पंकज के न मानने पर बाल अपचारी द्वारा आवेश में आकर समाज में अपने परिवाल की छवि धूमिल होने से बचाने के लिये पंकज की कुल्हाडी से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### रेवाड़ी में अब नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम के विशेषज्ञ जांच एवं परामर्श हेतु मिलेंगे

**रेवाड़ी।** आजकल अनुचित खानपान, अव्यवस्थित जीवन शैली, व्यायाम की कमी व अन्य कारणों के चलते लोगों में कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं बढ़ती चली जा रही हैं। ऐसे में समय रहते उचित परामर्श, जांच एवं इलाज की आवश्यकता बहुत जरूरी है। इसी को लेकर नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम के स्वास्थ्य विशेषज्ञ रेवाड़ी में मिलेंगे। रेवाड़ी में प्रत्येक दिन सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक ओपीडी का आयोजन नियमित तौर पर किया जाएगा। इस ओपीडी में विभिन्न समस्याओं से संबंधित स्वास्थ्य विशेषज्ञ रोगियों की जांच एवं परामर्श हेतु उपस्थित रहे। नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम की यह ओपीडी सिंगला डायग्नोस्टिक, गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास, सर्कुलर रोड, रेवाड़ी में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों सहित रेवाड़ी के सीएमओ डॉक्टर सुरेंद्र यादव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। 20 नवंबर को लॉन्च हुई यह ओपीडी प्रत्येक दिन सुबह 11:00 से लेकर दोपहर 01:00 तक आयोजित की जाएगी। नारायणा हॉस्पिटल गुरुग्राम के मेडिकल सुपरीटेंडेंट एवं इमरजेंसी हेड डॉ. स्वदेश कुमार, ने बताया कि, नारायणा हॉस्पिटल का उद्देश्य रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ उन्हें समय से पहले जागरूक करना भी है, इसीलिए हम विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को उचित परामर्श जांच एवं इलाज की सुविधा मुहैया कराते हैं। आजकल लोगों को कई गंभीर समस्याओं हेतु बड़े-बड़े शहरों की ओर भागना पड़ता है परंतु इन्हीं सब समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम के स्वास्थ्य विशेषज्ञ रेवाड़ी में उपस्थित रहेंगे। इस ओपीडी में प्रत्येक सोमवार को किडनी ट्रांसप्लांट एवं यूरो ओन्को, प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय बुधवार को ब्रेस्ट एंड ओन्को रेडिएशन, दूसरे और चौथे बुधवार को ओन्को मेडिसिन, तीसरे बुधवार को पेड्स गैस्ट्रो, प्रथम एवं तृतीय गुरुवार को जीएल और बैरिएट्रिक सर्जरी, दूसरे और चौथे गुरुवार को पल्मोलोजी व रेस्पिरेटरी मेडिसिन, प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय शुक्रवार को न्यूरो और स्पाइन सर्जरी, दूसरा और चौथे शुक्रवार को न्यूरोलॉजी, प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय शनिवार को ओएनसीओ सर्जरी, दूसरे और चौथे शनिवार को सीटीवीएस विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।



### एजिस वोपाक टर्मिनल्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**नोएडा ।** एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (कंपनी) की एक सहायक कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड (एवीटीएल) ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड 30 जून, 2024 तक भंडारण क्षमता के मामले में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और तरल उत्पादों के लिए टैंक स्टोरेज टर्मिनलों का सबसे बड़ा भारतीय थर्ड-पार्टी मालिक और संचालक है। (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट) आईपीओ में एवीटीएल (इक्विटी शेयर) के रु 10 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जिसकी कुल राशि 3,500 करोड़ रुपये तक है (निर्गम) और इसे अपेक्षित अनुमोदन और बाजार स्थितियों के अधीन किया जाएगा। कंपनी निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग ( ) कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के सभी या कुछ हिस्से का पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान ( ) मैंगलोर में क्रायोजेनिक एलपीजी टर्मिनल के अनुबंधित अधिग्रहण के लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण और ( ) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, बीएनपी पारिबास, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड (जिसे पहले आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

# एल्युमिनियम डाई-कास्टिंग का भविष्य आगामी एल्युकास्ट एक्सपो में प्रदर्शित किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मानेसर।** एल्युमिनियम डाई-कास्टिंग का भविष्य आगामी 10वें संस्करण एल्युकास्ट एक्सपो में प्रदर्शित किया जाएगा। यह एक व्यापक द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी है, जो डाई कास्टिंग प्रौद्योगिकी पर केंद्रित है, जहां उद्योग के प्रमुख, नवप्रवर्तक और निमार्ता नवीनतम तकनीकी उन्नत उत्पादों, सामग्रियों, उपकरणों और उपभोक्ता सामग्री का अनावरण करेंगे। एल्युकास्ट द्वारा आयोजित और न्यूर्नबर्गमेस्से इंडिया द्वारा प्रस्तुत इस मेगा एक्सपो का आयोजन 5 से 7 दिसंबर 2024 तक यशोभूमि, भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केंद्र, द्वारका, दिल्ली में होगा। यह प्रदर्शनी, जो भारत में अब तक का सबसे बड़ा उद्योग मंच है, 200 प्रदर्शकों और 300 से अधिक ब्रांडों की मेजबानी करेगी, जो थाईलैंड, जर्मनी, अमेरिका, स्पेन, इटली, ऑस्ट्रिया, जापान, चीन और फ्रांस जैसे देशों से आएंगे। इस आयोजन में 20+ देशों से 7000 से अधिक उद्योग के पेशेवरों के भाग लेने की उम्मीद है। सोनिया पराशर, प्रबंध निदेशक, न्यूर्नबर्गमेस्से इंडिया ने कहा, एल्युकास्ट 2024 उद्योग के मानकों को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है, और उद्योग से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।

ऑटो उद्योग के अलावा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और विद्युत उपकरण जैसे क्षेत्रों में संभावित वृद्धि एल्युमिनियम डाई कास्टिंग को भारत के मैन्युफैक्चरिंग भविष्य की आधारशिला बना रही है। नवाचार और व्यापार वृद्धि के प्रति प्रतिबद्ध, हम सभी हितधारकों का स्वागत करते हैं ताकि वे इस परिवर्तनकारी घटना में भाग लें।

# शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। कलेक्ट्रेट** सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व प्रशासन, राजस्व कार्यों, राजस्व वादों, आइ.जी.आर.एस, मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार सहित सभी उप जिलाधिकारी और तहसीलदारों के साथ राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा की, जिसमें सभी को प्रत्येक दशा में शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी को अपनी अपनी कोर्ट में बैठने, समयंतर्गत वादों के निस्तारण तथा पुराने प्रकरण को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। अपनी अपनी तहसीलों में वकीलों से समन्वय स्थापित करते हुए अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराएं, लोगों को न्याय दिलाएं तथा सरकारी कार्यों को ससमय पूर्ण करें। जाति, निवास, आय, हैसियत आदि प्रमाण पत्रों को समय पर बनाएं, जिससे आम जनमानस को समस्या न हो। राजस्व वादों के अधिकाधिक निस्तारण तथा धारा 24, 34 , 80 तथा 116 के मामलों की समयबद्धता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली करने वाले अधिकारियों को अपने कार्यों में तेजी लाने, भविष्य में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलों से जारी आरसी का शत प्रतिशत वसूली कराना सभी उपजिलाधिकारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली के संबंध में सभी अधिकारियों से कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में जारी हुई आरसी का मिलान करें तथा कर्मचारी लगाकर उक्त कार्यों को तेजी से निस्तारण कराए। सभी उप जिलाधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में व्यापारियों के साथ बैठक कर लक्ष्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। राजस्व प्राप्त करने वाले विभाग के अधिकारियों से कहा कि विगत वर्ष के लक्ष्य के सापेक्ष 10 प्रतिशत बढ़ाते हुए राजस्व वसूली की जाए।



# सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा :** भारत में सबसे तेजी से बढ़ती मॉड्यूल निर्माण कंपनियों में से एक और खुद को भारत के सौर ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने वाली (स्रोतः क्रिसिल रिपोर्ट) कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 2) की पेशकश के माध्यम से कुल रु11,500 मिलियन (रु 1150 करोड़) तक के फंड जुटाने की योजना बनाई है।

इस प्रस्ताव में कुल रु 8500 मिलियन (रु 850 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू ('ताजा निर्गम') और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल रु3000 मिलियन (रु300 करोड़) तक का बिक्री प्रस्ताव ('बिक्री प्रस्ताव') शामिल है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# अंतिम चरण में भी डीएपी के लिए मारामारी

**घंटों लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिल पा रहा खाद**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: चौमुहां** में दो कृषि केंद्र होने के बावजूद भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। चौमुहां क्षेत्र के आधा दर्जन गांव के किसानों के सामने इस वक्त डीएपी व एनपीके की किल्लत बनी हुई है। घंटो लाइन में लगने के बाद भी डीएपी व एनपीके न मिलने पर किसान मायूस होकर घर लौट जाते हैं। समिति व संघ के अधिकारी कर्मचारियों पर अपने चहेतों को खाद्य वितरण का आरोप लगा रहे हैं।

चौमुहां में क्षेत्रीय सहकारी समिति व क्षेत्रीय सहकारी संघ पर भरपूर मात्रा में खाद की आपूर्ति न होने से किसान परेशान हैं। चौमुंहा, तरौली, अकबरपुर, सिहाना , कौंकेरा, पिल्होरा, नौगांव आदि गांव के किसान चौमुंहा केंद्र पर खाद के लिए आते हैं। खाद वितरण की सूचना के बाद किसान सुबह 6 बजे से लाइन लगाकर संघ व समिति के बाहर बैठ जाते हैं। ऐसे में कुछ किसानों को तो खाद्य मिल जाता हैं तो वहीं अन्य किसान खाली हाथ घर के लिए मायूस होकर लौटते हैं। बुधवार को क्षेत्रीय सहकारी समिति व क्षेत्रीय सहकारी संघ पर खाद वितरण किया गया। केंद्र के बाहर खाद लेने के लिए सुबह से ही सैकड़ों लोगों ने अपने खतौनी आधार कार्ड केंद्र पर जमा करा दिए। चौमुंहा किसान ओमप्रकाश सिसोदिया ने बताया कि उन्हें गेहूं की बुवाई करनी है। उन्हे खाद नहीं मिला है।




क्षेत्रीय सहकारी समिति पर भरपूर मात्रा में खाद न होना किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। आझई निवासी अमित सिंह ने बताया कि संघ व समिति पर अधिकारी व कर्मचारी अपने चहेतों को भरपूर मात्रा में खाद की पूर्ति करा देते हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 21 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# धूमधाम से मनाया गया 'प्रगति एसोसिएट्स' का सिल्वर जुबली समारोह













**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली और हरियाणा के प्रॉपर्टी व्यवसाय में एक बड़ा नाम बन चुके **'प्रगति एसोसिएट्स'** ने सफलतापूर्वक अपने 25 साल पूरे कर लिये हैं। इस मौके पर **"प्रगति एसोसिएट्स"** ने अपने सिल्वर जुबली कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। 29-30 माइलस्टोन, जीटी करनाल रोड़, कुडली हरियाणा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दूर-दूर से प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े संभ्रांत लोग **"प्रगति एसोसिएट्स"** के पदाधिकारियों को बधाई देने और भविष्य के लिए अपनी शुभेच्छा देने पहुँचे।

**हवन-यज्ञ से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ :** इस विशेष कार्यक्रम की शुरूआत हवन-यज्ञ से हुई। जहां यजमान के तौर पर पूर्व विधायक नीलदमन खत्री सहित सभी पार्टनर्स अपने पूरे परिवार के साथ हवन-यज्ञ में शामिल हुए। हर कोई इस मौके पर ईश्वर की साधना में लीन नजर आ रहा था। इस दौरान "प्रगति एसोसिएट्स" के संस्थापक सदस्य नीलदमन खत्री, सतीश गर्ग, सुरेंद्र गर्ग, अनिल गुप्ता, जर्नादन गोयल, सुरेश गुप्ता अपने पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे।



**प्रॉपर्टी के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है "प्रगति एसोसिएट्स":** इस खास मौके पर नीलदमन खत्री ने बताया कि 25 वर्ष पूर्व बाहरी दिल्ली में संपत्ति से संबंधित एक प्रॉपर्टी कंसलटेंट की जरूरत महसूस की गई थी। इस जरूरत को ध्यान में रखकर हमने 25 वर्ष पूर्व **'प्रगति एसोसिएट्स'** की नींव रखीं थी। 25 वर्षों में सभी के सार्थक प्रयास, लगन और मेहनत से **"प्रगति एसोसिएट्स"** निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

नीलदमन खत्री ने कहा कि संपत्ति से संबंधित कार्यों में विश्वास की बहुत जरूरत होती है। खरीदार और प्रॉपर्टी डीलर के बीच विश्वास को तहजीह दी जाती है। इस मानक पर "प्रगति एसोसिएट्स" पिछले 25 वर्षों में पूरी तरह खरा उतरा है। इसी का नतीजा है कि आज बाहरी दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा से लोग प्लॉट, फॉर्म हाऊस इत्यादि खरीदने के लिये पहली पसंद "प्रगति एसोसिएट्स" को ही मानते हैं।

**अतिथियों का किया गया भव्य अभिनंदन:** सुबह-हवन यज्ञ हुआ वहीं शाम को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां पिछले 25 वर्षों से **"प्रगति एसोसिएट्स"** से जुड़े हुए ग्राहकों का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र की सामाजिक- धार्मिक-राजनीतिक हस्तियों की मौजदूगी रही। सभी ने "प्रगति एसोसिएट्स" के कार्यों को खूब सराहा और बधाई के साथ-साथ भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।


















## ...तो दुनिया की कोई ताकत हमें कमजोर नहीं कर सकती: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में सुग्रीव किले के भव्य श्री राजगोपुरम द्वार का अनावरण किया। इस अवसर पर देशभर से आए साधु-संतों को संबोधित करते हुए उन्होंने अयोध्या की पौराणिक और ऐतिहासिक महत्ता की चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर के निर्माण और सनातन धर्म की एकता पर बल देते हुए कहा कि जो काम 500 साल से रुका हुआ था, जिसके लिए न जाने कितनी पीढ़ियां बलिदान हो गईं, वो केवल सनातनियों के एकजुट होने मात्र पर मोदी जी के नेतृत्व में दो वर्ष में ही पूरा हो गया। अगर 500 साल पहले हमने एकता दिखाई होती, तो गुलामी का सामना नहीं करना पड़ता।



**...तो दुनिया की कोई ताकत हमें कमजोर नहीं कर सकती**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी स्मृतियां हमें समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं। जब भी हम एकता का परिचय देंगे, तो दुनिया की कोई ताकत हमें कमजोर नहीं कर सकेगी। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण को पीढ़ियों के संघर्ष का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि 500 साल का लंबा इंतजार समाप्त हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान करने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों की एकता को इस सफलता का आधार बताया।

**एकजुट रहे**

▶▶ **हमारी स्मृतियां हमें समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं : सीएम योगी**

**सीएम ने की समाज को बिखराव से बचने की अपील**

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में धर्म और समाज को कमजोर करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या जो समाज और राष्ट्र को कमजोर करती हो, हमें उससे खुद को अलग करना होगा। ऐसे तत्वों को बेनकाब कर समाज से अलग-थलग करना धर्म का कार्य होना चाहिए।

## अयोध्या नगर निगम की मशीनरी हुई 'स्मार्ट', सफाई मशीन की मिली सौगात

**टीम एक्शन इडिया**

**अयोध्या:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या नगर निगम दिन दूना रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। बुधवार को खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम में पहुंची करोड़ों की लागत की मैकेनाइज्ड व स्वीपिंग मशीनों वाली 25 वाहनों की सौगात अयोध्यावासियों को दी। उन्होंने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या धाम में रामकथा पार्क के निकट लोकार्पण कार्यक्रम के समय महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक राम चन्द्र यादव मौजूद रहे। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं।

**सफाई पर बल**

▶▶ **आदित्यनाथ ने करोड़ों की लागत की मैकेनाइज्ड व स्वीपिंग मशीनों वाली 25 वाहनों की सौगात दी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं कि अयोध्या नगरी पहुंचने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार का कष्ट नहीं होना चाहिए। उन्होंने यहां की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने का निर्देश दिया था। इसे देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन वाहनों की खरीद हुई है।